भोपाल

सोमवार, 9 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-08

वर्ष : 12, अंक : 310

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 26

न्यून. 14

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

कृषि, उद्योग के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा मप्र

'ट्रेड डील' में किसानों के हितों को रखा सबसे ऊपरः मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान लगातार बढ़ रहा है। भारत वैश्विक मंच पर प्रमुख आर्थिक शक्ति बन कर उभर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से हुए समझौते में किसानों के हितों को सबसे ऊपर रखा है। केंद्र हो या राज्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

अमेरिका से व्यापार समझौते पर बोले पीयूष गोयल

भारत 5 साल में यूएस से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में 'सक्षम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत व्यापार समझौतों में ताकत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने हालिया अमेरिकी व्यापार समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि भारत अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीद सकता है, जो अभी वह दुनिया के अन्य देशों से लेता है। उन्होंने इसे बहुत ही सुरक्षित बताया, क्योंकि उनका मानना है कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था अगले पांच साल में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की मांग पैदा करेगी। भारत अगले पांच साल में ऊर्जा उत्पाद, विमान और पार्ट्स, कीमती धातु, तकनीकी उत्पाद और कोकिंग कोयला अमेरिका से ▶▶ शेष पेज 6 पर

» *अमेरिकी बाजार किसानों को अधिक मूल्य देगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा*

» *किसानों को नई निर्यात संभावनाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें बेहतर दाम और लाभ मिलेगा*

भारत बनेगा 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

उन्होंने कहा कि आज हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन 2047 तक यह बढ़कर 30-35 ट्रिलियन डॉलर होगी, जब हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। यही भारत का आत्मविश्वास है। इस वृद्धि का अवसर हम अपने व्यापारिक साझेदारों को पेश कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि भारत पहले ही कृषि और मत्स्य उत्पादों का 55 अरब डॉलर का निर्यात कर रहा है। गोयल ▶▶ शेष पेज 6 पर

अमेरिका से व्यापार समझौते पर बोले शिवराज सिंह

भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं, किसान व कृषि पूरी तरह सुरक्षित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच हुई ट्रेड डील के बाद विपक्ष वेंटिलेटर पर चला गया है। विपक्ष को आशंका थी कि डील के बाद शोर-शराबा करने का मौका मिलेगा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के चलते उसकी मंसूबों पर पानी फिर गया। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि और किसान की सारी चिंताओं का समाधान इस ट्रेड डील में किया गया है। डील से भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं है। किसान और कृषि पूरी तरह सुरक्षित है। चौहान ▶▶ शेष पेज 6 पर

» *अमेरिका ट्रेड डील से वेंटिलेटर पर चला गया विपक्ष*

» *हमारे प्रमुख अनाज सब के सब सुरक्षित रहेंगे*

बटर, ऑयल, पनीर, चीज को भारत में एंट्री नहीं

शिवराज सिंह चौहान

चौहान ने कहा कि बटर, ऑयल, पनीर, चीज को भारत में एंट्री नहीं मिलेगी। कृषि और डेयरी उत्पादों के अलावा इस लिस्ट में कई मसाले भी सम्मिलित हैं। भारत अमेरिका से काली मिर्च, लौंग, सूखी हरी मिर्च, दालचीनी और अन्य पाउडर मसाले नहीं मंगवाएगा। भारतीय किसानों के कई कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किया जाएगा लेकिन अमेरिकी किसानों के कृषि उत्पादन को भारतीय बाजार में यह छूट नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इस तरह भारत के कृषि और डेयरी के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

माना जाता है कि संघ में 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा

संघ प्रमुख बोले- मैं 75 साल का, संघ कहे तो 'पद' छोड़ने के लिए तैयार हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में कहा कि संघ ने उन्हें उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा है। लेकिन अगर संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। संघ अपने स्वयंसेवकों से आखिरी बूंद तक काम लेता है।

संघ के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई, जब किसी को जबरन रिटायर करना पड़ा हो। डॉ. भागवत ने कहा कि आरएसएस चीफ पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता। क्षेत्रीय और संभागीय प्रमुख ही नियुक्ति करते हैं। आमतौर पर कहा जाता है कि 75 साल की उम्र के बाद बिना किसी पद के काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं 75 साल का हो गया हूं और आरएसएस को इसका पता है। जब भी आरएसएस पद छोड़ने को कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से रिटायरमेंट नहीं लूंगा। डॉ. भागवत ने कहा कि उनके 75 साल पूरे होने पर उन्होंने संघ कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्ति लेने की इच्छा जताई थी, लेकिन कार्यकर्ताओं ने कहा कि आप तो घूम रहे हैं, काम करते रहिए। संघ में उनका रहना या न रहना उनका व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि संघ की इच्छा है। उन्होंने कहा कि संघ का काम जीवन भर चलता है, चाहे व्यक्ति जिम्मेदारी से मुक्त हो जाए।

डॉ. भागवत ने कहा कि संघ अपने स्वयंसेवकों से आखिरी बूंद तक काम लेता है। संघ के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई, जब किसी को जबरन रिटायर करना पड़ा हो

डॉ. मोहन भागवत ने कहा- लेकिन, संगठन ने मुझे पद पर रहकर काम जारी रखने को कहा है

डॉ. मोहन भागवत

» *मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से रिटायरमेंट नहीं लूंगा*

» *संघ में 75 साल बाद बिना जिम्मेदारी काम करना चाहिए*

किसी भी जाति का व्यक्ति बन सकता है संघ प्रमुख

डॉ. भागवत ने कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला शख्स हमेशा हिंदू ही होगा, फिर चाहे उसकी जाति कुछ भी हो। सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है, जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक बनता है। आरएसएस का यह शीर्षतम पद बेहतर से बेहतर उम्मीदवार को ही मिलता है।

और, क्या बोले संघ प्रमुख?

- संघ ने पहले से तय किया कि संपूर्ण समाज को संगठित करने के अलावा संघ को और कोई दूसरा काम नहीं करना है
- आरएसएस में अंग्रेजी नहीं, लेकिन जहां अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जाएगा, हमें इससे कोई परहेज नहीं है
- समान नागरिक संहिता पर सबकी राय ली जा सकती है
- आरएसएस भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कानूनों और विधानों के पक्ष ▶▶ शेष पेज 6 पर

मंत्री शाह ने चौथी बार माफी मांगी

विजय शाह केस में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई, सरकार रखेगी पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नल सोफिया पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में मंत्री शाह के खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही किए जाने के मामले में निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल इसको लेकर दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात कर चुके हैं और सरकार ने बचाव के लिए रणनीति भी तैयार कर ली है। इस बीच परिस्थितियों को देखते हुए मंत्री विजय शाह चौथी बार माफी भी मांग चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ सीनियर वकीलों से भी इस मामले में सलाह ली गई

वर्चस्व को लेकर लंबे वक्त से रंजिश

युवा मोर्चा नेता ने युवकों के सिर फोड़े... स्कॉर्पियो तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के राऊ इलाके में रविवार सुबह भाजपा युवा मोर्चा के एक पदाधिकारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने न केवल युवकों के साथ मारपीट की, बल्कि उनकी स्कॉर्पियो कार के कांच भी चकनाचूर कर दिए। घायल युवकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हमलावर की पहचान भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष वेदांत तिवारी के रूप में हुई है। पीड़ित प्रखर शर्मा और नयन बाफना (सुदामा नगर) सुबह कैट रोड स्थित एक कैफे से चाय पीकर अपनी स्कॉर्पियो से लौट रहे थे। इसी दौरान वेदांत ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ थाने पर हंगामे के बाद की गई एफआईआर

यूट्यूबर ने भरे बाजार की बदसलूकी

महिला के बाल पकड़े, जमीन पर पटका, लकड़ी से भी पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

सीधी में महिला से बदसलूकी और मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। आरोपी की पहचान संतोष पाठक के रूप में हुई है, जो यूट्यूब चैनल चलाता है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सीधी के बहरी बाजार इलाके में रविवार की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह गुमठी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। कुछ दिन पहले संतोष पाठक ने रात में उसकी गुमठी और ठेला उठवाकर गायब करा दिया था। पीड़िता ने मामले में बहरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रविवार सुबह करीब 10 बजे बाजार में ही दोनों पक्षों के ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ पुलिस यही बोल रही- जांच करेंगे

MSN माता श्री नेत्रालय

1984 से निरंतर सेवा...

मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान

माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...

नेत्र सेवा में विश्वास

डॉ. पी.एस. बिन्द्रा

M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.

डॉ. प्रीति बिन्द्रा — M.B.B.S., M.S., FCRS — लेजर विशेषज्ञ

डॉ. चाहवीर बिन्द्रा — M.B.B.S., M.S., FRVS — रेटिना विशेषज्ञ

जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल

समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)

फोन : 0755-2562222, 2562233

मो.: 9826084896

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

दो दिन बाद प्रदेश में दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, भोपाल में भी छाएंगे बादल

कटनी सबसे ठंडा, रात का पारा 5.6 डिग्री पर, भोपाल में 10.4 डिग्री दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मामूली घट-बढ़ के साथ दिन और रात का पारा थमा रहा। अगले दो दिन प्रदेश के मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसके बाद रात का पारा तेजी से बढ़ेगा। रविवार रात को प्रदेश में कटनी सबसे सर्द रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री रहा। शहडोल ▶▶ शेष पेज 6 पर

पचमढ़ी में पर्यटक

» *भोपाल में दिन का पारा दशमलव एक डिग्री गिरकर 27.3 और रात का दशमलव 6 डिग्री की गिरावट के साथ 10.4 डिग्री*

कुछ जिलों में बौछारों की भी उम्मीद

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी भोपाल सहित प्रदेश में दिन-रात का तापमान ज्यादा नहीं बदलेगा। लेकिन दो दिन बाद डब्ल्यूडी के असर से हवाएं बदलेंगी। इससे बादलों का असर होने के साथ रात के ▶▶ शेष पेज 6 पर

भोपाल में दो दिवसीय चीफ जस्टिस कॉन्फ्रेंस संपन्न, सभी मुख्य न्यायाधीशों में बनी सहमति

न्यायिक निर्णय पूरी तरह न्यायाधीशों के 'विवेक' पर ही आधारित रहेंगे, एआई की कोई भूमिका नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आयोजित दो दिवसीय चीफ जस्टिस कॉन्फ्रेंस का रविवार को समापन हो गया। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत सहित देश के 25 राज्यों के हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शामिल हुए। दो दिनी मंथन में मुख्य न्यायाधीशों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि फैसलों में न्यायाधीश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की कोई भूमिका नहीं होगी, इसकी सिर्फ तकनीकी मदद ली जा सकती है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य न्यायपालिका को अधिक तेज, प्रभावी और जन-केंद्रित ▶▶ शेष पेज 6 पर

» *एआई के उपयोग से न्याय प्रक्रिया को तेज करने पर हुआ गहन विमर्श*

अदालतों के कामकाज का नियमित मूल्यांकन जरूरी : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि भारत जैसे बड़े और विविध देश में जन-केंद्रित न्याय व्यवस्था के लिए मामलों का त्वरित निपटारा बेहद जरूरी है। इस दिशा में सूचना एवं संचार तकनीक, डिजिटल उपकरण और एआई ▶▶ शेष पेज 6 पर

परिजनों ने भोपाल की सुंदरता का अनुभव किया

शीर्ष न्यायाधीशों के परिजनों ने भोपाल और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। परिजनों ने भीमबैठका की प्राचीन गुफाओं, भोजपुर ▶▶ शेष पेज 6 पर

गणेश पूजन के साथ बटेश्वर मंदिर में आज शुरू होगा 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में करीब लगभग 200 वर्ष पूर्व बड़ की जटा से प्रकट हुए स्वयंभू बटेश्वर महादेव के प्राचीन बड़वाले महादेव मंदिर से निकाली जाने वाली भव्य शिव बारात की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। भोपाल में यहां से मुख्य बारात निकाली जाएगी। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि इस वर्ष भी 21 दिवसिय महाशिवरात्रि महोत्सव का सोमवार को गणेश पूजन के साथ प्रारंभ होगा।

10 फरवरी मंगलवार को ओम नमः शिवाय भजन मंडल द्वारा कीर्तन, 11 फरवरी को बाबा बटेश्वर एवं मां भवानी को हल्दी मेहंदी की रस्म अदा की जाएगी। 12 फरवरी को अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ। 13 फरवरी को अखंड रामायण पाठ का विश्राम,14 फरवरी को बाबा बटेश्वर का प्रदोष श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती तथा 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर प्रातः 10बजे भव्य शिव बारात के नगर भ्रमण के इसके बाद रात्रि 11 बजे सोमवारा स्थित भवानी मंदिर पर वरमाला का कार्यक्रम होगा अर्ध रात्रि में पाणी ग्रहण संस्कार व चार प्रहर अभिषेक किया जाएगा। संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया 21 फरवरी को महिलाओं के द्वारा बधाई बुलउआ का कार्यक्रम 22 फरवरी को छप्पन भोग दर्शन, श्रृंगार एवं महा प्रसादी वितरित की जाएगी। 1 मार्च शिवरात्रि महोत्सव के समापन पर माता पार्वती की विदाई तथा रात्रि 10 बजे शिव प्रदोष होली उत्सव श्रृंगार एवं दर्शन होंगे।

11 को लगेगी मेहंदी तो 15 को निकलेगी भोले बाबा की दिव्य बारात

12 फरवरी को अखंड रामायण पाठ का आयोजन होगा आरंभ

1 मार्च को मां पार्वती की विदाई, शिव करेंगे होली का श्रृंगार

बड़वाले महादेव। (फाइल फोटो)

चांदी के नंदी पर दूल्हा स्वरूप में होगी बाबा की रजत प्रतिमा

मंदिर समिति के प्रमोद नेमा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य बारात में ढाई कुंटल वजनी चांदी से बने नंदी पर बाबा बटेश्वर की दूल्हा स्वरूप रजत प्रतिमा विराजित कर चांदी से ही बने हाथों से खींचने वाले रथ पर नगर भ्रमण कराया जाएगा। विवाह की समस्त पौराणिक रस्मो के साथ शिव बारात में शिव महिमा, पर्यावरण संरक्षण, भगवान राम, कृष्ण ,इंद्र ,कुबेर आदि के आकर्षक रथ शामिल होंगे। समिति की अंजली सोनी एवं शिवानी शुक्ला ने बताया कि बारात का विशेष आकर्षण 51 युवतियों के द्वारा एक खास ड्रेस कोड में डमरू व मंजीरों के साथ ओम नमः शिवाय का उद्घोष करते हुए चलने वाला दल होगा।

भोजपुर भंडारे का मंत्री सारंग ने किया भूमि पूजन

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड की ओर से 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर भोजपुर (शिव शक्ति होटल के पास) में लगने वाला है। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि यह मंडल के 23वें विशाल भंडारे का भूमि पूजन है। मंडल के संरक्षक मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के कर कमलों द्वारा पंडित सुमित शर्मा ने विधि विधान से कराया। भूमि पूजन की शुरूआत नन्ही बालिका स्वाभी भटेजा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस विशाल भंडारे में लगभग 1 लाख 21 हजार शिव भक्तों को प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी, जिन भक्तों का उपवास रहेगा, उनके लिए साबूदाने की खिचड़ी, मोरधन की खीर, आलू चाट, साबूदाने के वारे, फल, चाय की व्यवस्था की जाएगी एवं जिन श्रद्धालुओं का उपवास नहीं है उनके लिए प्रसिद्ध कढ़ी-चावल की व्यवस्था की जाएगी।

श्रीनाथजी ने फागुनिया मंडली में विराजमान होकर भक्तों को दिए दर्शन

श्रीजी मंदिर में पाटो उत्सव।

श्रीजी मंदिर का 266 वां पाटो उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के मुखिया ने बताया कि आज से लगभग 266 वर्ष पूर्व ही प्रभु श्रीनाथजी मंदिर में विराजमान हुए थे। रविवार को प्रभु श्रीनाथजी फागुनीया मंडली में विराजमान होकर दर्शन दिए । ये मंडली अंगूर,बसंती एवम विदेशी पुष्पों से सुसज्जित की गई । इस दौरान प्रभु को गुलाल अबीर चोवा चंदन एवं फूलों से होली खिलाई गई। गालों पे गुलाल लगा कर उत्सव का प्रारंभ किया गया। वैष्णव जनों से ऊपर फूल एवं गुलाल से होली की गई । भोग में गुलाब जामुन,मावा बाटी और बूंदी का भोग लगाया गया। टॉफी और खिलौने लुटाए गए।

कलयुग में धन कमाना मुश्किल, पर भगवान को पाना आसानः पं. सुशील

भोपाल। भगवान श्रीहरि सहज और स्नेहवश है। सिर्फ मन-क्रम-वचन से कोई उनका स्मरण कर ले, भगवान उसको प्राप्त हो जाते हैं। यह उद्गार श्रीराम जानकी मंदिर शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी बाग मुगलिया में आयोजित श्रीराम कथा के छटवें दिन पंडित सुशील महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीराम-केवट प्रसंग सुनाते हुए व्यक्त किए। सुशील महाराज ने कहा कि कलियुग में धन कमाना भले मुश्किल हो, लेकिन भगवान को पाना आसान है। जब भी भक्त मन-क्रम-वचन से एक बार स्मरण करता है भगवान उसको सहज प्राप्त हो जाते हैं।

- श्रीराम कथा में श्रीराम-केवट संवाद सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हम भगवान का स्मरण तो करते हैं, लेकिन उसके पीछे हमारी सांसारिक कामनाएं होती हैं।

प्रभु श्रीराम के निषादराज केवट से मिलने के प्रसंग का वर्णन करते हुए सुशील महाराज ने कहा कि भगवान सहज और स्नेहवश हैं। सियाराम मय सब जग जानी की भावना से जगत में दृष्टिदोष समाप्त हो जाता है। भगवान से प्रेम हो जाता है। जो भी व्यक्ति रामचरितमानस का सान्निध्य पाता है, वह पाप रहित हो जाता है। मानस भगवान का जागृत रूप है। श्रीराम कथा के साथ ही चल रहे श्री अनंत बलवंत हनुमंत श्रीहनुमान प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश और वृंदावन से पधारे आर्चाय द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया जा रहा है।

33 महीनों से धीमी गति से चल रहा काम, अधिकारी बोले- अगले माह तक पूरा होने की उम्मीद

आरकेएमपी पिट लाइन का काम पूरा हो तो मिले नई वंदेभारत एक्सप्रेस की सौगात

शुरूआत में इस परियोजना की अनुमानित लागत 7 करोड़ रुपए थी। लेकिन लगातार देरी और कार्य की धीमी रफ्तार के चलते अब यह लागत बढ़कर लगभग 14 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। यानी दो साल में लागत दोगुनी हो गई है

फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर नई स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत फिलहाल अटकी हुई है। इसका मुख्य कारण आरकेएपी स्टेशन पर 33 माह से बन रही नई पिट लाइन है। तीन माह बाद यानी मई माह में इस काम को तीन साल पूरे हो जाएंगे। उस समय अधिकारियों ने पिट लाइन का काम पूरा होने की डेड लाइन छह माह तय की थी, लेकिन अब 33 माह अधिक हो गए। हालांकि रेलवे अधिकारियों का कहना है कि काम जल्द ही पूरा होगा, सिर्फ फिनिशिंग काम बाकी है, जो कि जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पहले से सामान्य पिट लाइन मौजूद थी। अब इसे आधुनिक कैमटेक डिजाइन में अपग्रेड किया जा रहा है। इस अपग्रेडेशन का उद्देश्य ट्रेन की धुलाई और तकनीकी जांच प्रक्रिया को पूरी तरह बेहतर बनाना है। शुरूआत में इस परियोजना की अनुमानित लागत 7 करोड़ रुपए थी। लेकिन लगातार देरी और कार्य की धीमी रफ्तार के चलते अब यह लागत बढ़कर लगभग 14 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। यानी दो साल में लागत दोगुनी हो गई है। रेलवे इंजीनियरिंग विभाग के अनुसार, देरी का प्रमुख कारण ठेकेदार द्वारा निर्धारित समयसीमा में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध न कराना है।

तीन पिट लाइनें चालू, चौथी पर काम जारी

वर्तमान में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन यार्ड में तीन पिट लाइनें पहले से संचालित हैं, जिन पर ट्रेनों की नियमित सफाई, तकनीकी जांच और मेंटेनेंस कार्य किया जाता है। अब स्टेशन पर चौथी पिट लाइन बनाई जा रही है, जो लगभग 700 मीटर लंबी बनाई जा रही है। यह नई पिट लाइन अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित होगी, जिससे 24 कोच वाली एक पूरी ट्रेन को साफ किया जा सकेगा। फिलहाल सफाई की प्रक्रिया में चार सफाईकर्मियों की टीम को एक ट्रेन की धुलाई में 4 से 5 घंटे का समय लगता है।

पूरा हो गया है पिट लाइन का काम

पिट लाइन का काम पूरा हो गया है। जल्द ही इस लाइन का उपयोग करते हुए, रानी कमलापति से धनबाद के बीच नई ट्रेन चलाई जाएगी।

पंकज त्यागी
डीआरएम, भोपाल रेल मंडल

फैक्ट फाइल

- प्रोजेक्ट शुरू हुआः मई 2023
- अनुमानित अवधिः 6 महीने
- वर्तमान स्थितिः 90 प्रतिशत काम पूरा
- लागत (पहले): 7 करोड़ रुपये
- लागत (अब): 14 करोड़ रुपये
- नई पिट लाइन की लंबाईः 700 मीटर

मुख्य बिंदु

- नई वंदे भारत एक्सप्रेस का नोटिफिकेशन पिट लाइन अधूरा होने से अटका।
- 6 महीने में पूरा होने वाला कार्य अब दो साल बाद भी अधूरा।
- लागत 7 करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ रुपये तक पहुंची।

होलीः ट्रेनों में लंबी वेटिंग, बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे मथुरा

अभी रिजर्वेशन करा लें तो हो सकता है कन्फर्म; एक सप्ताह बाद नो रूम की आशंका

अगर आप होली पर कहीं जाने की सोच रहे हैं तो आज ही रिजर्वेशन करा लें, नहीं तो आने वाले दिनों में रिजर्वेशन कंफर्म नहीं हो पाएगा। दरअसल, होली को लअब 22 दिन बचे हैं, तो वहीं अभी से ही नई दिल्ली, मुंबई और उप्र की ओर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग दिखनी शुरू हो गई है। जैसे-जैसे होली का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे वेटिंग बढ़ती जा रही है। कई ट्रेनों में 90 से अधिक वेटिंग लिस्ट पहुंच गई है। आने वाले दिने एक सप्ताह बाद कई प्रमुख ट्रेनों में नो रूम की स्थिति हो जाएगी। रेलवे की ओर से फिलहाल कुछ रूट पर ही होली स्पेशल ट्रेन को लेकर घोषणा नहीं की। इसके चलते होली के आस-पास सचखंड, कुशीनगर व पंजाब मेल में 90 से अधिक की वेटिंग देखने को मिल रही है। दरअसल बड़ी संख्या में लोग मथुरा जाएंगे।

नए नियम के चलते बढ़ रही वेटिंग -रेलवे की ओर से हाल ही में ट्रेनों में रिजर्वेशन कराने को लेकर नियम में बदलाव किया था। इसके तहत टिकट बुकिंग की समय अवधि तीन माह से घटाकर एक माह कर दी। इस वजह से अब लोग मजबूरी में एक माह में अपनी टिकट बुकिंग करा रहे हैं।

2 से 8 मार्च तक इन ट्रेनों की वेटिंग की यह है स्थिति

गाड़ी का नाम	स्लीपर क्लास	एसी थर्ड
पंजाब मेल	85	32 वेटिंग
कुशीनगर एक्सप्रेस	90 वेटिंग	46 वेटिंग
कामायनी एक्सप्रेस	72 वेटिंग	36 वेटिंग
गोरखपुर-एलटीटी	57 वेटिंग	42 वेटिंग
पुष्पक एक्सप्रेस	67 वेटिंग	38 वेटिंग
मंगला एक्सप्रेस	74 वेटिंग	43 वेटिंग

आरजीपीवीः दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल कॉन्फ्रेंस में जीते पुरस्कार

कॉन्फ्रेंस का एक दृश्य।

इमैजिनरी लॉजिकः क्रिएटिव इनोवेशन और ट्रांसलेशनल ड्रग डिलीवरी के बीच की दूरी को पाटना रहा कॉफ्रेंस का विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज़ द्वारा हाइब्रिड मोड पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसका विषय इमैजिनरी लॉजिकः क्रिएटिव इनोवेशन और ट्रांसलेशनल ड्रग डिलीवरी के बीच की दूरी को पाटना था। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य फार्मास्यूटिकल विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान एवं जन-स्वास्थ्य के बीच प्रभावी समन्वय को सुदृढ़ करना रहा। कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा करते हुए ट्रांसलेशनल रिसर्चकी भूमिका पर विशेष जोर दिया, जो प्रयोगशाला से समाज तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण मानी जाती है। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र, शोध पत्र प्रस्तुतियां एवं परिचर्चाएं आयोजित की गईं। इनमें नैनोटेक्नोलॉजी आधारित ड्रग डिलीवरी सिस्टम, आधुनिक फार्मास्यूटिकल नवाचार एवं उभरते शोध क्षेत्रों पर गहन चर्चा की गई।

63 प्रतिभागियों ने शोध कार्य प्रस्तुत किए

कॉन्फ्रेंस में कुल 63 प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए, जिनमें उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार विजेताओं को स्मृति-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान डॉ अश्विनी मिश्रा,नरसी मुंजी इंस्टीट्यूट इंदौर, द्वितीय स्थान डॉ गोपाल पटेल एलएनसीपी भोपाल, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से रुचि जैन, अरबिंदो इंस्टीट्यूट, इंदौर और राहुल सिंह, एसओपीएस, आरजीपीवी, भोपाल ने प्राप्त किया।

एम्स की डॉ. ममता वर्मा ने स्पेन में किया भारत का प्रतिनिधित्व

वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में सम्मान प्राप्त करते डॉ. ममता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के नर्सिंग कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ममता वर्मा ने स्पेन के मैड्रिड स्थित कॉम्प्लूटेंस विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में आयोजित 10वें विश्व गुणात्मक अनुसंधान सम्मेलन (वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस ऑन क्वालिटेटिव रिसर्च) में सहभागिता की। उन्होंने एक समानांतर शोध सत्र का संचालन किया, जिसमें मैकगिल विश्वविद्यालय (कनाडा), टेक्सास स्टेट विश्वविद्यालय (यूएसए) तथा दक्षिण कोरिया के शोधकर्ताओं ने एथ्नोग्राफी, ग्राउंडेड थ्योरी और नैरेटिव विश्लेषण पर शोध पत्र प्रस्तुत किए। डॉ. वर्मा ने गुणात्मक अनुसंधान में फोटोग्राफ के उपयोग से संबंधित फोटोवॉइस यूजिंग फोटोग्राफ्स इन क्वालिटेटिव रिसर्च विषय पर प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। डॉ. ममता वर्मा ने इस उपलब्धि के लिए एम्स निदेशक डॉ. माधवानंद कर तथा संस्थान प्रशासन, अपने वरिष्ठों, सहकर्मियों और विद्यार्थियों के सहयोग व प्रोत्साहन के प्रति आभार व्यक्त किया।

शाहपुरा में महापौर ने किया अटल भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महापौर मालती राय ने रविवार को शाहपुरा बी-सेक्टर स्थित अटल पार्क में नवनिर्मित अटल भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर पार्षद स्नेहलता रघुवंशी, जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव, पार्षद अरविन्द वर्मा, पूर्व निगम परिषद अध्यक्ष डॉ.सुरजीत सिंह चौहान के अलावा राहुल कोठारी, भगवत रघुवंशी, योगेश परमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

लोकार्पण समारोह में मौजूद महापौर।

निगम के जोन-9 के स्वास्थ्य अमले ने की कार्रवाई

स्वास्थ्य अमले ने मटन-चिकन की अवैध दुकानें बंद कराई, 4 हजार जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की वर्धमान ग्रीन पार्क कॉलोनी में अवैध रूप से संचालित हो रही मटन-चिकन की दुकान का संचालन निगम के स्वास्थ्य अमले ने रविवार को बंद करा दिया और चार हजार रुपए जुर्माना भी वसूल किया। यह कार्रवाई जोन-9 के स्वास्थ्य अमले ने की। यह दुकाना वार्ड नंबर-38 में संचालित हो रही थी। अमले ने दुकान का संचालन बंद कराकर मकान मालिक के माध्यम से दुकान को भी खाली कराया। वर्धमान ग्रीन कालोनी के कैम्पस के बाहर अवैध रूप से जमजम मटन-चिकन शॉप संचालित की जा रही थी। जोन-9 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बलबीर मलिक ने बताया कि उक्त दुकान के विरुद्ध स्थानीय रहवासियों द्वारा शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर उक्त कार्रवाई की गई।

स्वास्थ्य अमले की कार्रवाई।

वर्तमान समय में बढ़ते एआई के उपयोग को अपनाकर चिकित्सा प्रैक्टिस को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता

राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन के समापन समारोह में बोले वरिष्ठ चिकित्सक

एआई को अपनाकर मेडिकल प्रैक्टिस को बनाएं अधिक प्रभावीः डॉ. द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हेल्दी वर्ल्ड विजन फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल होम्योपैथी कांफ्रेंस रविवार को पंडित खुशीलाल शर्मा आयुष ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। इस अवसर पर इंदौर वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. एके द्विवेदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग को अपनाकर चिकित्सा प्रैक्टिस को और अधिक प्रभावी एवं उन्नत बनाने की आवश्यकता है।

सम्मेलन में डॉ. द्विवेदी को सम्मानित करते अतिथि।

उन्होंने कहा कि हम अपने मोबाइल को तो नियमित रूप से अपडेट करते हैं, लेकिन स्वयं को अपडेट करना अक्सर भूल जाते हैं। उन्होंने होम्योपैथी के विद्यार्थियों और चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे मोबाइल की तरह अपने ज्ञान और होम्योपैथी चिकित्सा को भी समय के अनुसार अपडेट करें तथा अक के साथ सकारात्मक रूप से आगे बढ़ते हुए राष्ट्र कल्याण में योगदान दें।

फाउंडेशन की उपाध्यक्ष डॉ पूजा नायक बताया कि होम्योपैथी न केवल उपचार, बल्कि रोग-निवारण एवं जीवनशैली सुधार में भी अहम भूमिका निभा रही है। यह सम्मेलन होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सशक्त करने तथा युवा चिकित्सकों को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

एनीमिया से जागरूक करने 17 फरवरी से एक मार्च तक चलेगा अभियान

होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से रोका जाएगा प्रदेश में एनीमिया

मध्य प्रदेश में बढ़ती एनीमिया की दर को अब होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से रोका जाएगा। इसके लिए 17 फरवरी से एक मार्च तक मप्र में अभियान चलेगा। रविवार को होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. एके द्विवेदी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि मप्र देश में एनीमिया का हब बन रहा है। यदि गर्भावस्था एवं प्रसव के बाद माताओं में जागरुकता रहे तो इस रोग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। इसके लिए नियमित पौष्टिक खान-पान जरूरी है।

कमजोरी, थकान, भूख कम लगना एनीमिया के लक्षण

अभियान का संचालन आयुष मेडीकल वेलफेयर फांडउेशन एडवांस होम्योपैथी सोसायटी करेगी। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि अब यह अभियान अस्पतालों से निकलकर घर-घर पहुंचेगा। डॉ. द्विवेदी के अनुसार इस वर्ष अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है।

केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने मेट्रो में की यात्रा, समझी संचालन प्रक्रिया

शैक्षणिक भ्रमण और जन-जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मेट्रो से जोड़ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मेट्रो ने शैक्षणिक भ्रमण और जन-जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मेट्रो से जोड़ने की पहल की है। इसके तहत केंद्रीय विद्यालय नंबर-1 के स्टूडेंट्स को केवी-1 मेट्रो स्टेशन से एम्स मेट्रो स्टेशन तक यात्रा करवाई गई। इस दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों ने मेट्रो में यात्रा के दौरान न सिर्फ मनोरंजन किया बल्कि उन्होंने प्लेटफॉर्म प्रबंधन, ट्रेन संचालन प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझा। बच्चों ने मेट्रो के अधिकारियों से जानकारी भी ली।

बच्चों ने कार्यप्रणाली, सुरक्षित यात्रा के नियमों और आधुनिक तकनीक की ली जानकारी

मेट्रो ट्रेन का इंतजार करते बच्चे।

मेट्रो प्रशासन द्वारा शैक्षणिक भ्रमण के लिए बच्चों को रियायती दरों पर टिकट मुहैया करवाए थे। मेट्रो के अधिकारियों ने पर्यावरण-अनुकूल और तेज सार्वजनिक परिवहन के महत्व को बताते हुए मेट्रो जैसे जन परिवहन साधनों से यातायात दबाव में कमी, समय की बचत और प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर भी बच्चों को जागरूक किया। बच्चों ने भी मेट्रो की कार्यप्रणाली, सुरक्षित यात्रा के नियमों और आधुनिक तकनीक के उपयोग की जानकारी ली।

उत्साहित बच्चे।

परिवहन को बढ़ावा उद्देश्य

मेट्रो प्रशासन के अनुसार मप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड का प्रयास छात्रों और युवाओं में सार्वजनिक परिवहन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में भी भोपाल मेट्रो द्वारा इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण और जन-जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को मेट्रो से जोड़ने और सुरक्षित व हरित परिवहन को बढ़ावा देने के प्रयास जारी रहेंगे।

मेट्रो में सफर करते उत्साहित स्कूली बच्चे।

भानपुर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना का ये हाल...

छह मंजिला मल्टी में लगी सभी 18 लिफ्ट में दरारें, दो साल से रखरखाव तक नहीं

फायर हाइड्रेंट सिस्टम इंस्टाल नहीं, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद

स्थानीय परिवारों ने वेलफेयर समिति बनाई, मेंटेनेंस का प्रयास

ग्राउंड रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों में दिनों-दिन लापरवाही के मामले सामने आ रहे हैं। अधिकांश आवासीय प्रोजेक्ट देरी से चल रहे हैं। लोगों को पांच से सात साल में भी आवास आंवटित नहीं हुए। जिन भवनों में लोग रहने पहुंचे हैं वहां लोगों की जान से सीधा खिलवाड़ किया जा रहा है। भानपुर में दो साल पहले प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत बने छह मंजिला भवनों में रहने वाले परिवारों के साथ तो सीधा जान से खिलवाड़ हो रहा है। हरिभूमि की टीम रविवार को यहां रहवासियों से मिली समस्याओं की शिकायत पर स्थिति देखने पहुंची तो कई खामियां मिलीं। यहां लगी अधिकांश लिफ्ट के दरवाजों के साइड में दरारें पड़ गई हैं। इन्हीं से लोग ऊपरी मंजिलों पर आवाजाही के लिए उपयोग भी कर रहे हैं।

नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भानपुर में छह मंजिला 432 फ्लैट बनाए गए हैं। दो साल पहले ही यह बनकर तैयार हुए हैं। यहां दो हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। 9 ब्लॉकों में 18 लिफ्ट लगी हैं, लेकिन दो साल से इनका मेंटेनेंस नहीं हुआ। हालात यह हैं कि इनके दरवाजों के आसपास दरारें पड़ गई हैं। इससे हादसे का खतरा है, लेकिन रहवासी इसी का उपयोग उपरी मंजिल पर आवाजाही के लिए कर रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि कोई मेंटेनेंस और देखरेख तक नहीं होती। निगम में शिकायत करने पर कहा जाता है कि दूसरे कार्यालय जाओ। कोई सुनने और देखने वाला नहीं है। रहवासी अनिल कुशवाहा ने बताया कि नगर निगम ने केवल आवास बनकर दे दिए, लेकिन न तो उनकी गुणवत्ता ठीक है न अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं। जब इतना बड़ा प्रोजेक्ट बनाया था तो व्यवस्थाएं भी उसी के अनुरूप होना चाहिए थीं।

भानपुर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत बने आवास।

आवासों में लिफ्ट और फ्लोर के बीच गड्ढा होने के साथ ही दीवार में भी गैप है, जिससे हादसे की आशंका है।

फायर हाईड्रेंट सिस्टम इंस्टॉल नहीं, एसटीपी बंद

आगजनी से सुरक्षा के लिए यहां फायर हाईड्रेंट सिस्टम लगाया है, लेकिन इसे इंस्टाल नहीं किया गया। यहां भवनों में लगे उपकरण धूल खा रहे हैं। यही नहीं, योजना में प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तो लगाया, लेकिन यह भी बंद है। इससे बायोगैस उत्पादन की योजना थी। वहीं सारे सिलेंडर खाली हैं।

व्यवस्थाएं सुधारने के लिए जिम्मेदारी तय हो

बहुमंजिला भवनों में आवाजाही के लिए लगी लिफ्ट के मेंटेनेंस और सुरक्षा सीधे आम लोगों से जुड़ा मामला है। दो साल से सर्विसिंग तक नहीं हुई। अगर दरारें दरवाजों और पिलर के बीच बढ़ेंगी तो हादसे का खतरा भी बढ़ेगा। नगर निगम को सभी समस्याओं से अवगत कराया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से संचालित हों इसके लिए निगम को जिम्मेदारी तय करना चाहिए।

हृदयेश चौहान, अध्यक्ष, भानपुर वेलफेयर कमेटी

समस्याएं बढ रही हैं, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा

भानपुर मल्टी में सीवेज की समस्या है। यहां लगा प्लांट बंद है। कई आवास तो ऐसे हैं जिनमें सीपेज की समस्या है। बड़ी संख्या में लोगों ने पजेशन नहीं लिया है। समिति मेंटेनेंस शुल्क के माध्यम से व्यवस्थाओं को सुधारने का प्रयास करती है। यहां समस्या लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन इसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

विपिन कुमार, उपाध्यक्ष, भानपुर वेलफेयर कमेटी

200 से ज्यादा आवासों दरारें, बनी हुई है सीपेज की समस्या

रहवासियों ने बताया कि 200 से ज्यादा आवास तो ऐसे हैं जिनमें सीपेज यानि दीवार या छत से पानी के रिसाव की समस्या है। निर्माण की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। इसलिए बड़ी संख्या में ऐसे भी परिवार हैं जो अब तक पजेशन लेने नहीं आए हैं।

दीवार में दरारें पड़ गई हैं, जिनसे से पानी के रिसाव की समस्या होती है।

मेंटेनेंस शुल्क के 20-20 हजार रुपए जमा किए हैं

रहवासियों ने बताया कि दो साल के मेंटेनेंस के लिए 20-20 हजार रुपए प्रत्येक आवास मालिक से जमा करवाए गए हैं, लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर कुछ नहीं हो रहा। अगर समय रहते यहां मेंटेनेंस व अन्य सुधार के काम नहीं करवाए गए तो यहां के हालात बद से बदतर हो जाएंगे।

आर्य समाज मंदिर के पास संचालित हो रही शराब दुकान का किया औचक निरीक्षण

मानव अधिकार आयोग सदस्य ने इंची टेप लेकर खुद नापी मंदिर से शराब दुकान तक की दूरी, 50 मीटर भी नहीं निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने राजधानी के 10 नंबर मार्केट अरेरा कॉलोनी स्थित आर्य समाज मंदिर के पास संचालित शराब की दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं स्थानीय रहवासियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी शिकायत सुनीं। निरीक्षण के दौरान कानूनगो ने जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग द्वारा दिए गए उस लिखित जवाब पर कड़ा ऐतराज जताया, जिसमें कहा गया था कि आर्य समाज का मंदिर रजिस्टर्ड नहीं है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि आज मैं स्वयं यहां देखने आया हूं कि वह कौन लोग हैं जो भगवान के होने का प्रमाण मांग रहे हैं। आस्था और धार्मिक स्थलों का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद कानूनगो ने स्वयं इंचीटेप लेकर शराब की दुकान और आर्य समाज मंदिर के बीच की वास्तविक दूरी की माप की, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि मंदिर से शराब दुकान की दूरी 50 मीटर से भी कम है, जो आबकारी नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस अनियमितता पर कानूनगो ने आबकारी अधिकारियों को फटकार लगाई और निर्देश दिए कि नियम विरुद्ध संचालित शराब की दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए।

नियमों के उल्लंघन पर दोषी अफसरों पर होगी कार्रवाई

मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने किया औचक निरीक्षण।

निरीक्षण के दौरान कानूनगो ने कहा-धार्मिक स्थलों की गरिमा, नागरिकों की सुरक्षा और कानून का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

दुकान पूरी तरह अवैध रूप से हो रही संचालित

स्थानीय रहवासी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि उक्त शराब की दुकान पूरी तरह आवासीय परिसर में, आवासीय अनुमति प्राप्त भूखंड पर अवैध रूप से संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि रहवासियों की शिकायत के बाद नगर निगम भोपाल द्वारा 19 नवंबर 2025 को नोटिस जारी कर 10 दिनों के भीतर व्यावसायिक गतिविधि बंद करने के सख्त निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद शराब की दुकान बेखौफ और अवैध रूप से संचालित होती रही है।

सीकेवाईसी आईडी: केवाईसी संबंधी आपकी सभी ज़रूरतों को पूरा करने वाली एकमात्र चाबी

सीकेवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री द्वारा जारी की जाने वाली 14-डिजिट की विशिष्ट सीकेवाईसी आईडी

यह कैसे काम करता है?

- केवाईसी जानकारी अपने बैंक में जमा करें।
- बैंक केवाईसी जानकारी केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर अपलोड करता है।
- इसे सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

अपनी सीकेवाईसी आईडी को जानें।
मिस्ड कॉल: 7799022129 या
ऑनलाइन: www.ckycindia.in

प्रमुख फायदे
- विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में आसानी से खाता खोलें।
- केवाईसी अपडेट करना हुआ आसान: एक बैंक में अपडेट की गई केवाईसी आपके अन्य सभी बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में अपडेट हो जाती है सीकेवाईसी के ज़रिए।

आसान। सुरक्षित। मानकीकृत।

अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in
अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।
क्यूआर कोड स्कैन करें।
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935

आरबीआई कहता है... केवाईसी - सुरक्षित बैंकिंग की ओर आपका पहला कदम

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

सबसे खराब एयर क्वालिटी इंडेक्स टीटी नगर में

बारिश के तीन दिन बाद भी मॉडरेट लेबल पर पॉल्यूशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में रविवार को विभिन्न इलाकों में एयर पॉल्यूशन का लेबल मॉडरेट रहा। तीन दिन पहले शहर और आसपास बारिश के बाद धूल-धुएं का असर कम हुआ था, जिससे एक्यूआई ग्रीन लेबल पर था, लेकिन रविवार को इसमें फिर से इजाफा हो गया। शहर में सबसे खराब एयर क्वालिटी इंडेक्स टीटी नगर का रहा। यहां एक्यूआई 135 पर रहा। पर्यावरण परिसर 133 और कलेक्टोरेट क्षेत्र में यह 101 पर दर्ज हुआ है। इन इलाकों में पीएम10 की मात्रा भी पर्यावरण परिसर में 148, कलेक्टोरेट में 100 और टीटी नगर में पीएम 10 की मात्रा 134 पर रही है। हवा में प्रदूषण की यह मात्रा स्वास्थ्य के लिहाल से मध्यम मानी जा रहा है। मप्र प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार अभी पॉल्यूशन में बदलाव हो रहा है। बारिश के बाद कम हुआ था, जो अभी कुछ बढ़ गया है।

मौसम में घुली हल्की गर्मी के बाद शाम को गुलाबी सर्दी का अहसास, सैलानियों की बढ़ी भीड़

बोट क्लब, सैरसपाटा पर भीड़

वीआईपी रोड पर शाम 6 बजे कुछ ऐसा था नजारा।

रविवार को अवकाश के साथ मुफीद मौसम का आनंद लेने दोपहर बाद से शहर के पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानियों की आमद बढ़ गई। बोट क्लब सहित कई पिकनिक स्पॉट्स पर देर शाम तक सैलानी जमे रहे। केरवा डैम के आसपास भी शाम तक भीड़ रही, जिन्हें शाम से पहले ही वनविभाग के गार्ड्स ने जंगल से बाहर कर दिया। बोट क्लब पर देर शाम तक सैलानियों ने मौसम का आनंद लिया।

अब शिकारे बने मनोरंजन का साधन

बोट क्लब पर सैलानियों की पहली पसंद अब झील में चलने वाले शिकारे बने हुए हैं। शिकारों की सवारी सस्ती और सुविधाजनक होने से अब शिकारे सैलानियों के लिए खास मनोरंजन का साधन बने हुए हैं।

5 सालों में सिर्फ नोटिस नोटिस का खेल, खेल रहे दोनों विभाग के आला अधिकारी

वन और उद्योग विभाग के आला अधिकारियों की साठगांठ से सरकारी जमीन पर हो रहा अतिक्रमण, हटाने की बात पर पुलिस बल न मिलने का बना रहे बहाना

नितेश पटेल ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप में विगत कई वर्षों से शासकीय भूमि पर कब्जे का कारोबार बड़े तेजी से फल फूल रहा है, जिसमें वन विभाग और औद्योगिक केंद्र विकास के हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जे कर उसमें पक्के मकान बना लिए हैं। विभाग के ही कई आला अधिकारी के साठगांठ से ये कारोबार चल रहा। वन विभाग के कर्मचारी जिसमें चौकीदार, नाकेदार समेत एसडीओ तक इस कारोबार में संलिप्त है। देखा जाए तो मंडीदीप के मोजमपूरा, कटी घाटी, झालरकला,सतलापुर, खानपुरा समेत कई जगहों पर वन विभाग की भूमि पर कब्जा हो रहा है। वहीं एमपीआरडीसी की भूमि पर, जिसमें 55 सीढ़ी पर कबाड़ियों द्वारा कब्जा किया गया है। वर्धमान गेट के सामने होटल ढाबे, समेत कई जगहों पर अवैध तरीके से वन भूमि पर कब्जा किया जा रहा है।

नगर के 55 सीढ़ी स्थित जगह पर कबाड़ियों ने किया अवैध कब्जा।

एचईजी रोड ग्रीन वैल्ट पर होटल और अन्य दुकानदारों ने किया अवैध कब्जा।

नोटिस देकर 5 सालों से भूले अधिकारी

वन विभाग और उद्योग विभाग के द्वारा अतिक्रमणकारियों को बीते 5 वर्षों में सिर्फ नोटिस देकर भूल गए हैं, कार्यवाही के नाम पर फिसड्डी साबित हुए हैं। दोनों विभाग के अधिकारी 5 सालों में सिर्फ नोटिस-नोटिस का खेल, खेल रहे हैं। विभागों के ऐसी कार्यप्रणाली पर

अतिक्रमण की वजह से लग रहा जाम

उद्योग विभाग के ग्रीन बेल्ट की जगहों में हुए अवैध कब्जे में अवैध शराब बेचने का करोबार, जुआ, सट्टा सहित अन्य आपराधिक कारोबार बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है।

संचालित हो रही अवैध गतिविधियां

वन और उद्योग विभाग की भूमि पर कब्जा कर अवैध गतिविधि संचालित हो रही है। यही नहीं बाहर के कई अपराधी तत्व के लोग नगर में आकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

यह कहते हैं अधिकारी

अतिक्रमण हटाने नहीं मिला पुलिस बल

हमारे द्वारा कई पुलिस अधीक्षक रायसेन को अतिक्रमण हटाने के लिए बल मुहैया कराने के लिए आवेदन दिया, लेकिन अभी तक कोई पुलिस बल नहीं मिला, जिसके कारण वन भूमि की जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाया नहीं जा सका।

हेमंत रैकवार, डीएफओ औबेदुल्लागंज।

अतिक्रमण में अवैध गतिविधि चल रही है

पुलिस स्वयं नहीं चाहती बल उपलब्ध कराना उद्योग विभाग की जमीन पर हुए अतिक्रमण में अवैध गतिविधि चल रही है। पुलिस को मामला दर्ज करना चाहिए। रही बात अतिक्रमण हटाने की तो हम इसको लेकर कई बार बैठक कर चुके हैं, हमें पुलिस बल नहीं मिलने से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हो सकी।

विशाल सिंह चौहान, ई. डी

पुलिस बल रक्षित केंद्र रायसेन से उपलब्ध होता है

ऐसा नहीं है कोई भी विभाग हमें पुलिस बल उपलब्ध कराने को कहते है तो नियमानुसार बल उपलब्ध कराया जाता है, बड़े स्तर की कार्रवाई के लिए पुलिस बल रक्षित केंद्र रायसेन से उपलब्ध होता है।

शीला सुराणा, एसडीओपी,

खबर संक्षेप

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत निवस्त्र मिली लाश

भोपाल। कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गौरीशंकर आवासीय परिसर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव एलआईजी फ्लैट में निवस्त्र अवस्था में पड़ा मिला। अनुमान है कि उसे अटैक आया है। घबराहट होने के कारण उसने शरीर के सारे कपड़े उतार दिए थे। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सुशील वर्मा (32) गौरीशंकर आवासीय परिसर कटारा हिल्स में एलआईजी आठ फोर्थ फ्लोर पर फ्लैट में किराए से रहते थे और अस्सी फीट रोड, स्प्रींग व्हेली कॉलोनी के पास चाय नाश्ते की दुकान का संचालन करते थे। उनके पिता अशोका गार्डन में रहते हैं। ससुराल में शादी होने के कारण पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई। घर में सुशील वर्मा अकेले थे। शनिवार सुबह उन्होंने दुकान में काम करने वाले नौकर को दुकान की चाबी दी और कहा कि दुकान खोलकर रखें वे नहाकर पहुंच रहे है। इसके बाद वह दुकान नहीं पहुंचे। पत्नी ने उन्हें कॉल किया, लेकिन उनका कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। पत्नी ने पड़ोसियों को जाकर देखने का कहा। इस दौरान सुशील वर्मा बेड पर निवस्त्र पड़े मिले। डायल 112 और पड़ोसियों ने किसी तरह दरवाजा खोला और सुशील को एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने सुशील को मृत घोषित कर दिया।

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित 98 क्वार्टर में हुई वारदात

खनिज विभाग की महिला कर्मचारी को घर में बंधक बनाकर की लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित 98 क्वार्टर टीटी नगर में शनिवार शाम नौकरानी के बेटे ने अपने पंद्रह साल के नाबालिग मौसेरे भाई के साथ मिलकर खनिज विभाग में पदस्थ महिला कर्मचारी को बंधक बना लिया। चाकू की नोक पर आरोपी महिला से घर में रखी 1 लाख 68 हजार रुपए की नगदी मांगी और दो आईफोन लेकर फरार हो गया। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी और उसके नाबालिग साथी को दबोचकर लूटी गई रकम और आईफोन बरामद कर लिए है।

दरअसल, महिला आरोपी को जानती थी वह घर में काम करने वाली नौकरानी का बेटा था और काम के सिलसिले में वह उनके घर आता था। आरोपी कुछ दिन पहले ही हत्या के प्रयास के मामले में जेल से जमानत पर छूटकर आया था। पुलिस के अनुसार अर्चना वर्मा (28), 98 क्वार्टर टीटी नगर में रहती हैं और उत्खनन विभाग में असिस्टेंट ग्रेड-3 का जॉब करती हैं। पिता सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। मां का बीमारी के कारण निधन हो चुका है। अर्चना ने घर में काम के लिए एक नौकरानी को रखा था। उसका बेटा आशीष उर्फ गोली रायकवार है। वह पहले अर्चना के घर आ चुका है।

नौकरानी के बेटे ने पंद्रह साल के नाबालिग मौसेरे भाई के साथ मिल कर की वारदात

आरोपी को गिरफ्तार कर ले जाती हुई पुलिस।

नाबालिग मौसेरे भाई के साथ बनाई योजना

आशीष अर्चना के घर के छोटे-मोटे काम करने आता था। उसे पता था कि अर्चन ऑफिस से कब आती है। इसके अलावा घर में कौन-कौन रहता है और कब आते जाते हैं, उसे पूरी जानकारी थी। योजना के तहत अशीष अपने 15 साल के मौसेरे भाई के साथ शनिवार शाम अर्चना के घर पहुंचा था। उसने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा अर्चना ने खोला ही था कि आशीष ने धक्का दिया और चाकू की नोक पर अर्चन के हाथ पैर बांध दिए। इसके बाद चाकू दिखाकर डराते धमकाते हुए घर में रखी 1 लाख 68 हजार रुपए की रकम मांग ली।

15 मिनट के अंदर वारदात कर भाग निकला

आरोपी आशीष अपने नाबालिग के साथ नगदी मिलने के बाद घर से दो आईफोन लेकर भाग निकला। पूरी वारदात उसने महज पंद्रह मिनट के भीतर की थी। अर्चना ने घटना की शिकायत तत्काल पुलिस से की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बताया कि समूह लोन भरने के लिए उसने लूट की वारदात की है। रिकवरी के लिए लगातार उसे कॉल आ रहे थे। बची रकम से वह अपने शौक पूरे करने वाला था। साथ ही नई बाइक खरीदना चाहता था।

आशीष रायकवार, आरोपी

तीन घंटे में 12 दमकलों की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

मंडीदीप में केबल बनाने वाली आदिति बायर कंपनी में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप के सेक्टर ए में स्थित आदिति बायर कंपनी में रविवार सुबह करीब 8 बजे भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां और दो निजी कंपनियों समेत 12 दमकलें मौके पर पहुंचीं। आग इतनी भीषण थी कि इसे पूरी तरह नियंत्रित करने में लगभग तीन घंटे लग गए। आग बुझाने के दौरान दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत की, लेकिन आग की लपटें तेज होने से स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी रही।

खबर लिखे जाने तक आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, कंपनी में रखी केबल और संबंधित सामग्री के कारण आग तेजी से फैली। इससे कारखाने में बड़े पैमाने पर नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है, जिसमें लाखों रुपए की संपत्ति प्रभावित होने की संभावना है। प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी बड़े हादसे को टालने के लिए तुरंत कार्रवाई की। जांच के बाद ही आग लगने और नुकसान का पूरा आकलन किया जाएगा।

आदिति बायर कंपनी में लगी आग।

आग बुझाने का प्रयास करते हुए।

आदिति बायर कंपनी।

सुबह 8 बजे आग लगने की मिली सूचना

अदिति बायर कंपनी में सुबह करीब 8 बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। नगर पालिका की पांच ओर दो अन्य फायर गाड़ियों से आग पर काबू पा लिया गया है। इसमें करीब तीन घंटे लगे।

राम मोहन रघुवंशी, फायर प्रभारी

छात्रा से कार में दुष्कर्म का मामला, आरोपी का साथी गिरफ्तार

भोपाल। कोहेफिजा थाना क्षेत्र में 11वीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने प्रकरण में साथ देने वाले उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है। 2 जनवरी को कोहेफिजा पुलिस ने 11वीं कक्षा की छात्रा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की थी। पीड़िता ने खानूगांव इलाके में कार में दुष्कर्म करने, धर्म बदलने का दबाव बनाने और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने इस मामले में 3 जनवरी को मुख्य आरोपी ओसाफ अली खान (19) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। रविवार को दूसरे आरोपी माज खान की गिरफ्तारी हुई है। वारदात में इस्तेमाल काले कांच की थार माज की ही थी।

पटवा ने दी नवनियुक्त जिला प्रभारियों को बधाई

औबेदुल्लागंज। विधायक सुरेंद्र पटवा ने रविवार को भाजपा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त जिला प्रभारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला रायसेन की राजो मालवीय को जिला प्रभारी नियुक्त होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा आपके नेतृत्व और संगठन के प्रति समर्पण से रायसेन में पार्टी को नई मजबूती और ऊर्जा मिलेगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, कन्हैया नंदवंशी, डॉ. कैलाश विनय, आनंद पांडे, नरेंद्र शर्मा, पंकज कोठारी, सर्वेश गौर आदि ने कहा आपके अनुभव, नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनेगा।

स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता की स्मृति में लगाया रक्तदान शिविर

रेड क्रॉस हॉस्पिटल में लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के संस्थापक स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता की स्मृति में युवा इकाई के तत्वावधान में रेड क्रॉस हॉस्पिटल मालवीय नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अशोक गुप्ता अंबर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता असाटी, जिला महामंत्री राकेश निगोती, युवा जिला अध्यक्ष तरुण गुप्ता, मोहित गुप्ता, जतिन जैन, अंकित जैन, डॉ. अमित गुप्ता, अक्षय गुप्ता, सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, आशीष गुप्ता गोलू, दिव्यांशु, समीर, आकिब सागर, मधु, अंशु, ईशान, प्रसन्न, रुचित, अंकित, रमन, आदित्य सहित अनेकों युवा साथियों ने रक्त दान कर नानाजी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रेड क्रॉस हॉस्पिटल में रक्तदान करते हुए।

प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान न सिर्फ अपने लिए वरदान है, अपितु अन्य का लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान पुनीत कार्य है, सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश युवा जिला अध्यक्ष तरुण गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं रक्त दान करने वाले का सर्टिफिकेट प्रदान कर आभार व्यक्त किया।

औबेदुल्लागंज में नहीं दिखाई देते ट्रैफिक पुलिस

सड़क पर वाहन खड़े होने से दिन में कई बार लगता है जाम, लोग घंटों होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में बढ़ते ट्रैफिक और तेज रफ्तार से निकलते वाहनों के कारण प्रतिदिन सड़क हादसे हो रहे हैं। भारी वाहन डंपर नगर के बीचो बीच फर्राटा भर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। नगर में प्रदिदिन कई मर्तबा जाम की स्थिति बनती है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके बाद भी जिम्मेदार पुलिस अफसर और नगर परिषद के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में ट्रैफिक पुलिस दिखाई नहीं देता, जिसके कारण ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। शिकायत करने के लिए थाने में फोन लगाते हैं तो कोई भी कर्मचारी फोन नहीं उठाता है।

नगर में लागा जाम।

नाबालिग तेज रफ्तार से दौड़ा रहे वाहन

नाबालिग भी तेज रफ्तार से चार-चार लोगों को बिठाकर बाइक और स्कूटी दौड़ाते हैं, जिन्हें रोकने-टोकने वाला कोई पुलिस कर्मचारी नहीं है। वहीं कुछ वाहन चाहक नियमों को तक पर रख बाहक पर पांच बचचों को बिठाक कर बाइक चलाते हुए देखा गया है।

ट्रैफिक नियमों की अंदेखी करते हुए।

कार्रवाई करने के लिए थाना प्रभारी से की चर्चा

औबेदुल्लागंज नगर परिषद सीएमओ किरण रंहगडाले ने बताया कि मैंने टीआई बीपी सिंह से चर्चा की है। मुख्य चौराहे से गोवर्धन रोड तक जो जाम लगता है, वह सड़क पर वाहनों के खड़े होने से लगता है। इसीलिए पुलिस क्रेन वाहन से गाड़िया उठवा कर पुलिस थाने लाने और कार्रवाई करने पर चर्चा की है। सीताराम चौराहे पर बसे खड़ी होने से जाम लगता है और दुर्घटनाएं होती है। इस संबंध में जब टीआई बीपी सिंह से फोन पर पूछा तो वे कहते हैं औबेदुल्लागंज में जाम लगने की कई शिकायतें आई है, हम शीघ्र ही नगर परिषद से मिलकर सड़क पर खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

किराना व्यापार संघ के मिलन समारोह का इंतजार

औबेदुल्लागंज। व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, सचिव प्रदीप अरोरा, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, महामंत्री रतन मेघानी, सहसचिव राजू भाई पटेल, सह कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ मित्तल, मीडिया प्रभारी दिनेश सेन आदि जब से मिलन समारोह हुआ है तब से मौन हैं। ये सभी व्यापारी महासंघ के नेता, किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, श्याम मालवीय, गिरीश चावला, दिलीप मित्तल, विजय जैन आदि के तरफ ध्यान लगाकर कहते हैं कि व्यापार महासंघ ने तो मिलन समारोह कर दिया और सभी का सम्मान किया, अब बारी है किराना व्यापार संघ की वह कब मिलन समारोह करते हैं।

जनपद पंचायत परिसर बैरसिया में संगोष्ठी का आयोजन

योजना को बेहतर बनाने के लिए इसमें जो कमियां थी, उन्हें हटाकर नई चीजें जोड़ी हैं

कांग्रेस को योजना से नहीं, योजना के नाम 'जीराम जी' से हो रही भारी तकलीफः पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

इस योजना में यह पहला बदलाव नहीं, बल्कि चौथा बदलाव है। पहले रोजगार गारंटी हुई, फिर नरेगा हुई और इसके बाद मनरेगा हुई। यह तीन बदलाव हमने नहीं किए थे, बल्कि कांग्रेस शासनकाल में हुए थे तब में सांसद था। अब जब हमने इसको बेहतर बनाने के लिए इसमें जो कमियां थी, उन्हें हटाकर नई चीजें जोड़ कर जीराम जी नाम दिया है, तब से कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। असल यह तकलीक योजना से नहीं है, बल्कि राम जी के नाम के कारण हो रही है। यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने रविवार को जनपद पंचायत परिसर बैरसिया में आयोजित वीबी जीराम जी संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि इस योजना ग्राम पंचायतों की विकास की रफ्तार बढ़ेगी। इस रफ्तार को बढ़ाने का काम सरपंचों को करना है। जी राम जी में राज्य का अंश 40 प्रतिशत होने से अब रोजगार सहायकों को वेतन समय पर मिलना शुरू हों जाएगा। इसके साथ अब रोजगार सहायकों का वेतन बढ़ने का प्रावधान भी इस बजट में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पंचायतों में राशि देने में कोई कंजूसी नहीं करते है।

मै राशि दूंगा...

आप पहले जो राशि है, उसे खर्च करें और योजना बनाकर लाए, मै राशि दूंगा। हमने सरपंचों की 15 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने में देरी नहीं की है। अब नाया 16वां वित्त भी आने वाला है। अब आपके 5वां वित्त और 15वां वित्त तीन मद हो जाएंगे। आपके विधायक जनपद पंचायत भवन की मांग की है। यदि जनपद पंचायत के पास 2 एकड़ जमीन होगी तो अगली सूची में अटल सुशासन भवन देने पर विचार करेंगे। कार्यक्रम में विधायक विष्णु खत्री ने कार्यक्रम में संबोधित कर लोगों को जानकारी दी।

इंडस चौराहा शाहपुरा में खाली मैदान में हुआ

कंटेनर ने सिक्योरिटी गार्ड को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंडस टाउन में रविवार सुबह खाली मैदान में कंटेनर की चपेट में आने से सिक्यौरिटी गार्ड की मौत हो गई। अनुमान है कि वह शराब के नशे में मैदान पर सो गया था, तभी कंटेनर के चालक ने कंटेनर रिवर्स करते समय उसे चपेट में ले लिया। सिर से कंटेनर का पहिया गुजरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कंटेनर की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार भूपेंद्र अहिरवार (32) वावड़िया कला में किराए के मकान में रहता था और एक निजी सिक्यौरिटी एजेंसी में काम करता था। परिजन ने बताया कि शनिवार रात वह घर से ड्यूटी जाने का कहकर निकला था। इधर रविवार सुबह उसकी लाश इंडस टाउन में खाली मैदान पर पड़ी मिली। उसका सिर बुरी तरह से कुचला हुआ था।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पता चला कि खून और टायर के निशान है। पुलिस की जांच में पता चला कि खाली मैदान में कंटेनर खड़ा हुआ था। अनुमान है कि रात में शराब के नशे में भूपेंद्र कंटेनर के पीछे सो गया। कंटेनर के चालक ने कंटेनर निकालते समय रिवर्स किया इसी दौरान कंटेनर का टायर उसके सिर से होता हुआ गुजर गया।

बजट सत्र से पहले सियासी घमासान: कांग्रेस-भाजपा की रणनीतिक बैठकें जारी, सदन में जनता के मुद्दों पर टकराव

कांग्रेस ने 15 को तो भाजपा ने 16 को बुलाई विधायक दल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले प्रदेश की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। सत्तारुढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस, दोनों ही दल आगामी सत्र को लेकर अपनी-अपनी रणनीति को धार देने में जुट गए हैं। जनता से जुड़े मुद्दों, खासकर कफ सिरप कांड जैसे संवेदनशील मामलों को लेकर सदन के भीतर तीखी बहस के संकेत पहले ही मिल रहे हैं। कांग्रेस ने बजट सत्र की तैयारी को लेकर 15 फरवरी को विधायक दल की अहम बैठक बुलाई है। यह बैठक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के नेतृत्व में होगी, जिसमें सभी कांग्रेस विधायक शामिल होंगे।

बैठक में यह तय किया जाएगा कि बजट सत्र के दौरान सरकार को किन मुद्दों पर और किस रणनीति के तहत घेरा जाए। कांग्रेस का स्पष्ट रुख है कि वह महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था और स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देगी।

सदन के भीतर मांगेगी कांग्रेस जवाब

विशेष रूप से छिंदवाड़ा कफ सिरप कांड को लेकर कांग्रेस सरकार से सदन के भीतर जवाब मांगेगी। पार्टी का कहना है कि इस मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि बजट सत्र जनता की आवाज उठाने का सबसे बड़ा मंच है और इसे पूरी मजबूती से इस्तेमाल किया जाएगा।

फाइल फोटो।

16 फरवरी को भाजपा की मुख्यमंत्री आवास में बैठक

दूसरी ओर, कांग्रेस की आक्रामक तैयारी को देखते हुए भाजपा भी अलर्ट मोड में आ गई है। 16 फरवरी को भाजपा विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री आवास में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री समेत वरिष्ठ मंत्री और विधायक शामिल होंगे। बैठक में विपक्ष के संभावित सवालों, सरकार की उपलब्धियों और सत्र के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीति पर चर्चा की जाएगी। भाजपा की कोशिश रहेगी कि विपक्ष के हमलों का तथ्यों के साथ जवाब दिया जाए और सरकार की योजनाओं को मजबूती से सदन में रखा जाए।

अधिकारी भी रहेंगे करवाई के दौरान मौजूद

इधर, विधानसभा सचिवालय ने भी बजट सत्र को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सचिवालय ने सभी विभागों को विधायकों के सवालों के संबंध में पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि हर सवाल का जवाब समय पर और अनिवार्य रूप से तैयार रखा जाए। सत्र के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारी सदन में मौजूद रहेंगे, ताकि किसी भी प्रश्न का तुरंत जवाब दिया जा सके।

खर्च चलाने के लिए आएगा अनूपूरक बजट

बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू हो रहा है। शुरुआत में वित्त मंत्री द्वारा अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा, जिसके बाद प्रदेश सरकार का मुख्य बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा। ऐसे में साफ है कि यह सत्र सिर्फ आर्थिक नीतियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राजनीतिक रूप से भी काफी गर्म रहने वाला है।

---

20 करोड़ की लागत के वॉटर पार्क का लोकार्पण, विकास कार्यों की लगाई झड़ी

सिंचाई कॉम्पलेक्स के साथ मुख्यमंत्री ने लगाई शहडोल जिले में सौगातों की झड़ी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शहडोल जिले के धनपुरी में 20 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए वॉटर पार्क के लोकार्पण अवसर पर जिले के लिए सौगातों की झड़ी लगा दी। उन्होंने गीता भवन निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इसके बन जाने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाइब्रेरी और कोचिंग जैसी शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने शहडोल सिंचाई कॉम्पलेक्स निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत सोन नदी पर 4 माइक्रो सिंचाई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। लगभग 2300 करोड़ रुपए की इस योजना से 50 हजार हैक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, जिससे 122 गांव को लाभ होगा। डॉ यादव ने जैतपुर को नगर पंचायत बनाने की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि शहडोल मेडिकल कॉलेज में सीट वृद्धि के संबंध में विभाग से प्रस्ताव प्राप्त होने पर सीट वृद्धि की जाएगी। शहडोल जिले में 160 करोड रुपए लागत से 45 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा जैतपुर महाविद्यालय में कला और विज्ञान संकाय के भवन निर्माण की भी उन्होंने घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री यादव ने नवीन महाविद्यालय आरंभ करने की घोषणा की। उन्होंने 3 किलोमीटर लंबे मॉडल रोड निर्माण पर भी सहमति प्रदान की।

जैतपुर बनेगी नगर पंचायत, गीता भवन का निर्माण होगा

खास बातें

- नए महाविद्यालय और सड़क निर्माण की घोषणा की
- 50 हजार हैक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, जिससे 122 गांव को लाभ होगा

योजनाओं का लोकार्पण करते सीएम।

माता शबरी की जयंती पर दीं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी को माता शबरी जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि निष्कपट भक्ति, समर्पण और साधना की सर्वोच्च प्रतीक शबरी मैया ने सारा जीवन रघुवर की प्रतीक्षा की। प्रेम में समर्पित इस प्रतीक्षा का फल केवल माता शबरी को ही नहीं मिला बल्कि स्वयं भगवान श्री राम को भी मिला। मनुष्य से मनुष्य का प्रेम ही सनातन संस्कृति की विशेषता है। भगवान श्रीराम और माता शबरी का प्रेम बताता है कि हमारे समाज में जातिवाद के लिए कोई स्थान नहीं है।

माता बहनों के कल्याण के लिए पूरी सरकार समर्पित

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि माता-बहनों के कल्याण के लिए पूरी सरकार समर्पित है इसीलिए लाड़ली बहना योजना सहित महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लखपति दीदी योजना, लखपति ड्रोन दीदी योजना, रजिस्ट्री में माता-बहनों को 2 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। लोकसभा-विधानसभा में भी बहनों को आरक्षण मिलने वाला है। आने वाला समय माता-बहनों का है, हमारी संस्कृति बहनों के आधार पर ही पुष्पित पल्लवित होती रही है।

देश-प्रदेश में बह रही विकास की गंगा

कार्यक्रम में मौजूद सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में देश-प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। इसी का परिणाम है कि धनपुरी को मिनी ओलंपिक के मापदंड पर आधारित स्विमिंग पूल की सौगात मिली है। विधायक जय सिंह मरावी ने मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा क्षेत्र को दी जा रही सौगात के लिए उनका आभार माना। मरावी ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों और जन अपेक्षाओं से अवगत कराया। नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा ने स्वागत भाषण दिया तथा नगर पालिका द्वारा निर्मित वॉटर पार्क और अन्य संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर नगरीय निकाय तथा पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित थे।

747.91 करोड़ लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण

भक्तिभाव से शबरी मैया ने बढ़ाया पूरे वनवासी समाज का मान: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कोल समाज की कुल देवी शबरी मैया हम सबके लिए सदैव आराध्य और वंदनीय हैं। उन्होंने अपने चरित्र एवं सत्कर्मों से पूरे वनवासी और जनजातीय समाज का मान बढ़ाया। भगवान को बेर भी भेंट देने से पहले खुद बेर का मीठापन जांच लेना उनकी भक्ति का उत्कर्ष है।

डॉ यादव रविवार को शहडोल जिले की ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गंधिया स्थित सीतामढ़ी धाम में माता शबरी जयंती पर आयोजित जनजातीय हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सीतामढ़ी परिसर में शबरी मैया की एक सुंदर प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। डॉ यादव ने ग्राम गंधिया से शहडोल जिले के लिए 747 करोड़ 91 लाख रुपए की लागत वाले 139 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इसमें 613 करोड़ रुपए से अधिक लागत से 79 कार्यों का लोकार्पण तथा 134 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 60 कार्यों का भूमि पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

माता शबरी जयंती पर मौजूद सीएम।

जनजातीय वर्ग का कल्याण हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग का समग्र कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में है। प्रदेश में पीएम जन-मन योजना के अंतर्गत 98 करोड़ 30 लाख रुपए और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 401.56 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया जा चुका है। हमारी सरकार ने जनजातीय समाज के नायकों की गौरव गाथाओं को शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। डॉ यादव ने ब्यौहारी में 30 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी धाम को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने तथा वन्य जीव पर्यटन गतिविधियों के विकास-विस्तार के लिए क्षेत्रीय संजय डूबरी टाइगर रिजर्व का एक गेट ब्यौहारी की तरफ भी खोलने की घोषणा की।

गंधिया राम वन गमन पथ विकास योजना में शामिल

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि शबरी माता ने बरसों भगवान श्री राम का इंतजार किया। यह एक भक्त के अपने भगवान पर अटूट विश्वास का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम आए, शबरी मैया की भक्ति और स्नेह से अत्यंत भावविभोर हुए और उन्हें नवधा भक्ति का ज्ञान देकर मोक्ष भी प्रदान किया। हमारी सरकार ने शबरी मैया और हम सबके आराध्य भगवान श्रीराम की स्तुति के लिए श्री रामचन्द्र पथ गमन न्यास की स्थापना की है। हम प्रदेश में 1450 किमी लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण करने जा रहे हैं। चित्रकूट में उन्होंने 11 वर्ष बिताए। ग्राम गंधिया में भी वे 11 रात रहे। इसीलिए गंधिया को भी राम वन गमन पथ विकास योजना में शामिल कर लिया गया है। औद्योगिक विकास केंद्र खोलने की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि क्षेत्र में महुआ और कटहल बहुतायत से होता है। इसीलिए इन दोनों से बनने वाली औषधियों एवं अन्य उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में उद्योग, रोजगार एवं निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री ने यहां एक औद्योगिक विकास केंद्र खोलने की घोषणा की।

मोहन-हेमंत के मंथन ने बढ़ाई दावेदारों की टेंशन

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने हाल में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंथन किया है। इसने दावेदारों की टेंशन बढ़ा दी है। दोनों ने दिल्ली दौरा किया तो खबर आई कि बस सूची फाइनल ही होने वाली है। यह भी बताया जाने लगता है कि पहले मंत्रिमंडल का विस्तार होगा या निगम-मंडलों में नियुक्तियां। कई बार तो माह और तारीख भी बता दी जाती है, लेकिन हो रहा है सिर्फ इंतजार। खबर है कि प्रदेश संगठन की ओर से करीब 15 प्राधिकरणों और निगमों के अध्यक्षों के नामों की प्रस्तावित सूची दिल्ली भेजी गई थी। केंद्रीय संगठन ने यह कह कर वापस भेज दी कि जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक जितने भी पदों पर नियुक्तियां होनी हैं, सबके लिए नाम मंगाकर पूरी सूची तैयार करें। इसे लेकर मंथन बैठकों का दौर चल रहा है। पहले इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर जैसे बड़े शहरों के प्राधिकरणों में नियुक्तियां होंगी। इसके बाद निगम मंडलों, आयोगों और बोर्ड की बारी आएगी। पर यह कब होगा कोई नहीं जानता।

'माई का लाल' जैसा भारी तो नहीं पड़ेंगे ब्राह्मण?

मप्र में एक चुनाव से पहले दलितों और ब्राह्मणों के विवाद में कूदते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'कोई माई का लाल...' जैसा एक वाक्य बोल दिया था। इसके बाद चंबल-ग्वालियर अंचल के ब्राह्मणों के वोट भाजपा से शिफ्ट हो गए थे। एक बार फिर वैसे ही हालात बन रहे हैं। इसकी वजह बने हैं प्रयागराज के माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का अपमान और यूजीसी की नई गाइडलाइन। और, अब फिल्म 'घूसखोर पंडत'। भाजपा नेता गोपाल भार्गव को कहना पड़ गया कि ब्राह्मण सभी की नजरों में खटकने लगे हैं। राजनीतिक दलों और संगठनों का एक ही लक्ष्य है, ब्राह्मणों को मारो या दबाओ। भार्गव ने कहा कि पहले हमारे सीएम, अधिकारी होते थे, आधी कैबिनेट हमारी होती थी। लेकिन अब गिने-चुने लोग ही बचे हैं। उन्होंने ब्राह्मण समाज को धर्म की रक्षा के लिए एक होने का आह्वान किया।

अब क्या करेगी जंबो टीम बनाने वाली प्रदेश कांग्रेस

प्रदेश और जिला कांग्रेस की टीम कितनी बड़ी हो सकती है, कोई नहीं जानता। कई बार उपाध्यक्ष, सचिव और महासचिव की संख्या सैकड़ों में पहुंच जाती है। इसीलिए कांग्रेस की टीम जंबो होती है। चुनाव नजदीक हों तब तो कांग्रेस में पदाधिकारियों की नियुक्तियों का सिलसिला लगातार जारी रहता है। राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के ताजा निर्देश ने प्रदेश नेतृत्व की टेंशन बढ़ा दी है। उन्होंने राज्यों को निर्देश दिया है कि जिला कार्यकारिणी छोटी होगी। इसके साथ बड़े और छोटे जिलों के लिए संख्या भी निर्धारित कर दी है। उन्होंने राज्य और जिलों को पत्र लिख कर कहा है कि बड़े जिलों में 55 और छोटे जिलों में 35 सदस्य बनाए जाएंगे।

मंत्री करण सिंह का अब 'भ्रष्टाचार' पर वार

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने पहले लाड़लियों को लेकर बयान दिया। बवाल मचा तो मंत्री को पलटना पड़ा। अब उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर सभी को घेर लिया है। उन्होंने खुद को ईमानदार और अन्य को रिश्वतखोर ठहराया दिया। उन्होंने कलेक्टरों को भी लपेटे में ले लिया। कहा कि कलेक्टर ही मुझसे कहते हैं कि थोड़ा बहुत तो चलता है। इससे पहले मुख्य सचिव अनुराग जैन कह चुके हैं कि कलेक्टरों द्वारा रिश्वत लेने की शिकायतें मुख्यमंत्री तक पहुंची हैं।

नितिन की नई टीम में इन नेताओं के नामों की चर्चा

बिहार के अपेक्षाकृत युवा नेता नितिन नबीन के भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनकी टीम को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। खासकर यह कि उनकी टीम में मप्र का कितना दबदबा रहेगा? नितिन सवर्ण हैं और कायस्थ समाज से आते हैं। लगता है कि उनकी टीम में सवर्ण कम पिछड़े, दलित और आदिवासी ही ज्यादा होंगे। फिर भी कुछ सवर्ण तो लिए जाएंगे। इनमें सांसद वीडी शर्मा, अरविंद भदौरिया और नरोत्तम मिश्रा को प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है। दलित नेताओं में लाल सिंह आर्य और आदवासियों में गजेंद्र सिंह पटेल व सुमेर सिंह के नामों की चर्चा है। महिलाओं में राज्य सभा सदस्य कविता पाटीदार को जगह मिल सकती है।

दिनेश निगम 'त्यागी'

यूजीसी के निर्णय के विरोध में करणी सेना ने निकाला मशाल-जुलूस

प्रदर्शन कर रहे करणी सेना के लोग।

कानून वापस लेने की मांग, पुलिस ने राजभवन जाने से रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूजीसी के निर्णय के विरोध में रविवार को शाम क्षत्रिय करणी सेना ने मशाल जुलूस निकालकर विरोध दर्ज करवाया। जुलूस भारत माता चौराहा से शुरू होकर राजभवन तक जाना था, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही उसे रोक लिया। राज्यपाल को ज्ञापन देने के लिए सिर्फ पांच लोगों को जाने की अनुमति दी गई। प्रदर्शनकारी काला कानून वापस लेने की मांग कर रहे थे। इस प्रदर्शन में सवर्ण समाज के कई संगठन और आम नागरिक भी इसमें शामिल हुए।

- राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के लिए प्रदर्शन कर रहे केवल पांच लोगों को ही अनुमति प्रदान की गई

पटवारी बोले-मंत्री बोल रहे थोड़ा बहुत भ्रष्टाचार हर जगह, फिर किसी पर भी कार्रवाई क्यों नहीं?

भोपाल। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा राजगढ़ में दो दिन पहले दिए गए बयान पर मोहन सरकार को घेरा है। पटवारी ने एक्स पर लिखा है कि आज 20 साल की भाजपा सरकार में एक भी विभाग में बिना चाय पानी के आम आदमी की फाइल पास नहीं होती, क्योंकि नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकतर विभाग भ्रष्टाचार के जाल में फंसे हुए हैं। अब प्रदेश को इस भ्रष्ट सरकार से मुक्त कराना ही कांग्रेस का प्रथम संकल्प है। पटवारी ने कहा है कि अब मोहन सरकार के राजस्व मंत्री कैमरे पर कह रहे हैं कि थोड़ा बहुत भ्रष्टाचार तो हर जगह ही है। जब मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री दोनों को यह बात पता ही है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, तो फिर किसी भी व्यक्ति पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। पटवारी ने कहा है कि पीएम मोदी आप मंचों से कहते थे न खाऊंगा न खाने दूंगा, पर मप्र में भाजपा सरकार के राजस्व मंत्री और सीएम स्वयं स्वीकार कर चुके हैं।

कांग्रेस का जिला अध्यक्षों को कमेटी गठन का निर्देश

कार्यकारिणी का आकार घटाएं, संगठन मजबूत करें और भाजपा की कमजोरियां लोगों तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी ने भोपाल संभाग के सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र की पंचायत और वार्ड कमेटियों का गठन 20 फरवरी तक पूरा कर संगठन को सौंपें। जिन जिलों ने अब तक मंडल की सूची नहीं भेजी है, उन्हें 5 दिन के भीतर तैयार करके संगठन को सौंपने के लिए कहा गया है। जिला अध्यक्षों को यह भी कहा गया है कि उनकी कार्यकारिणी का आकार छोटा किया जाए। पहले जहां किसी जिले में कार्यकारिणी में 70 सदस्य थे, उन्हें 35 सदस्यों तक सीमित करने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रभारी ने स्पष्ट किया कि जिला कार्यकारिणी हर हाल में छोटी होनी चाहिए।

प्रदेश कार्यालय में बैठक के दौरान पीसीसी चीफ ने सरकार की कमियों को जनता तक पहुंचाने की बात कही। भोपाल जिला के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की बैठक के दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ना और बीजेपी सरकार की कमजोरियों को जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने शहर कांग्रेस अध्यक्ष को शहर की मंडल कमेटी का गठन जल्द करने के लिए भी निर्देश दिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रभारी ने स्पष्ट किया कि जिला कार्यकारिणी हर हाल में छोटी होनी चाहिए

फाइल फोटो।

ग्राम, वार्ड और पंचायत की बनेगी कमेटी

बैठक आज इंदिरा भवन, भोपाल में आयोजित की गई। इसमें भोपाल जिले के जिला अध्यक्षगण और सभी ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना और ग्राम, वार्ड एवं पंचायत समितियों का गठन सुनिश्चित करना था। बैठक में संगठनात्मक रणनीति, आगामी योजनाओं और पंचायत एवं वार्ड कमेटियों के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे कांग्रेस प्रदेश संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी तैयारियों में तेजी लाई जा सके।

सीहोर से मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, बनारस और प्रयागराज की कनेक्टिविटी

सांसद शर्मा के प्रयासों से दो ट्रेनों के स्टॉपेज अब सीहोर में स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांसद आलोक शर्मा ने विगत दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर ट्रेन कनेक्टिविटी को लेकर सीहोर वासियों की मांग को पूरा किया है।

रेल मंत्री वैष्णव ने सांसद शर्मा के प्रस्ताव पर दो महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज सीहोर में स्वीकृत किए हैं। उल्लेखनीय है कि इन ट्रेनों के स्टॉपेज हो जाने से सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने और कुबेरेश्वर धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। सीहोरवासियों के द्वारा वनारस, प्रयागराज, अहमदाबाद, मुंबई आदि धार्मिक और व्यापारिक महत्व के इन बड़े शहरों के लिए इन ट्रेनों की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी। सांसद आलोक शर्मा के संज्ञान में जब यह बात लाई गई तो उन्होंने रेल मंत्री से मुलाकात कर आग्रह किया था। जिसे रेल मंत्री ने स्वीकृति दे दी है। दरअसल, जब सांसद आलोक शर्मा सीहोर रेलवे स्टेशन पर विकास कार्यों का निरीक्षण आए थे। उस दौरान स्थानीय जन प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने प्रयागराज के लिए सीहोर से ट्रेन नहीं होने की समस्या से अवगत कराया था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों बताया कि परिवार में जब किसी आत्मीयजन, परिवारजन की मृत्यु हो जाती है तो अस्थि विसर्जन के लिए अस्थि कलश लेकर भोपाल जाना पड़ता है वहां से ट्रेन पकड़नी पड़ती है। सीहोर में ट्रेन का स्टॉपेज हो जाए तो इससे लोगों को बड़ी राहत मिल जाएगी। सांसद आलोक शर्मा ने रेलमंत्री से मुलाकात कर इस समस्या का समाधान किया है।

रेल मंत्री से भेंट करते सांसद शर्मा।

इन ट्रेनों को मिला सीहोर में स्टापेज

- 19489/19490 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस
- 19091/19092 गोरखपुर-हमसफर एक्सप्रेस

पेज एक का शेष

'ट्रेड डील' में किसानों ...

सरकार युवा, गरीब, किसान और महिलाओं का कल्याण सर्वोपरि है। डॉ. यादव शहडोल जिले के धनपुरी में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि और उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 44 लाख हेक्टेयर हुआ है। युवाओं को भी बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती को लाभप्रद बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों को बिजली में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे। दुग्ध उत्पादन, दलहन उत्पादन के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। इन सब गतिविधियों से परिवारों के पोषण की स्थिति में भी सुधार होगा।

भारत 5 साल में ...

खरीदने का इरादा रखता है। किसानों की आय पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि अमेरिकी बाजार किसानों को अधिक मूल्य देगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका के व्यापार समझौतों से किसानों को नई निर्यात संभावनाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें बेहतर दाम और लाभ मिलेगा।

भारत बनेगा 30-25 ट्रिलियन ...

ने बताया कि भारत पहले ही विमानों और इंजन के लिए 50 अरब डॉलर के ऑर्डर दे चुका है और अब अगले पांच साल में हवाई नौका क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक की आवश्यकता होगी। इसके अलावा तेल, एलएनजी, एलपीजी और कच्चा तेल भी अमेरिका से आयात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टील उद्योग की तेज़ बढ़ती मांग के कारण भारत को वर्षाना 30 अरब डॉलर के कोकिंग कोयले की जरूरत होगी। यह सामान पहले भी आयात किया जा रहा है और कुछ नया नहीं है।
गोयल ने कहा कि बड़े टेक्नोलॉजी फर्म भारत में निवेश कर रहे हैं और देश में 10 गीगावाट डेटा सेंटर बनने वाले हैं। इसके लिए आवश्यक उपकरण अमेरिका से उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इसके अलावा एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और उच्च गुणवत्ता वाले मशीनरी की जरूरत भी अमेरिका पूरा कर सकता है।

भारतीय कृषि उत्पादों ...

रविवार को भोपाल स्थित अपने निवास में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की मूल ताकत कृषि उत्पादों को समझौते से बाहर रख कर भारतीय कृषि और किसान को सर्वोपरि रखा गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, मोटे अनाज, पोल्ट्री, डेयरी, केले, स्ट्रॉबेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग जैसे उत्पादों पर टैरिफ में कोई छूट नहीं दी गई। हमारे प्रमुख अनाज सुरक्षित रहना चाहिए, वह सब के सब सुरक्षित रहेंगे, इस चिंता का ध्यान रखा गया है। अमेरिका के लिए नहीं खोला गया है। अनाज, आटा, चावल, बाजरा इत्यादि आलू, प्याज, मटर, मशरूम, दलहन, स्ट्रॉबेरी जैसे अमेरिकी कृषि उत्पादन भारत नहीं आएंगे। इसके अलावा डब्बा बंद सब्जियां भी भारत नहीं आएंगी।

और, क्या बोले संघ ...

में है और वह भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई का समर्थन करेगा

- बांग्लादेश में अभी भी 1.25 करोड़ हिंदू हैं। यदि वे एकजुट हो जाएं, तो वे वहां की राजनीतिक व्यवस्था का उपयोग अपने हित और अपनी सुरक्षा के लिए कर सकते हैं
- देश में बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक जैसी कोई चीज नहीं है, हम सभी एक ही समाज का हिस्सा हैं
- जब धर्म में आध्यात्मिकता नहीं रहती, तो वह आक्रामक और हावी होने लगता है
- वीर सावरकर को भारत रत्न मिलने से बढ़ेगी उसकी गरिमा
- आरएसएस एक युवा संगठन है, जहां स्वयंसेवकों की औसत उम्र 28 साल है, और इसे 25 साल तक लाने का लक्ष्य है

विजय शाह केस में सुप्रीम ...

रात में दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले थे। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंत्री शाह को लेकर बने हालात पर चर्चा की है। इसके साथ ही सीनियर वकीलों से भी इस मामले में सलाह ली गई है, ताकि कोर्ट में सरकार अपना बचाव पक्ष मजबूती से रख सके। सरकार कुछ मामलों में जांच के आधार पर समय सीमा बढ़ाने की मांग कोर्ट से कर सकती है, इस पर भी पार्टी और सरकार में मंथन हुआ है। 2 दिन पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी दिल्ली प्रवास के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन से मिले थे।
इसके बाद ही मंत्री विजय शाह को फिर से माफी मांगने के लिए कहा गया है और शनिवार को मंत्री शाह ने लिखी गई माफी को पढ़कर माफी मांगी है। सरकार ने अपनी मंशा से जुड़ी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश करने के लिए दिल्ली भेज दी है। इस संबंध में गृह विभाग के एसीएस शिवशेखर शुक्ला, सचिव कृष्णा वेणी देशावतु और अतिरिक्त सचिव मनीषा सेंतिया दिल्ली गए थे। 9 फरवरी को अभियोजन से जुड़े बिंदु पर सुनवाई संभावित है, जबकि 11 फरवरी को मामले के अन्य पहलुओं पर सुनवाई हो सकती है।

युवा मोर्चा नेता ने ...

तिवारी, समीर शर्मा और आदित्य ने उनका पीछा किया और बीच रास्ते में रोककर हमला बोल दिया। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से वर्चस्व को लेकर रंजिश चली आ रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। 20 दिन पहले महू नाका चौराहे पर भी इन युवकों को घेरने की कोशिश की गई थी। उस वक्त युवक कार भगाकर निकलने में कामयाब रहे थे। मामला छत्रीपुरा थाने तक पहुंचा था, लेकिन तब दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया था।

महिला के बाल पकड़े ...

बीच विवाद बढ़ गया। मामला मारपीट तक पहुंच गया। महिला ने संतोष को चप्पल से मारने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपी ने भी लाठी-डंडों और मुक्कों से महिला पर हमला कर दिया। बहरी थाना प्रभारी राजेश पांडे ने बताया कि महिला की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

कटनी सबसे ठंडा...

6.1, उमरिया, खजुराहो, पचमढ़ी में 8.4, राजगढ़ 8.5 और शाजापुर में 8.8 डिग्री तक दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन का पारा दशमलव एक डिग्री गिरकर 27.3 और रात का दशमलव 6 डिग्री की गिरावट के साथ 10.4 डिग्री रहा है। यह नॉर्मल से 1.8 डिग्री कम रहा है।

दो दिन बाद बढ़ेगा रात का पारा: - रविवार को भोपाल सहित अधिकांश जिलों में हवा में नमी में तेजी से कमी रही। रात का औसत पारा भी 12 डिग्री तक थमा रहा। दिन के तामपान में औसतन आधा डिग्री की घट-बढ़ के साथ अधिकतम पारा 28 डिग्री तक रहा। शनिवार को सुबह 8:30 बजे की हवा में 85 फीसदी से अधिक नमी थी, जो रविवार को 70 प्रतिशत तक रही। शाम को यह 50 फीसदी से घटकर 45 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसके बाद रात का पारा बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास है। इसका असर प्रदेश में 12 फरवरी के आसपास दिखेगा। कुछ जिलों में बादल छाएंगे, जबकि रात का पारा तेजी से बढ़ेगा।

कुछ जिलों में ...

तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़त हो सकती है। 12 से 16 फरवरी के बीच कुछ जिलों में बौछारों की भी उम्मीद है।

न्यायिक निर्णय पूरी तरह ...

बनाने में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर मंथन करना रहा। भोपाल स्थित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (एनजेए) में यह कॉन्फ्रेंस हुई।
न्यायाधीशों ने इस बात पर सहमति जताई कि एआई का उपयोग मामलों की पेंडेंसी कम करने और प्रक्रियाओं को तेज करने में सहायक हो सकता है। हालांकि, यह भी स्पष्ट किया गया कि न्यायिक निर्णय पूरी तरह न्यायाधीशों के विवेक पर ही आधारित रहेंगे और फैसलों में एआई की कोई भूमिका नहीं होगी। एआई को केवल सहायक उपकरण के रूप में अपनाने पर जोर दिया गया। भोपाल कॉन्फ्रेंस की थीम 'एकीकृत, कुशल और जन-केंद्रित न्यायपालिका' रखी गई थी। इस विषय पर जस्टिस जेके महेश्वरी, जस्टिस बीबी नागरत्ना, जस्टिस पी. नरसिम्हा, जस्टिस दीपांकर दत्ता, जस्टिस जॉय माल्या बागची और जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली ने अलग-अलग पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। चर्चा में डिजिटल नवाचारों के जरिए भाषाई और भौगोलिक बाधाओं को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया गया। गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में एआई के उपयोग को लेकर पहले ही एक समिति का गठन किया हुआ है, जिसका दिसंबर 2025 में पुनर्गठन किया गया। यह समिति सुप्रीम कोर्ट और अधीनस्थ न्यायालयों में एआई टूल्स के विकास, उपयोग और कार्यान्वयन के लिए रोडमैप तैयार करेगी। इस समिति के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस पीएस नरसिम्हा हैं। रविवार दोपहर बाद सभी न्यायाधीश और उनके परिजन भोपाल से अपने गंतव्यों के लिए रवाना हो गए।

अदालतों के कामकाज का नियमित ...

न्यायपालिका के काम को अधिक प्रभावी और तेज बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने न्यायिक नीतियों में सुधार और न्यायपालिका के प्रदर्शन के नियमित मूल्यांकन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

परिजनों ने भोपाल ...

स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर और ट्राइबल म्यूजियम सहित अन्य दर्शनीय स्थलों को देखा और भोपाल की प्राकृतिक व सांस्कृतिक सुंदरता का अनुभव किया।

खाना में छिपकली गिरने से 70 से अधिक बच्चे बीमार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मधेपुरा में बच्चों के मध्यान्ह भोजन घातक साबित हुआ। सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारू टोला, साहुगढ़ में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) खाने से 70 से अधिक बच्चे बीमार हो गए। सभी बच्चों का सदर अस्पताल में इलाज किया गया। हालत में सुधार होने के बाद सभी को देर शाम घर भेज दिया गया। एमडीएम में छिपकली गिरना बच्चों के बीमार होने का कारण बताया गया। स्कूल प्रबंधन के अनुसार शनिवार को दोपहर में करीब डेढ़ बजे बच्चों को एमडीएम दिया गया। खाना खाने के कुछ देर बाद ही बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी।

RFP Document for supply, installation, Commissioning and Maintenance of IP based CCTV surveillance system at 49 PS/OP's of Madhya Pradesh On Turn-key Basis

POLICE TELECOM HEADQUARTERS, MADHYA PRADESH
Bhadbhada Road, Bhopal- 462003
Fax No. 0755-2443674, E-mail: ssp_radio@mppolice.gov.in

NIT No. PTHQ/CCTV-29/24/D-2017/2026, -:: Notice Inviting e-Tender::- 3rd Call — Bhopal Date: 02/02/2026

2nd e-Tenders are invited by the Senior Superintendent of Police (Radio) MP Bhopal on behalf of DGP MP Bhopal for the following work items :-

Sr.No	Name of item	Required EMD Rs.	Tender documents Fee Rs.
1.	Supply, Installation, Commissioning and Maintenance of IP based CCTV surveillance system at 49 PS/OP's of M.P. Police	Rs. 5 Lakhs	10,000/-

1. Cost of tender documents is Rs. 10,000/- (Tender fee) (Rupees Ten Thousand only) which is non-refundable and cannot be exempted in any condition. Must be paid online at the time of filling e-tender.
2. Tender documents can also be download from the website of MP Police (www.mppolice.gov.in).
3. The Tender Should be submitted online on website https://www.mptenders.gov.in and within scheduled date and time.
4. This is a turn-key Project.
5. Schedule Date & Time

S.No	Activity of tender	Date	Day	Time
1.	Documents Publish/download/Sale Start Date	02/02/2026	Monday	18:00 Hrs
2.	Bid Submission Start Date	03/02/2026	Tuesday	18:30 Hrs
3	Bid Submission End Date	12/02/2026	Thursday	15:00 Hrs
4.	Opening of PQ Bid	13/02/2026	Friday	15:10 Hrs

जी - 25547/25 — स्वच्छता ही सेवा — Senior Superintendent of Police (Radio) Madhya Pradesh, Bhopal

कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायसेन

दूरभाष क्रमांक कार्या. 07482-223251 // प्रेस विज्ञप्ति // ई-मेल eeresraisen@mp.gov.in

क्रमांक 192 /व.ले.लि. /2026 — रायसेन, दिनांक 30/01/2026

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 09/2025-26 / रायसेन

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट: https://www.mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है:-

क्र.	सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	निविदा लागत (पी.ए.सी.) (रू.लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि (रुपए में)	अवधि वषार्काल सहित (दिवस)	आमंत्रण क्रम
1	2026_RES _479354	अधीक्षक आवास गृह निर्माण कार्य कन्या आश्रम बम्होरी वि.खं. सिलवानी	18.75	0.375	2000/-	180	प्रथम
2	2026_RES _479355	अधीक्षक आवास गृह निर्माण कार्य बालक आश्रम प्रतापगढ़, वि.खं. सिलवानी	18.75	0.375	2000/-	180	प्रथम
3	2026_RES _479356	अधीक्षक आवास गृह निर्माण कार्य कन्या आश्रम नगर सिलवानी, वि.खं. सिलवानी	18.75	0.375	2000/-	180	प्रथम

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय एवं प्रस्तुत करने की दिनांक 07/02/2026 समय 10:30 बजे से दिनांक 23/02/2026 समय 05:00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। निविदा में संशोधन सूचनाऐं केवल बेबसाईट पर दी जावेगी, पृथक से कोई सूचना समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

जी - 25551/25 — स्वच्छता ही सेवा — कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायसेन म.प्र.

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यवस्थापक

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रामबाबू मीणा पुत्र श्री दीवान सिंह आयु 34 वर्ष निवासी ग्राम-परवरिया, तह. वैरसिया, जिला-भोपाल म.प्र. का निवासी हूँ। मेरे शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम रामबाबू मीणा पुत्र दीवान सिंह दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम दीवान सिंह मीना पुत्र भीकम सिंह मीना दर्ज हो गया है जो कि गलत हैमेरा सही नाम व सरनेम रामबाबू मीणा पुत्र श्री दीवान सिंह है जो सही एवं सत्य है में इसी नाम व सरनेम से जाना पहचाना जाता हूँ।

R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

राशिफल

मेष - दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष - मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन - व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क - परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह - संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या - संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

तुला - वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु - क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर - व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ - आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन - मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

शब्द पहेली - 6133



बाएँ से दाए
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

ऊपर से नीचे
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

शब्द पहेली - 6132 का हल

सूडोकु नवताल - 6143

★☆☆☆☆ सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6142 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

खबर संक्षेप

एलएंडटी मार्च अंत तक डेटा सेंटर की क्षमता बढ़ाएगा

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने मार्च के अंत तक 18 मेगावाट की डेटा सेंटर क्षमता चालू करने की योजना बनाई है, जिससे चालू वित्त वर्ष के अंत तक इसकी कुल परिचालन क्षमता 32 मेगावाट हो जाएगी। डेटा सेंटर के लिए कुल पूंजीगत व्यय लगभग 1,000 करोड़ रुपए है।

सीमेंस का लाभ 26 फीसदी घटकर 269 करोड़ रहा

नई दिल्ली। सीमेंस लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ लगभग 26 प्रतिशत घटकर 269 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी के लाभ में यह गिरावट विदेशी मुद्रा में हुए नुकसान और नए श्रम कानूनों के लागू होने के एकमुश्त प्रभाव के कारण आई। सीमेंस लिमिटेड ने 2024-25 की तीसरी तिमाही के वित्त परिणामों की जानकारी दी।

डिश टीवी का घाटा बढ़कर 276.23 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। डीटीएच सेवा प्रदाता डिश टीवी इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 276.23 करोड़ रुपए हो गया। डिश टीवी ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि एक साल पहले की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उस 46.54 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था।

श्री सीमेंट का लाभ 38 फीसदी बढ़कर 267 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। श्री सीमेंट लिमिटेड ने बताया कि लागत प्रबंधन और प्रीमियम उत्पादों पर विशेष ध्यान देने की वजह से दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 38.16 प्रतिशत बढ़कर 267.65 करोड़ रुपए हो गया। श्री सीमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि उसने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 193.72 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

जेएलआर को हुआ 31 करोड़ पाउंड का घाटा

नई दिल्ली। साइबर हमले की घटना के कारण उत्पादन में आई रुकावट से प्रभावित हुई जगुआर लैंड रोवर को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 31 करोड़ पाउंड का घाटा हुआ। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 52.3 करोड़ पाउंड का लाभ कमाया था।

कल्याण ज्वेलर्स के मुनाफे में 90 फीसदी का इजाफा

मुंबई। कल्याण ज्वेलर्स इंडिया ने बताया कि उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 90.36 प्रतिशत बढ़कर 416.29 करोड़ रुपए हो गया। पिछले वित्तवर्ष की इसी तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 218.68 करोड़ रुपए था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन से होने वाला राजस्व 42.11 प्रतिशत बढ़कर 10,343.41 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 7,278.09 करोड़ रुपए था। वित्तवर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान अंतरराष्ट्रीय परिचालन से कुल राजस्व में 38 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

टेस्ला को लगा तगड़ा झटका, 88 प्रतिशत कम हुई सेल, जनवरी में बिकीं 83 कारें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एलन मस्क की टेस्ला से ग्राहक रूठ गए हैं। जनवरी 2026 के सेल्स आंकड़े यही बता रहे हैं। यूरोपियन मार्केट में टेस्ला सेल्स के मामले में बैकफुट पर है। इसका प्रभाव अब ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर के कुछ सबसे बड़े मार्केट्स में दिखने लगा है। यूरोप में खासतौर से नॉर्वे टेस्ला का एक सबसे मजबूत और बड़ा मार्केट माना जाता था। टेस्ला की अब यहां भी पकड़ ढीली होती दिख रही है। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 के नए रजिस्ट्रेशन आंकड़ों से पता चलता है कि टेस्ला मॉडल वाई की 62 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो कुल नई कार बिक्री का 2.8 प्रतिशत है। पूरी रेंज में टेस्ला ने 83 यूनिट्स सेल किए, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 88 प्रतिशत कम है।

- नार्वे टेस्ला का सबसे मजबूत और बड़ा मार्केट था, अब पकड़ से बाहर

यूरोपीयन मार्केट में टेस्ला सेल्स के मामले में बैकफुट पर

वीडब्ल्यू की आईडी-3 सबसे आगे

टेस्ला की प्रतिद्वंद्वी कंपनियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जिनमें फॉक्सवैगन आईडी-3 299 यूनिट्स की बिक्री के साथ सबसे आगे है और यह टेस्ला से लगभग 5 गुना अधिक है। टेस्ला को भले ही चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन नॉर्वे में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार अभी भी अच्छा है। पिछले महीने नॉर्वे में बिकने वाले सभी नए वाहनों में से 94 प्रतिशत ईवी थे। डीजल वाहनों की बिक्री मात्र 98 रही और पूरे देश में केवल 7 पेट्रोल कारों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जो अब तक का सबसे कम आंकड़ा है।

स्पेन और इटली में टेस्ला का जलवा

नॉर्वे में टेस्ला को भले ही मुश्किलों का सामना करना पड़ा हो, लेकिन चुनिंदा यूरोपीय बाजारों में इसकी सेल में बढ़ोतरी हुई है। स्पेन की बात करें, तो यहां सेल 70 प्रतिशत बढ़कर 456 यूनिट तक पहुंच गई। इसके अलावा, इटली में बिक्री 75 प्रतिशत बढ़कर 713 यूनिट हो गई, स्वीडन में यह 26 प्रतिशत बढ़कर 512 यूनिट और डेनमार्क में 3 प्रतिशत इजाफे के साथ 458 यूनिट रही। सेल में इस उछाल की वजह मॉडल 3 और मॉडल वाई के हाल ही में लांच किए गए बजट-फ्रेंडली और सिंप्लिफाइड वर्जन से जुड़ा है।

भारत में सेल बढ़ाने कई ऑफर

इन स्टैंडर्ड मॉडल्स को टेस्ला के पुराने प्रोडक्ट लाइन को पुनर्जीवित करने के लिए पेश किया गया था, जिसे नए और अधिक इनोवेटिव राइवल्स से पिछड़ने के लिए बढ़ती आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। भारतीय बाजार की बात करें, तो मॉडल वाई की सेल बढ़ाने के लिए कई स्कीम ऑफर कर रही है, जिसमें एक आईसीई व्हीकल के बदले 3 लाख रुपए तक का एक्सचेंज बोनस भी शामिल है।

भारत-अमेरिका समझौते पर उद्योगों की मिश्रित प्रतिक्रिया

उद्योगों को सोयाबीन तेल, पशु आहार में शुल्क कटौती पर स्पष्टता का इंतजार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर खाद्य तेल और सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग ने मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उद्योग को शुल्क कटौती, कोटा तंत्र और गुणवत्ता विशिष्टताओं पर महत्वपूर्ण विवरणों का इंतजार है।

समझौते के तहत, अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत अमेरिका के औद्योगिक सामानों और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म या घटा देगा। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि भारत की सोयाबीन तेल आयात पर भारी निर्भरता को देखते हुए समझौते का असर महत्वपूर्ण हो सकता है।

भारत ने रिकॉर्ड सोयाबीन तेल आयात किया

खाद्य तेल वर्ष 2024-25 (नवंबर-अक्टूबर) के दौरान, भारत ने रिकॉर्ड 54.7 लाख टन सोयाबीन तेल आयात किया, जो मुख्य रूप से अर्जेंटीना और ब्राजील से आया था और इसका अधिकांश हिस्सा जैविक रूप से संशोधित था। वर्तमान में भारत अमेरिका से केवल 1.5 लाख से 2 लाख टन सोयाबीन तेल आयात करता है, जिस पर 16.5 प्रतिशत शुल्क लगता है।

- शुल्क कटौती, कोटा तंत्र व गुणवत्ता विशिष्टताओं पर विवरण का इंतजार
- शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 फीसदी किया जाएगा
- सोयाबीन तेल के आयात पर भारी निर्भरता को देखते समझौता महत्वपूर्ण

पशु आहार की अतिरिक्त आपूर्ति बढ़ेगी

एसईए अधिकारी ने कहा कि पशु आहार के शुल्क मुक्त आयात से देश में मवेशी और पोल्ट्री क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त आपूर्ति बढ़ेगी। भारत इस समय लगभग 75 लाख से 80 लाख टन डिस्टिलर्स' ड्राइड ग्रेन्स (डीडीजीएस) का उत्पादन करता है, जो मक्का और चावल का उप-उत्पाद है और सोया तथा रैपसीड मील की जगह लेता है।

घरेलू उत्पादन और कीमतों पर असर पड़ेगा

मेहता ने चेतावनी दी कि अमेरिकी डीडीजीएस की आपूर्ति से घरेलू उत्पादन और कीमतों पर असर पड़ेगा, जिससे घरेलू प्रसंस्कर्ताओं पर प्रभाव पड़ेगा। सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग संघ (एसओपीए) के कार्यकारी निदेशक डीएन पाठक ने एक और चिंता व्यक्त की कि भारत ने अभी तक जैविक रूप से संवर्धित डीडीजीएस को मंजूरी नहीं दी है।

अमेरिकी सोयाबीन तेल अधिक महंगा होता है

इसमें 10 प्रतिशत बुनियादी कस्टम शुल्क, 5 प्रतिशत कृषि उपकर और 1.5 प्रतिशत शिक्षा उपकर शामिल हैं। एसईए के कार्यकारी निदेशक बीवी मेहता ने कहा कि अमेरिका से आने वाला सोयाबीन तेल भारत के लिए सामान्यतः प्रति टन 30-40 अमेरिकी डॉलर अधिक महंगा होता है, साथ ही अतिरिक्त लॉजिस्टिक लागत भी होती है, इसलिए शुल्क में कमी का फायदा भारतीय आयातकों को कम मिलेगा।

सोयाबीन तेल के आयात पर कोई नीति स्पष्ट नहीं

यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी सोयाबीन तेल को कोटा आधारित तरीके से बिना किसी मूल सीमा शुल्क के अनुमति दी जाएगी और क्या 6.5 प्रतिशत कृषि और शिक्षा शुल्क से छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें यह देखना होगा कि क्या शुल्क को घटाया या समाप्त किया जाएगा।

तिमाही नतीजे इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा मुद्रास्फीति के आंकड़ों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। इसके अलावा, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और तीसरी तिमाही के नतीजे भी सप्ताह के दौरान बाजार को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक कारक मौजूद हैं। भारत में, निवेशक 12 फरवरी को आने वाले खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों और 13 फरवरी को आने वाले विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। मिश्रा ने आगे कहा कि तिमाही नतीजे भी आ रहे हैं, जिसमें टाइटन कंपनी और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियों के परिणाम इस सप्ताह आने हैं। वैश्विक स्तर पर, प्रतिभागी अमेरिकी आंकड़ों और हालिया गिरावट के बाद नैस्डैक कंपोजिट के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे।

- मुद्रास्फीति के आंकड़े, वैश्विक रुझान भी डालेंगे प्रभाव
- वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां तय

सरकारी बैंकों का मुनाफा दो लाख करोड़ के पार जाएगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की बेहतर स्थिति से उत्साहित वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने भरोसा जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में इन बैंकों का संयुक्त मुनाफा दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाना चाहिए।

- वित्तीय सेवा सचिव नागराजू ने जताया भरोसा
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के अच्छी स्थिति में होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत और जमा वृद्धि 10 प्रतिशत है, जो काफी उत्साहजनक है। उन्होंने कहा कि बैंक अर्थव्यवस्था की मजबूती के संकेत हैं। इसलिए, वे लचीले हैं। हमारे पास नियामक आरबीआई के तहत बहुत ही विवेकपूर्ण प्रबंधन प्रणाली मौजूद है। इसलिए हम अपने बैंकिंग क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाले बाहरी कारकों के बारे में बहुत चिंतित नहीं हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की लाभप्रदता के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस साल (चालू वित्त वर्ष) हम दो लाख करोड़ रुपए को पार कर जाएंगे। हमने पहली छमाही में ही लगभग एक लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को छू लिया है। मुझे लगता है कि हम दो लाख करोड़ रुपए को पार कर जाएंगे।

पीएसबी में एफडीआई बढ़ाने पर विचार

वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत करने पर विचार कर रहा है। इस पर नागराजू ने कहा, "हम अभी भी विचार कर रहे हैं, और एफडीआई सीमा को 49 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए अंतर-मंत्रालयी परामर्श जारी है।"

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आईपीओ को निदेशक मंडल से मिली मंजूरी

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निदेशक मंडल ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंजूरी दे दी। यह निर्गम पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा और इसमें नया निर्गम शामिल नहीं होगा। यह निर्णय बाजार नियामक सेबी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने के कुछ ही समय बाद आया है। इसके साथ ही एक दशक से अधिक की देरी के बाद एक्सचेंज के लिए अपनी सूचीबद्धता योजनाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। एक बयान के मुताबिक, निदेशक मंडल की बैठक में आईपीओ प्रक्रिया को पूरा करने के लिए गठित समिति के पुनर्गठन को भी मंजूरी दी गई। पुनर्गठित समिति की अध्यक्षता गैर-स्वतंत्र निदेशक तबलेश पांडेय करेंगे।

हिंदुस्तान जिंक ने प्रोटोटाइप बैटरी विकसित की

नई दिल्ली। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने कहा कि उसने जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (जेएनसीएएसआर) के सहयोग से बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के लिए 'जिंक-आयन बैटरी पाउच सेल प्रोटोटाइप' विकसित किया है। कंपनी के अनुसार, यह विकास ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों में भारत के स्वदेशी अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान में कहा गया कि जस्ता (जिंक) संसाधनों की प्रचुरता, कम लागत और व्यापक उपलब्धता के कारण जिंक-आयन बैटरियां स्थिर ऊर्जा भंडारण के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही हैं।

सार्वजनिक निर्गम आईपीओ लाने की तैयारी में फोनपे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वॉलमार्ट समर्थित फिनटेक दिग्गज फोनपे अप्रैल में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी की योजना भारत के डिजिटल भुगतान बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ-साथ वित्तीय सेवाओं और नए उपभोक्ता मंचों के क्षेत्र में विस्तार करने की है। कंपनी ने अपने मसौदा दस्तावेजों (डीआरएचपी) में उल्लेख किया है कि डिजिटल भुगतान में इसकी प्रगति का प्रमुख स्रोत बना रहेगा। इसके विस्तार के लिए कंपनी अपने उपभोक्ता आधार, संभावित बाजार और मंच के कार्यक्षेत्र को व्यापक बनाने हेतु पूंजी लगाने की योजना बना रही है। उद्योग के अनुमानों का हवाला देते हुए कंपनी ने कहा कि भारत में डिजिटल उपभोक्ता भुगतान का कुल संभावित बाजार वित्त वर्ष 2025 में 301 लाख करोड़ रुपए था, जिसके वित्त वर्ष 2030 तक बढ़कर 602-681 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है। फोनपे ने अप्रैल में अपना आईपीओ लाने का लक्ष्य रखा है। यह पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) होगा, जिसके तहत वॉलमार्ट, माइक्रोसॉफ्ट और टाइगर ग्लोबल जैसी निवेशक कंपनियां अपने 5.06 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगी। इस प्रक्रिया में नए शेयरों का कोई ताजा निर्गम शामिल नहीं होगा।

सेबी से आईपीओ के लिए मिल चुकी मंजूरी

कंपनी को जनवरी में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आईपीओ के लिए मंजूरी मिल गई थी। फोनपे अपने वित्तीय सेवा वितरण व्यवसाय, जैसे ऋण और बीमा का भी विस्तार कर रही है। राजस्व के स्रोतों में विविधता लाने के लिए कंपनी अपने धन प्रबंधन मंच 'शेयर मार्केट' और स्वदेशी ऐप स्टोर 'इंडस ऐपस्टोर' जैसे नए मंचों पर भी पूंजी निवेश कर रही है।

परिवार ऐसे विकल्पों की ओर बढ़ रहे जिसमें रिटर्न ज्यादा हो

कम रिटर्न व महंगाई से अब भारतीयों का एफडी से छूटा मोह

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कई सालों से भारतीय परिवार अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), सोना और बचत जैसे पारंपरिक तरीकों पर भरोसा करते आए हैं। इनमें रिटर्न और जोखिम दोनों काफी हद तक तय रहते थे, जिससे प्लानिंग आसान होती थी। लेकिन अब एक चुपचाप बदलाव दिख रहा है।

- परिवार अब सोच समझ कर जोखिम ले रहे

परिवार ऐसे निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं जिनमें रिटर्न ज्यादा हो सकता है, भले ही जोखिम भी ज्यादा हो। म्यूचुअल फंड, शेयर और डिजिटल प्लेटफॉर्म अब सिर्फ एक्सपर्ट्स तक सीमित नहीं रहे हैं। आम परिवार भी सोच-समझकर जोखिम ले रहे हैं और असल वित्तीय सुरक्षा को नए नजरिए से देख रहे हैं।

एफडी से म्यूचुअल फंड की ओर

पीढ़ियों से एफडी भारतीय घरों की पसंद रही है। कम जोखिम, तय रिटर्न. लेकिन समस्या ये है कि एफडी का रिटर्न अक्सर महंगाई से कम रहता है, जिससे लंबी अवधि में संपत्ति नहीं बन पाती। अब लोग बेहतर रिटर्न के लिए म्यूचुअल फंड चुन रहे हैं। जैसे एक आईटी प्रोफेशनल पहले 3 लाख रुपए 7% एफडी में रखते थे। करीब दो साल पहले उन्होंने हर महीने 8,000 हजार इक्विटी म्यूचुअल फंड में लगाना शुरू किया। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्हें सालाना करीब 13% रिटर्न मिला एफडी से कहीं बेहतर।

शेयर बाजार को अपनाना

पहले शेयर बाजार को बहुत जोखिम भरा माना जाता था। अब सोच बदल रही है। मुंबई के एक दंपती, जो पहले सोना और एफडी में निवेश करते थे, उन्होंने पिछले साल बड़ी कंपनियों के शेयर खरीदे। रोजाना उतार-चढ़ाव के बावजूद उनके पोर्टफोलियो में करीब 15% बढ़त आई।

सिप का बढ़ता चलन

सिप ने निवेश का तरीका बदल दिया है। दिल्ली के एक मार्केटिंग प्रोफेशनल ने तीन साल पहले 5,000 रुपए की सिप शुरू की। बाजार के उतार-चढ़ाव के बावजूद आज उनका पोर्टफोलियो 2 लाख रुपए से ज्यादा का है बचत खाते से कहीं बेहतर।

पारंपरिक निवेश से आगे

अब लोग सोना और रियल एस्टेट के साथ-साथ इंटरनेशनल फंड और ईटीएफ जैसे विकल्प भी जोड़ रहे हैं, ताकि जोखिम बंटे और ग्रोथ बढ़े। अब जोखिम से पूरी तरह बचने की बजाय, उसे ग्रोथ का साधन माना जा रहा है। परिवार अपने निवेश पर नजर रखते हैं, बदलाव करते हैं और ज्यादा जागरूक हो रहे हैं।

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स
जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल

प्रॉपर्टी आई. डी. नं. 1221080227 आवेदन क्रमांक-10924
आवेदन दिनांक-28/01/2026
क्रमांक 1023 / राजस्व / भौविप्रा /26 भोपाल
दिनांक: 06/02/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड (227 सेक्टर-बी, आवंटी के मुख्तारआम श्री सुनील कुमार द्वारा प्रकोष्ठक एस। भू-तल जिसका क्षेत्रफल 502 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 16/02/2001, श्री रामकुमार सिंह आ. श्री केशव सिंह एवं प्रकोष्ठ एस भू-तल जिसका क्षेत्रफल 502 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 20/12/2001, श्री प्रदीप पाठक आ. स्वी. श्री सी.वी. पाठक को किया। श्री रामकुमार सिंह एवं श्री प्रदीप पाठक द्वारा प्रकोष्ठ. एस-। एवं प्रकोष्ठ एस-2 का विक्रय दिनांक 04/11/2008, श्री मनीष बोन्डेकर आ. श्री आर.जी. बोन्ड्रेकर को किया गया राखी कस्ट्रंक्शन द्वारा पार्टनर श्री सतीश विश्वकर्मा आ. श्री.एस.आर. विश्वकर्मा के मुख्तारआम श्री सुनील कुमार आ. श्री प्रताप राय द्वारा भूखण्ड पर निर्मित प्रकोष्ठ एस्स-प्रथम-तल जिसका क्षेत्रफल 515 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 16/02/2001, श्री अरुण जैन आ.श्री.वी. महाजन को किया गया। श्री अरुण जैन आ.श्री.वी. महाजन द्वारा पुन प्रकोष्ठ. एस-3 प्रथम-तल जिसका क्षेत्रफल 515 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 26/11/2008, सुश्री सुजाता भारती पुत्री स्वो. श्री एस.एल. भारती को किया गया। आवंटी के मुख्तारआम श्री सुनील कुमार द्वारा प्रकोष्ठ एस-4 प्रथम-तल जिसका क्षेत्रफल 515 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 21/08/2009, सुश्री सुजाता भारती पुत्री स्व. श्री एस.एस. भारती को किया गया। राखी कस्ट्रंक्शन द्वारा पार्टनर श्री सतीश विश्वकर्मा आ.एस.आर. विश वकर्मा के मुख्तारआम श्री सुनीत कुमार आ. श्री प्रताप राय द्वारा भूखण ड पर निर्मित प्रकोष्ठ एस-प्रथम तल जिसका क्षेत्रफल 502 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 27/11/2000, श्री रविदास सी.पी आ. श्री सी.एन. पदमानाभन को किया गया एवं प्रकोष ठ एस6 प्रथम-तल जिसका क्षेत्रफल 502 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 16/02/2001, श्री ओम प्रकाश पटेल आ. श्री रामचरण पटेल को किया गया। श्री रविदास सी.पी. एवं श्री ओमप्रकाश पटेल द्वारा पुन प्रकोष्ठ एस एवं प्रकोष्ठ एस. का विक्रय दिनांक 04/01/2009 श्री सुनील शर्मा आ. श्री ओ.पी. शर्मा को किया गया। राखी कस्ट्रक्शन द्वारा पार्टनर श्री सतीश विश्वकर्मा. आ.श्री.एस.आर. विश्वकर्मा के मुख्तारआम श्री सुनील कुमार आश्री प्रताप राय द्वारा भूखण्ड पर निर्मित प्रकोष्ठ एस-द्वितीय-तल जिसका क्षेत्रफल 515 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 18/10/2001, श्री राजी बाबू जोसफ आ. श्री यदूयशन बाबू को किया गया। आवंटी के मुख्तारआम प्रकोष्ठ एप्त-द्वितीय-तल जिसका क्षेत्रफल 515 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 18/10/2001, श्री विजय दुबे आ. श्री डी.डी. दुबे को किया गया। श्री विजय दुबे आ. श्री डी.डी. दुबे द्वारा प्रकोष्ठ एस-8 द्वितीब-तल जिसका क्षेत्रफल 515 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 07/08/2008 मनीष बोन्डेवकर आ. श्री.आर.जी. बोन्डेककर को किया गया। आवंटी के मुख्तारआम प्रकोष्ठ एश्न-द्वितीय-तल जिसका क्षेत्रफल 502 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 20/05/2001, श्री रमेश कोठारी आ. स्वि. श्री पीरचंद कोठारी एवं प्रकोष्ठ एसम् द्वितीय-तल जिसका क्षेत्रफल 502 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 19/02/2001 श्री रामचन्द्र आ श्री के.पी. स्वामी को किया। श्री रमेश कोठारी एवं श्री रामचन्द्र द्वारा पुन प्रकोष्ठ एश्न-एवं प्रकोष्ठ एस. का विक्रय दिनांक 13/05/2009, श्री दिनेश गुप्ता आ. श्री आर.सी. गुप्ता को किया। आवंटी के मुख्तारआम द्वारा प्रकोष्ठ पम-तृतीय-तल जिसका क्षेत्रफल 515 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 01/12/2001 श्री लक्ष्मी रायकवार पत्नी डॉश्री एन.आर. रायकवार एवं प्रकोष्ठ एस 2 तृतीय-तल जिसका क्षेत्रफल 515 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 16/02/2001, श्री अजीत दास आ. श्री प्रेमलाल दास को किया। श्री लक्ष्मी रायकवार एवं श्री अजीत दास द्वारा पुन प्रकोष्ठ एस। एवं प्रकोष्ठ एस 2 का विक्रय दिनांक 29/05/2009, श्रीमती अनीता शर्मा पत्नी श्री सुनील शर्मा एवं श्री सुनील शर्मा आ. श्री ओ.पी. शर्मा को किया गया। आवंटी के मुख्तारआम द्वारा प्रकोष्ठ एस। 3 तृतीय-तल जिसका क्षेत्रफल 502 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 26/09/2001, श्री मुकेश प्रसाद आ. श्री महेश्वरी प्रसाद एवं प्रकोष्ठ एम तृतीय-तल जिसका क्षेत्रफल 502 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 27/01/2000, श्री वीरेन्द्र कुमार सरैया आ.श्री के. पी. सरैया को किया। श्री वीरेन्द्र कुमार सरैया एवं श्री मुकेश प्रसाद द्वारा पुन प्रकोष्ठ क्रां 13 एवं 14 का विक्रय दिनांक 27/02/2009, श्री दिनेश गुप्ता आ. श्री आर.सी. गुप्ता को किया । समस्त क्रेताओं द्वारा उक्त भूखण्ड पर निर्मित सम्म पति जिस प्रकोष्ठ क्रं-एस-01 से एस-02, प्रथम-तल पर प्रकोष्ठ क्रं-एस-03 से एस-06, द्वितीय-तल पर प्रकोष्ठ क्रं.-एस-07 से एस-10 एवं द्वितीय-तल पर प्रकोष्ठ क्रं-एस-11 से एस-14 का विक्रय दिनांक 20/09/2012, श्री पीयुष गुप्ता आ श्री आर. के. गुप्ता एवं श्री रेहान खान आ श्री इमरान खान को कर विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया। पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर उक्त सम्म पत्ति का नामान्तरण अप संयुक्त नाम पर चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये /दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे । उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा । उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये / दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

Notice

This is to inform the general public that I, Nitin Yadav, son of Rajendra Kumar, resident of village Khargawali, Tehsil Makhan Nagar, District Narmadapuram, Madhya Pradesh, have the following information to share. **My actual date of birth is April 13, 2005**, which is also recorded in my birth certificate, Aadhaar card, and my 6th and 8th-grade mark sheets. However, my 9th and 10th-grade mark sheets incorrectly show my date of birth as February 26, 2002 and February 26, 2000, respectively. Therefore, my **correct date of birth is April 13, 2005**, which should be considered valid in all my documents.

Nitin Yadav
Son of Rajendra Kumar
Resident of Village Khargawali, Tehsil Makhan Nagar, District Narmadapuram

चिंतन

ट्रेड डील में किसानों और घरेलू उद्योगों के हित सुरक्षित

भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (ट्रेड डील) ने देश में कृषि और घरेलू उद्योग के लिए राहत दी है। इस ऐतिहासिक समझौते में भारतीय किसानों की प्रमुख फसलें, डेयरी उत्पाद और पोल्ट्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। गेहूं, चावल, तिलहन, आलू, मसाले, मक्का, सोयाबीन, आटा और एथनॉल जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद समझौते के दायरे से बाहर रखे गए हैं। इसके साथ ही पोल्ट्री और चिकन का आयात भी प्रतिबंधित किया है, जिससे घरेलू पोल्ट्री उद्योग को कोई नुकसान नहीं होगा। विशेषज्ञों के अनुसार यह समझौता एक प्रकार का 'लेबर ऑफ लव' है यानि एक ऐसा प्रयास, जो रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ दिल से और पूरी मेहनत से किया गया है। इसमें किसी तरह की मजबूरी नहीं थी। इस दृष्टिकोण ने यह सुनिश्चित किया कि भारत ने अपने किसानों और घरेलू उद्योगों के हितों से कोई समझौता नहीं किया। सबसे बड़ी सफलता यह है कि समझौते में भारतीय किसानों की मुख्य फसलें और डेयरी उद्योग पूरी तरह सुरक्षित रहे। अमेरिका की ओर से एथनॉल और पोल्ट्री को शामिल करने का दबाव था, लेकिन भारत ने अपने किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका समावेश नहीं किया। यह ध्यान देने योग्य है कि अमेरिका से आने वाली मक्का और सोयाबीन जेनिटिकली मोडिफाइड हैं, जिन्हें भारत में अनुमति नहीं है। यदि पोल्ट्री और चिकन को भारत में आयात करने की अनुमति मिलती, तो घरेलू उद्योगों और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। साथ ही, चाय, नारियल (खोपरा) और दक्षिण भारत के अन्य किसानों से जुड़े उत्पादों को भी समझौते से बाहर रखा गया। तंबाकू को भी शामिल नहीं किया गया। यह दर्शाता है कि भारत ने अपनी कृषि और घरेलू उद्योग की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस ट्रेड डील का महत्व केवल किसानों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह भारत की दीर्घकालिक रणनीति और ऊर्जा सुरक्षा को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बावजूद भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक खरीद नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। गोयल ने कहा कि अमेरिका से अब 500 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का सामान खरीदना आसान होगा, जिससे भारत वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त कर सकेगा। इस ट्रेड डील की तुलना पहले हुए ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और यूरोपीय यूनियन के व्यापार समझौतों से की जा सकती है। इनमें भी किसी देश को भारतीय कृषि और डेयरी से जुड़े उत्पाद निर्यात करने की अनुमति नहीं दी गई। अमेरिका को केवल पिस्ता, काजू, बादाम और कुछ फलों का निर्यात करने की अनुमति मिली है, जिसका आम किसानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका कृषि और पोल्ट्री में दुनिया का बड़ा उत्पादक है। यदि इनका आयात भारत में खुल जाता, तो घरेलू उद्योग और किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता था। इसे ध्यान में रखते हुए भारत ने स्पष्ट रूप से सीमा तय की और किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। मार्च तक समझौते पर अंतिम हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता संतुलित, रणनीतिक और किसानों के हित में किया गया एक कदम है। यह समझौता न केवल व्यापार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग-कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है।

भारत से कारोबार के लिए बेताब दुनिया

यकीनन इस समय दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत से व्यापार समझौते के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में 5 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा कि इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व व्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे।

भारत का तेजी से बढ़ता मजबूत बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की रफ्तार, ऊर्जा विकास ,नई पीढ़ी की शक्ति, डिजिटल विकास व मैन्युफैक्चरिंग सहित सर्विस सेक्टर की ताकत की वजह से दुनिया के लिए भारत उद्योग- कारोबार और चमकीले बाजार के दृष्टिकोण से आकर्षक देश बन गया है। हाल ही में भारत के अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए व्यापार समझौते सहित अन्य व्यापार समझौते भारत के युवाओं और एमएसएमई के लिए अपार अवसरों के द्वार खोलेंगे। गौरतलब है कि 2 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते ने आकार लिया है। इस समझौते से जहां कई क्षेत्रों में भारत से अमेरिका को निर्यात बढ़ेंगे, वहीं भारत में निवेश भी बढ़ेंगे। इस समझौते से दुनिया के लिए मेक इन इंडिया, डिजाइन इन इंडिया और इनोवेट इन इंडिया का अभियान तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका के द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी किया गया है और रूस से तेल खरीदी के मद्देनजर दंडात्मक रूप में भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह 27 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित भारत ईयू के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ऊर्सला वान डेर लायन की उपस्थिति में भारत-ईयू के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का ऐलान किया गया। इस एफटीए पर आधिकारिक हस्ताक्षर लगभग छह महीने बाद होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का शानदार उदाहरण है और भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। ऊर्सला ने इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी (मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स) कहते हुए यह रेखांकित किया कि दुनिया के वर्तमान 'ग्रोथ सेंटर' और इस सदी के आर्थिक पावर हाउस भारत के साथ यह एफटीए यूरोप को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते आर्थिक क्षेत्रों में पहली बढ़त दिलाएगा। साथ ही यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित होने वाला एफटीए होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस एफटीए से दो अरब लोगों का एक साझा बाजार तैयार होगा और यह संयुक्त बाजार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करेगा। निश्चित रूप से इस एफटीए ने अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बीच भारत और

ईयू को नई रणनीतिक गोलबंदी के साथ व्यापारिक संबंधों को नई दिशा दी है। गौरतलब है कि भारत-ईयू एफटीए के लिए बातचीत 2007 में शुरू हुई थी, लेकिन 2013 में यह वार्ता रुक गई। जून 2022 में वार्ता फिर से शुरू की गई थी, जो अब अंजाम तक पहुंची है। यह बात महत्वपूर्ण है कि यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारत और यूरोपीय संघ एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार हैं, क्योंकि दोनों मूल्य श्रृंखला के अलग-अलग स्तरों पर काम करते हैं। भारत प्रमुखतया श्रम-प्रधान और प्रसंस्करण आधारित वस्तुओं का निर्यात करता है, जबकि यूरोपीय संघ प्रमुखतया पूंजीगत वस्तुओं, उन्नत प्रौद्योगिकी और औद्योगिक उत्पादों की आपूर्ति करता है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और 27 देशों के संगठन ईयू के बीच वस्तुओं और सेवाओं में कुल व्यापार 190 अरब डॉलर से अधिक का रहा है। पिछले वित्त वर्ष में दोनों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 136.53 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर और आयात 60.68 अरब डॉलर था। इसके अलावा, यूरोपीय संघ भारत में एक बड़ा निवेशक भी है, जिसका अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक संचयी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करीब 117.4 अरब डॉलर रहा है। यदि हम भारत-ईयू एफटीए को देखें तो पाते हैं कि इससे भारत और यूरोपीय संघ के छात्रों, मौसमी कामगारों, शोधकर्ताओं और उच्च कुशल पेशेवरों की आवाजाही को सुगम बनाने, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक गतिशील ढांचे को आकार मिला है। यह एफटीए भारत-ईयू व्यापार के लिए महज एक व्यापार का रणनीतिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि आर्थिक पुनर्व्यवस्था के रूप में भारत और ईयू दोनों के लिए व्यापारिक जोखिम को पुनर्संतुलित करने और बदलते वैश्विक व्यापार वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर देने वाला चमकीला दस्तावेज है। इस एफटीए के तहत दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाली 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क शुरुआत से ही कम या समाप्त कर देंगे, जबकि कुछ अन्य वस्तुओं पर इसे आगामी वर्षों में चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा।

यह एफटीए व्यापार, निवेश, स्वच्छ और हरित ऊर्जा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और रक्षा, डिजिटल पहलों, कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष और कृषि के क्षेत्रों में आपसी प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह वस्तुओं, सेवाओं के व्यापार और नियमों पर केंद्रित है,लेकिन निवेश संरक्षण और जीआई जैसे मुद्दे अलग से सुलझाए जाएंगे। निसंदेह विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक मुख्य स्तंभ है और इससे सहयोगी अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्मार्ट ग्रिड, जल, टीके, आईसीटी, ध्रुवीय विज्ञान और यूरोपीय अनुसंधान परिषद के साथ काम करने वाले युवा वैज्ञानिकों की गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में नया सहयोग मिलेगा। अंतरिक्ष सहयोग भारत-ईयू एफटीए का एक महत्वपूर्ण आयाम है, जो दशकों के तकनीकी सहयोग और बढ़ते संस्थागत जुड़ाव पर आधारित है। ईयू के अलावा अन्य देशों के साथ भारत के एफटीए भारत की आर्थिक तस्वीर को नया रूप देंगे। अब भारत के द्वारा विभिन्न देशों के साथ एफटीए के अधिकतम लाभ उठाने के लिए घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, एफटीए के लिए जागरूकता बढ़ाने, गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करने, सेवा क्षेत्र का लाभ उठाने, निर्यात में विविधता लाने, कृषि और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करने, व्यापार संतुलन को भारत के पक्ष में लाना होगा। उम्मीद करें कि अमेरिका, ईयू और अन्य देशों के साथ भारत के व्यापार समझौते भारतीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार देंगे और भारत विकसित देश बनने की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आम बजट
डॉ. महेंद्र सिंह

त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी केंद्रीय बजट

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए संसद में पेश किया गया गया बजट देश के त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी बजट है। इस बजट में समाहित प्रस्तावों में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने और उसे निरंतर बनाए रखने पर जोर दिया गया है। साथ ही, लोककल्याण के लिए बजट प्रस्तावों पर भी पर्याप्त बल दिया गया है। मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के केंद्र में एक ओर आर्थिक संवृद्धि की गति को तेज करना रहा है वहीं दूसरी तरफ सापेक्षतया वंचित लोगों एवं क्षेत्रों को उनकी क्षमता व सामर्थ्य को बढ़ाते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करना रहा है। इस दृष्टि से यह कहना समीचीन है कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास' का ध्येय वाक्य लोकनीतियों के प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन का नाभि केंद्र रहा है। वस्तुतः, मानव पूंजी के बेहतर विकास से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा जनकल्याण में वृद्धि होगी। वित्तमंत्री ने इस बजट में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को जारी रखते हुए इस पर विशेष बल दिया है।

हाल के वर्षों में जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा में निरंतर गिरावट से इस बात की पुष्टि होती है कि मोदी सरकार का राजकोषीय प्रबंधन संबंधी निष्पादन श्लाधनीय रहा है।मोदी सरकार की राजकोषीय प्रवीणता एवं बेहतर वित्तीय प्रबंधन का ही परिणाम है कि जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा निरंतर घटा है। इंफ्रास्ट्रक्चर आर्थिक विकास में धमनियों का कार्य करता है। इसलिए यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर मोदी सरकार द्वारा किया गया निवेश लगातार विकास का इंजन बना हुआ है। इस बजट में कुछ विशिष्ट क्षेत्रों क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय की वृद्धि दरें इस तरह हैं- टेलीकॉम 97 प्रतिशत; रक्षा 18 प्रतिशत; रेलवे 10 प्रतिशत; सड़क व हाईवे 8 प्रतिशत एवं आवास व नगरीय विकास 6 प्रतिशत। जीडीपी के सापेक्ष सरकारी ऋण भार को घटाकर 2030-31 तक 50 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। स्पष्ट है कि इससे आगामी वर्षों में अवस्थापना के विकास के लिए और अधिक 'फिस्कल स्पेस' मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि पूंजीगत व्यय में मोदी सरकार द्वारा की गई वृद्धि से आय में तो कई गुना वृद्धि होती ही है, इससे रोजगार में भी उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि होती है।

इस बजट में हास्पिटेलिटी तथा हेल्थ टूरिज्म से भी लोगों की आजीविका के स्त्रोतों में वृद्धि, रेल एवं जलमार्गों के विकास एवं अपग्रेडेशन से लाजिस्टिक्स की लागतें घटेंगी। इससे व्यापार में वृद्धि तो होगी ही, साथ ही आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी और अर्थव्यवस्था की स्पर्धात्मकता में वृद्धि से निर्यात-प्रेरित निवेश होगा। इस बात का उल्लेख करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि इस बजट में अवस्थापना क्षेत्र के विकास के लिए 12.20 लाख करोड़ आवंटित किए गए हैं। यह एक बड़ी धनराशि है। इससे विकास की गति को तेज करने तथा रोजगार को बढ़ाने में महती सहायता मिलेगी। जिन 7 रोजगारपरक क्षेत्रों को समावेशित किया गया है वे हैं-बायो फार्मा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेन्टस, रेयर अर्थ, रसायन, पूंजीगत वस्तएं और टैक्सटाइल्स। इनसे मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की संवृद्धि बढ़ेगी। वस्तुतः, ये अर्थव्यवस्था के उदीयमान क्षेत्र हैं और इनमें उत्पादन, रोजगार व निर्यात की प्रचुर संभावनाएं हैं। इसके अलावा बजट में लघु एवं मध्यम उद्योगों को चैंपियन बनाने के निर्णय से भी इस क्षेत्र का विकास तेज होगा। आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एमएसएमई, ओडीओपी तथा खादी क्षेत्र की भूमिका महती स्थान रखती है। रक्षा व्यय में वृद्धि; विशेष तौर पर पूंजीगत व्यय में वृद्धि से भी रक्षा मामले में हमारी आत्म-निर्भरता बढ़ेगी और रक्षा सामग्री का निर्यात बढ़ेगा। कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस बजट में जो प्रावधान किए गए हैं उनसे कृषि एवं गैर-कृषि क्रियाओं के पारस्परिक आर्थिक सम्बन्धों को ताकत मिलेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग से कृषि उत्पादकता बढ़ेगी। किसानों की आय में वृद्धि होगी। किसानों, युवाओं एवं महिलाओं को उद्यमी बनाने का परिणाम होगा कि स्थानीय स्तर पर आजीविका के स्त्रोतों का विस्तार होगा। इससे गांवों से नगरों को होने वाला पलायन भी रुकेगा। पशु चिकित्सा के लिए बजट में की गई व्यवस्था से पशुधन में संवर्द्धन होगा। इससे गो आधारित प्राकृतिक कृषि के विस्तार में भी सहायता मिलेगी। इस बजट को यदि समग्र रूप से देखें तो यही निष्कर्ष निकलता है कि यह बजट भारत की घरेलू क्षमता का समुचित उपयोग करते हुए त्वरित आर्थिक विकास एवं लोककल्याण में वृद्धि को समर्पित है।

(लेखक भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी व उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व मंत्री हैं)

आखिर क्या है आध्यात्मिक चेतना



संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप

संकलित
प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

सटाका

आज की पाती

उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिडक़ी जरूर रखें। लोगों को चाहिए कि जहां गैस गीजर लगा हो वहां हवा बाहर निकलने के लिए जगह होनी चाहिए अर्थात एडजोस्ट फैन बाथरूम में होना चाहिए।

- महेश काले, दुर्ग

ट्रेंड

बस्तर की सुंदरता

बस्तर की सुंदरता को देखकर लगता है कि मां दंतेश्वरी ने स्वयं इसे अपने हाथों से सजाया है। जब इस रती में किसान बीज छिड़कते हैं, तब यह पंडुम होता है। आम का मौसम आता है, तब यह पंडुम होता है। लोग जीवन को उत्सव के रूप में जीते हैं।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

चिचाकी रेलवे स्टेशन

चिचाकी रेलवे स्टेशन को अब महत्वपूर्ण ट्रेनों से जोड़ा गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है। मेरा निरंतर प्रयास है कि आने वाले समय में और अधिक ट्रेनों का ठहराव चिचाकी रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ हो सके।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

500 ईवी बसें शुरू

दिल्ली, इलेक्ट्रिक वाहनों की सबसे अधिक संख्या वाला पहला राज्य बन गया है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण में प्रभावी प्रगति हो रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा 500 ईवी बसों और दिल्ली-पानीपत अंतरराज्यीय बस सेवा का शुभारंभ।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

ट्रंप के सामने घुटने टेके

सच्चाई तो ये है कि पिछले कुछ दिनों से मोदी जी परेशान हैं, क्योंकि एपस्टीन फाइलें में मोदी जी से जुड़ी बातें सामने आ गई हैं। जिसके बाद मोदी जी ने ट्रंप के सामने घुटने टेक दिए और ट्रेड डील कर दी। देश के अन्नदाता, किसानों को बलि चढ़ा दिया।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

किम पेश कर सकते हैं पांच वर्षों की रणनीति

उत्तर कोरिया इस महीने के अंत में एक बड़ा पार्टी सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है, जिसमें नेता किम जोंग उन अगले पांच वर्षों के लिए देश की घरेलू और विदेश नीति की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' का यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम तेज किए हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस के साथ उसके रिश्ते और गहरे हुए हैं, लेकिन इससे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ उसका तनाव भी बढ़ गया है। इस तरह का सम्मेलन इससे पहले किम ने वर्ष 2016 और 2021 में आयोजित किया था। उत्तर कोरिया की 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने खबर में बताया कि किम जोंग उन की अध्यक्षता में पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो की बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि सम्मेलन फरवरी के अंत में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, सरकारी मीडिया ने अभी इसकी तारीख या एजेंडा का खुलासा नहीं किया है। यह सम्मेलन कई दिनों तक चल सकता है। हाल के हफ्तों में किम ने हथियारों के परीक्षणों की निगरानी की है और सैन्य ठिकानों तथा आर्थिक परियोजनाओं का दौरा किया है।

ऑफ बीट

जीवाश्मीकृत उल्टी से पुराने शिकारी के आहार का पता चला

यह जीवाश्म हड्डियों के एक सघन समूह के रूप में है। ब्रॉमाकर स्थल पर इससे पहले इस तरह का हड्डियों का जमाव कभी नहीं मिला था, जिससे संकेत मिलता है कि इन अवशेषों को किसी शिकारी ने निगला था और बाद में या तो मल के रूप में या फिर उगलकर बाहर निकाला था। कोप्रोलाइट (जीवाश्मीकृत मल) के मामलों में हड्डियों के अवशेष आम तौर पर कार्बनिक मूल की एक स्पष्ट तलछटी संरचना (मल पदार्थ) के भीतर संरक्षित पाए जाते हैं, जो फॉस्फोरस से समृद्ध होती है और हड्डियों के पाचन से जुड़ी जीवाणु गतिविधि का परिणाम होती है। हालांकि, इस नमूने में हड्डियों के अवशेष ऐसी किसी संरचना से घिरे हुए नहीं हैं। माइक्रो-एक्सआरएफ (एक्स-रे फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्रोमेट्री) के जरिए किए गए रासायनिक विश्लेषण में इस मैट्रिक्स में फॉस्फोरस की लगभग अनुपस्थिति की पुष्टि हुई। फॉस्फोरस की यह कमी रीगर्जिटालाइट (जीवाश्मीकृत उल्टी) की एक विशिष्ट विशेषता मानी जाती है, जबकि कोप्रोलाइट में पाचन की अधिक अवधि के कारण फॉस्फोरस की मात्रा काफी अधिक होती है। हमने इस जीवाश्म का त्रि-आयामी (सीटी स्कैन) परीक्षण भी किया।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित 'स्प्रिट ऑफ यूनिटी' मैराथन का आयोजन

हजारों शहरवासियों ने स्वस्थ जीवनशैली और फिटनेस के प्रति जागरूक करने लगाई दौड़

सुबह 5 बजे से शुरू हुआ मैराथन, संगीत की धुन पर थिरकते हुए अपनी ऊर्जा बढ़ाई

कड़ाके की ठंड के बावजूद प्रतिभागियों का दिखा उत्साह

दौड़ पूरी करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी के सम्मान में प्रदान किए मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के टीटी नगर स्टेडियम में रविवार की सुबह 'फिटनेस' और 'एकता' के नाम रही। श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा आयोजित 'स्प्रिट ऑफ यूनिटी' मैराथन में हजारों की संख्या में शहरवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस निःशुल्क आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था।

सुबह 5 बजे से शुरू हुआ उत्साह कड़ाके की ठंड के बावजूद प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। सुबह 5 बजे से ही लोग स्टेडियम पहुँचना शुरू हो गए थे। दौड़ शुरू होने से पहले विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में जुंबा और वार्म-अप एक्सरसाइज का सत्र आयोजित किया गया, जिसमें हर उम्र के लोगों ने संगीत की धुन पर थिरकते हुए अपनी ऊर्जा बढ़ाई।

टीटी नगर स्टेडियम में रविवार को 'स्प्रिट ऑफ यूनिटी' मैराथन में संबोधित करते मंत्री सारंग।

मैराथन में मैडल प्राप्त करने वाली प्रतिभागी महिलाएं।

मैराथन के दौरान चर्चा करते हुए धावक।

तीन श्रेणियों में हुई प्रतियोगिता

आयोजन को समावेशी बनाने के लिए इसे तीन श्रेणियों में प्रतियोगिता आयोजन किया, जिसे 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर में विभाजित किया गया था। समिति के अनुसार, इस दौड़ के लिए लगभग 3800 लोगों ने पहले ही रजिस्ट्रेशन करा लिया था। दौड़ पूरी करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को उनके जज्बे के सम्मान में मेडल प्रदान किए गए।

पड़ोसी जिलों से भी पहुंचे युवा

यह आयोजन केवल भोपाल तक सीमित नहीं रहा। इसमें सहभागिता करने के लिए विदिशा, रायसेन और आसपास के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में युवा और प्रोफेशनल धावक पहुंचे। प्रतिभागियों में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोग शामिल थे, जो 'एकता की भावना' को चरितार्थ कर रहे थे।

आयोजन का उद्देश्यः सत्य साईं सेवा संगठन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अमित दुबे ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर रहे हैं। 'स्प्रिट ऑफ यूनिटी' के माध्यम से समाज को यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि नियमित व्यायाम और दौड़ से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता भी आती है। यह यूनिटी रन पूरे भारत वर्ष में 60 शहरों में आयोजित होगी। रविवार को भोपाल में यह 28वीं दौड़ है। संगठन के भोपाल जिले के अध्यक्ष सजल श्रीवास्तव ने बताया कि इस यूनिटी रन हेतु पूरे पांच किलोमीटर के मार्ग पर एवं स्टेडियम में लगभग 150 सेवादल तैनात थे, जिससे प्रतिभागियों एवं शहर वालों को परेशानी न हो।

---

65 फीट गहराई में बनेगा पहला अंडरग्राउंड कॉरिडोर

भोपाल रेलवे स्टेशन से होगी प्रदेश के पहले अंडरग्राउंड कॉरिडोर बनाने की शुरुआत

टनल बोरिंग मशीनों के असेंबलिंग का काम पूरा, फरवरी माह के अंत तक खुदाई का काम शुरू करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पुराने शहर के रेलवे स्टेशन से पहले अंडरग्राउंड कॉरिडोर बनाने की शुरुआत इसी माह के अंत में हो जाएगी। भूमिगत खुदाई के लिए टनल बोरिंग मशीनों की असेंबलिंग का काम पूरा हो चुका है। यह मशीनों दिसंबर-25 में बैंगलूरू से भोपाल पहुंची थीं। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि मशीनों की टेस्टिंग प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही इनसे खुदाई का काम शुरू हो जाएगा। मप्र मेट्रो ने आरेंज लाइन के

अंडरग्राउंड सेक्शन के लिए देश की सबसे आधुनिक टनल बोरिंग मशीनें (टीबीएम) खरीदी हैं। इन मशीनों से प्रदेश में पहली बार 3.39 किमी लंबी अंडरग्राउंड मेट्रो टनल बनाई जाएगी, जो पुल पातारा से लेकर सिंधी कॉलोनी तक फैलेगी। यह टनल भोपाल रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टैंड जैसे व्यस्त इलाकों के नीचे से गुजरेगी। करीब 65 फीट गहराई में बनने वाली यह टनल शहर के ट्रैफिक और विरासत को बिना प्रभावित किए काम करेगी। आधुनिक प्रत्येक मशीन की कीमत 100 करोड रुपए है। एक मशीन एक दिन में औसत 15 मीटर तक खोदेगी।

एक दिन में औसत 15 मीटर तक होगी भूमिगत खुदाई

एक मशीन एक दिन में औसत 15 मीटर तक खुदाई करेगी। अंडरग्राउंड कारिडोर की खुदाई जमीन से औसत 19 से 20 मीटर, लगभग 65 फीट नीचे होगी। एक टनल बोरिंग मशीन की गोलाई 5.8 मीटर है।

एक साथ बनेंगी दो टनल

करीब 100 करोड़ रुपए कीमत की टीबीएम मशीनों से एक साथ दो टनल बनाने का काम होगा। यह जमीन के भीतर गोलाकार सुरंग बनाएगी। खुदाई के साथ ही टनल को मजबूत करने का काम करेगी। ऐतिहासिक और घनी आबादी वाले इलाके सुरक्षित रहेंगे और ट्रैफिक प्रभावित हुए बिना निर्माण कार्य हो सकेगा।

एमपी नगर में खाद्य अमले ने किया औचक निरीक्षण

समोसे के तेल और चटनी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे लैब

कई जगह सफाई मानकों के अनुरूप नहीं मिली, व्यवस्था सुधारने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एमपी नगर में रविवार को खाद्य अमले ने औचक निरीक्षण किया व कई फूड संस्थानों से सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे। क्षेत्र के एक मॉल में फूड आउटलेट्स में स्वच्छता और मानकों में कमी मिली। टीम ने यहां की एक कैंटीन का निरीक्षण किया और समोसे तलने में उपयोग किए जा रहे तेल और चटनी के नमूने लिए। इसी तरह एक अन्य संस्थान से सोया, बिरयानी और सूजी व चावल के नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजने की कार्रवाई की। निरीक्षण दल को कई संस्थानों में फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड भी गायब मिले। नियमों के उल्लंघन पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने संबंधित कारोबारियों को अधिनियम की धारा 32 के तहत सुधार सूचना जारी की है। विभाग ने चेतावनी दी है कि रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मधुमक्खियों से बचाने वाली महिला के लिए कांग्रेस विधायक ने लिखा पत्र

परिवार की देखरेख और आर्थिक स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री और करें मदद

मुख्यमंत्री ने 4 लाख रुपए और बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने का फैसला लिया था

फूल सिंह बरैया, विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के कांग्रेस के विधायक फूल सिंह बरैया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र लिखते हुए कहा है कि पिछले दिनों मधुमक्खियां से बच्चों को बचाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मौत के मामले में मुआवजा राशि और उसे सरकारी सुविधा दी जाए। हालांकि मुख्यमंत्री ने 4 लाख रुपए और बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने का खुद ही फैसला लिया था। अब इस मामले में कांग्रेस भी खुलकर महिला के परिवार और उनके बच्चों की देखभाल के लिए मांग की है। कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने पत्र लिखते हुए कहा कि प्रदेश के नीमच जिले के सरवानिया महाराज क्षेत्र के ग्राम आमलीखेड़ा गांव के रानपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र में स्व सहायता समूह की अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी में पढ़ने आये बच्चों पर मधुमक्खियों ने जब हमला किया तो कंचनबाई मेघवाल अपनी परवाह न करते हुए बच्चों को पास में रखी तिरपाल से ढक कर कमरे में ले गई। इस दौरान मधुमक्खियां कंचनबाई मेघवाल को काटती रही पर उन्होंने इसकी परवाह न करते हुए मासूम बच्चों की जान बचाई। इसके बाद जब उन्हें गम्भीर रूप से घायल हो जाने के बाद अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कंचन बाई ने मानवता एवं त्याग की मिशाल पेश की वह सराहनीय है।

निगम आयुक्त गईं अवकाश पर, अगली टीएल की बैठक 10 दिन बाद

निगम के 70 से ज्यादा इंजीनियरों की मुश्किलें बढ़ीं एक नहीं अब दो सप्ताह तक रुका रहेगा वेतन

एसआईआर के दौरान भी बीएलओ के सहायक के रूप में सजा के तौर पर कर चुके हैं ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के यांत्रिक विभाग के 70 से ज्यादा इंजीनियरों की मुश्किलें ओर बढ़ गई हैं। दरअसल, बीती टीएल की बैठक में पीएमआईएस पोर्टल पर जानकारी अपलोड नहीं करने को लेकर निगम आयुक्त ने अगली टीएल की बैठक तक सभी इंजीनियरों का वेतन रोकने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट में एक मामले में

सुनवाई के बाद वे एक सप्ताह से अधिक समय तक अवकाश पर हैं। इसके चलते संभवत अब अगली टीएल की बैठक 10 दिन बाद ही होगी। वेतन रोकने को लेकर निगम के इंजीनियरों पर आर्थिक संकट की चिंता भी सता रही है।

यांत्रिक विभाग के निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करना होती है। टीएल की बैठक के दौरान निगम आयुक्त को पीएमआईएस पोर्टल पर जानकारी दर्ज नहीं मिलने पर उन्होंने अगली टीएल की बैठक तक यांत्रिक विभाग के सभी इंजीनियरों का वेतन रोकने के निर्देश दिए थे। उनके अवकाश पर जाने के कारण टीएल की बैठक एक अन्य अपर आयुक्त की अध्यक्षता में होगी, लेकिन निगम आयुक्त की मौजूदगी में टीएल की बैठक संभवत 10 दिन बाद ही होगी। ऐसे में निगम के इंजीनियरों में इस निर्णय से नाराजगी भी बढ रही है।

बीएलओ के सहायक के रूप में भी करना पड़ा था काम

निगम आयुक्त ने एसआईआर के दौरान इंजीनियरों को बतौर सजा बीएलओ का सहायक बना दिया था। लंबे समय तक इंजीनियरों ने एसआईआर में ड्यूटी की थी।

मरीजों को मिलेगा फायदा, शाम तक हो सकेगी जांचें

पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे पहले हमीदिया अस्पताल में लागू किया जाएगा

फाइल फोटो

हमीदिया अस्पतालः ओपीडी टाइम सुबह 9 से शाम चार बजे तक करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में ओपीडी का समय बदलने की तैयारी है। ओपीडी का समय सुबह 9 से शाम चार बजे तक करने की योजना बनाई जा रही है। वर्तमान में सुबह 8:30 से 2 बजे ओपीडी का समय है।

इसमें आखिर के आधे घंटे रिसर्च कार्य के लिए हैं। इस तरह मरीज दोपहर 1:30 बजे तक ही डॉक्टर को दिखा पाते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक में ओपीडी के समय में बदलाव करने करने पर चर्चा की गई है। स्वास्थ्य शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे पहले हमीदिया अस्पताल में लागू किया जाएगा।

बैठक में आए सुझाव

मरीजों की सुविधा के लिए ओपीडी टाइम में बदलाव करने के सुझाव बैठक में आए थे। अधिकारियों से चर्चा कर ओपीडी का टाइम में बदलाव किया जाएगा। ओपीडी का टाइम बढ़ने से बाहर से आने वाले मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

डॉ. सुनीत टंडन, अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल

मरीजों को होगा यह फायदा

रेफरल अस्पताल होने के नाते हमीदिया अस्पताल में आसपास के जिलों के मरीज भी आते हैं। उनके पहुंचने तक ओपीडी से डॉक्टर चले जाते हैं। ऐसे में उन्हें इमरजेंसी में दिखाना पड़ता है या अगले दिन ओपीडी का इंतजार करना पड़ता है। ओपीडी का समय बदलने पर उन्हें राहत मिल जाएगी।

ओपीडी चार बजे तक होने के बाद इलाज में कंसल्टेंट्स मिल सकेंगे

ओपीडी मरीजों की पैथोलॉजिकल जांचें अभी सिर्फ एक बजे तक होती हैं। ओपीडी का समय बदलने पर जांच के लिए नमूने भी शाम चार बजे तक लिए जा सकेंगे। सुबह जांच कराने वालों दोपहर तीन बजे तक रिपोर्ट मिलने पर वह डॉक्टर को रिपोर्ट दिखा सकेंगे। ओपीडी के बाद शाम के राउंड में ज्यादातर कंसल्टेंट्स नहीं आते। ओपीडी चार बजे तक होने के बाद इलाज में कंसल्टेंट्स मिल सकेगा।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लगाई चपत

छत्तीसगढ़ माइंस से रिटायर्ड इंजीनियर को 72 लाख रुपए की लगाई चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा कॉलोनी ई-1 में रहने वाले छत्तीसगढ़ माइंस से रिटायर्ड इंजीनियर को साइबर जालसाजों ने 72 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने पहले फेसबुक पर उनसे शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया फिर उन्हें वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया। वाट्सएप ग्रुप पर शेयर मार्केट की ट्रेनिंग और शेयर में निवश करने के फायदे बताए।

बाद में एपीके फाइल भेजकर डाउनलोड करा ली। उन्हें लाभ दिखने लगा। उन्होंने अपनी बढ़ी हुई रकम निकालने का कहा तो टेक्स के नाम पर उनसे अतिरिक्त राशि की मांग की जाने लगी। ठगी का का अहसास होने पर रिटायर्ड अधिकारी ने साइबर क्राइम ब्रांच के टोल फ्री नंबर पर कॉल किया था। वहां से डायरी आने के बाद हबीबगंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार अभय शरद मोहगावकर (72) ई-1, अरेरा कॉलोनी में रहते हैं और छत्तीसगढ़ माइंस से रिटायर्ड इंजीनियर हैं। उन्होंने साइबर क्राइम ब्रांच के टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि गत वर्ष दिसंबर महीने में वह फेसबुक चला रहे थे। इस दौरान एक पोस्ट उन्होंने देखी। पोस्ट में शेयर मार्केट में निवेश कर अच्छा लाभ कमाने की जानकारी थी। उन्होंने पोस्ट खोली और उसे ठीक से पढ़ा। इसके बाद उनके पास नए नंबर से कॉल आया। कॉलर ने उन्हें शेयर मार्केट के बारे में जानकारी दी और वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया। वाट्स एप ग्रुप पर शेयर मार्केट से जुड़ी ट्रेनिंग और उससे होने वाले लाभ की जानकारी भेजी गई। उन्हें लगा कि शेयर मार्केट में पैसा निवेश करना चाहिए।

डिजिटल अरेस्ट रखने के बाद डेढ़ लाख ऐंठे

एनआईए का अधिकारी बनकर मजदूर को किया डिजिटल अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनआईए का अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने एक मजदूर को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर रखा। उसे कहा गया कि आपके अकाउंट से आतंकियों को फंडिंग हुई है। जेल जाना पड़ेगा। जेल जाने से बचने के लिए आरोपियों ने उसे डेढ़ लाख रुपए ऐंठ लिए।

समय पर मजदूर ने छोला मंदिर पुलिस थाने में शिकायत की और पुलिस ने उस अकाउंट में रकम होल्ड करा दी। पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय राजकुमार छोला मंदिर क्षेत्र में रहता है। पेशे से मजदूर राजकुमार के पास तीन दिन पहले एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को एनआईए का अधिकारी बताया। उसने कहा कि आपके अकाउंट से आतंकी गतिविधियों में फंडिंग की गई है। यह सुनते ही राजकुमार डर गया। आरोपियों ने उसे वीडियो कॉल किया। वीडियो कॉल पर बेग्राउंड पुलिस की तरह देखकर राजकुमार डर गया। आरोपियों ने उसे धमकी दी थी कि हमारी टीम तुम्हारे घर के आसपास है। यदि मोबाइल बंद किया तो एनकाउंटर कर देंगे। डर के कारण राजकुमार ने साइबर ठगों के हर सवाल का जवाब दिया। बाद में आरोपी कहने लगा कि तुम्हें इस प्रकरण में बचा लेंगे। पीड़ित ने इसके लिए हामी भर दी। इसके बाद आरोपी शुक्रवार से रविवार सुबह तक उसे निगरानी में रखे रहे।

बैरसिया पुलिस ने की आरोपी पर कार्रवाई

रिश्ते का भाई 17 साल की किशोरी से कर रहा था दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया पुलिस ने 17 साल की किशोरी की शिकायत पर रिश्ते के भाई के पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी करीब चार महीने से शादी का प्रलोभन देकर किशोरी से दुष्कर्म कर रहा था। पिछले दिनों संदेह होने पर मां ने अपनी बेटी से पूछताछ की तो उसने खुलासा कर दिया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बैरसिया के एक गांव में रहने वाली 17 साल की किशोरी ने दसवीं कक्षा तक पढ़ाई की है। गांव में ही घर से कुछ दूर रिश्ते का भाई रहता है। अक्टूबर 2025 में आरोपी उस समय पीड़िता के घर पहुंचा, जब वह अकेली थी। किशोरी को अकेला पाकर आरोपी ने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर शादी करने का प्रलोभन दिया। पीड़िता खामोश रह गई। उसके बाद भी आरोपी ने करीब आधा दर्जन से अधिक बार किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पता रहता था कि पीड़िता कब घर में अकेली रहती है। मौका मिलते ही वह सूने घर पहुंच जाता था।

टीआई के प्रतिवेदन पर हुई कार्रवाई

पुलिस थाने की गोपनीयता भंग करने पर प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाने में पदस्थ कार्यवाहक प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र द्विवेदी को निलंबित किया गया है। उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शुक्ला के प्रतिवेदन पर डीसीपी जोन श्री अभिनव चौकसे द्वारा की गई। थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शुक्ला ने डीसीपी जोन श्री अभिनव चौकसे को प्रतिवेदन भेजा था। प्रतिवेदन में थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र द्विवेदी का आचरण पुलिस विभाग के विपरित बताया गया। प्रतिवेदन के अनुसार प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा थाने की गुप्त जानकारियां दूसरे थाना क्षेत्र में रहने वाले बदमाशों की दी जा रही थी। इसके अलावा एक आरोपी के सहयोगी जिम संचालक के साथ ज्ञानेंद्र द्विवेदी होटल में लंच करते हुए भी देखे गए थे। ज्ञानेंद्र द्विवेदी के कारण माज की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। उल्लेखनीय है कि दुष्कर्म और लव जिहाद के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उक्त मामले में माज की गिरफ्तारी होनी बाकि है। हेड कांस्टेबल ज्ञानेंद्र का करीबी होने का फायदा माज उठा रहा है।

बिना लोकार्पण नए मुख्यालय भवन में शिफ्टिंग हुई शुरू

भोपाल। नगर निगम के करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से बने नए निगम मुख्यालय भवन का अभी लोकार्पण नहीं हुआ है, लेकिन शिफ्टिंग शुरू हो गई है। अभी फर्नीचर, फिनिशिंग सहित कई काम बाकी हैं।

हालांकि उक्त भवन में कई तकनीकी खामियां भी सामने आई हैं। नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी का कहना है कि अभी नया भवन पूरी तरह से तैयार नहीं है। काम होना बाकी है और लगातार चल रहा है। अगर कहीं कमियां हैं तो उन्हें जरूर दूर करवाया जाएगा। हालांकि इस बारे में लोगों के बीच चर्चा चल रही है।

एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद रतलाम पुलिस एक्टिव

मध्य प्रदेश और राजस्थान पुलिस के रडार पर लाला पठान गैंग, बॉर्डर मीटिंग के बाद दो राज्य मिलकर करेंगे ड्रग नेटवर्क पर ज्वाइंट ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश और राजस्थान बॉर्डर का फायदा उठाने वाले ड्रग तस्करों और उससे जुड़े अपराधियों के बुरे दिन शुरू होने वाले हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान की पुलिस संयुक्त रूप से ऐसा कदम उठाने वाली है कि ड्रग तस्करों का बचना मुश्किल होगा। दरअसल, रतलाम के चिकलाना गांव में एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद रतलाम पुलिस लगातार एक्शन में है। वहीं ड्रग नेटवर्क के तार राजस्थान से जुड़े होने और तस्करों द्वारा दो राज्यों की सीमा का लाभ उठाने की घटनाओं के चलते एक ज्वाइंट ऑपरेशन की तैयारी हो रही है। रतलाम रेंज के डीआईजी निमिष अग्रवाल ने बताया, चिकलाना में ड्रग फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद रतलाम मंदसौर और नीमच जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही अब दोनों राज्यों की पुलिस बॉर्डर मीटिंग भी करेगी।

ड्रग नेटवर्क से जुड़े 28 आरोपी गिरफ्त में

बीते महीने रतलाम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रतलाम के चिकलाना गांव में दबिश दी थी। यहां दिलावर पठान के घर पर रेड डाल कर ड्रग्स फैक्ट्री का भांडाफोड़ किया था। पुलिस ने यहां से 10 किलो 900 ग्राम ड्रग सहित दो ड्रम ड्रग्स बनाने का लिक्विड बरामद किया था। इस बड़े ड्रग नेटवर्क में अब तक कुल 28 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। ड्रग बनाने वाली इस फैक्ट्री के तार राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के देवलजी गांव जुड़े हुए थे, जिसके बाद मंदसौर जिला पुलिस ने राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर देवलजी गांव में भी रेड भी डाली थी। यहां के लाला पठान परिवारों की संलिप्तता एमडी बनाने और सप्लाई करने में पाई गई है।

राजस्थान की लाला पठान गैंग भी रडार पर

डीआईजी निमिष अग्रवाल ने बताया, राजस्थान के प्रतापगढ़ और झालावाड़ जिले में भी ड्रग्स तस्करी के तार जुड़े हुए हैं। यहां लाला पठान गैंग द्वारा एमडी ड्रग्स बनाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। इसके लिए एमपी राजस्थान की सीमा से लगे दोनों ओर जिलों की पुलिस बॉर्डर मीटिंग करने वाली है। इस मीटिंग में ड्रग्स नेटवर्क पर मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों की पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

रायपुर में नक्सलवाद पर गृहमंत्री शाह की हाईलेवल बैठक

नक्सलवाद के खिलाफ प्लानिंग की आखिरी बड़ी बैठक में दी हिदायत उग्रवादी गतिविधियों में आई कमी, इसे पूरी तरह खत्म करें

बैठक में सीएम साय समेत उपमुख्यमंत्री शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, आईबी के निदेशक शामिल रहे

एजेंसी ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 दिनी छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। वे नक्सल विरोधी अभियान और विभिन्न कार्यों की समीक्षा के लिए रायपुर पहुंचे हैं। शाह ने रविवार को रायपुर में राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे एक्शन को लेकर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। 31 मार्च तक नक्सल खात्मा करीब है। ये बैठक नवा रायपुर अटल नगर के एक होटल में हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो आदि थे।

नक्सल प्रभावित राज्यों के डीजीपी भी शामिल

हाईलेवल मीटिंग में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक भी थे।

अधिकारियों के साथ रायपुर में नक्सलवाद के खात्मे के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की बैठक

बस्तर में कम हो रहा नक्सलवाद

छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र, जिसमें सात जिले शामिल हैं, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सीमाओं से सटा हुआ है और लंबे समय से माओवादियों का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। यहां नक्सल रोधी अभियानों में तेजी आई है। गतिविधियां कम हुई हैं।

बड़े फैसलों पर लगेगी मुहर

इस मीटिंग में बड़ा फैसला लिया जा सकता है। 31 मार्च से पहले संभवत ये नक्सलवाद के खिलाफ प्लानिंग की आखिरी बड़ी बैठक हो। इस मीटिंग में यह फैसला किया जाएगा की आने वाले अब कैसे काम करना है जिससे निर्धारित डेडलाइन पर नक्सलवाद को खत्म किया जा सके।

नक्सल विरोधी अभियान की डेडलाइन आ रही नजदीक

500 से ज्यादा नक्सली मारे गए

बस्तर क्षेत्र, जिसमें 7 जिले शामिल हैं, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सीमा साझा करता है और माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। बीते कुछ वर्ष में उग्रवादी आंदोलन काफी कमजोर हो गया है। जनवरी 2024 से छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में 500 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं जिनमें कई बड़े नाम भी शामिल थे। करीब 1,900 नक्सली गिरफ्तार किए गए तो 2,500 से ज्यादा ने सरेंडर किया।

31 मार्च 2026 है डेडलाइन

बैठक से पहले शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा था कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से देश को पूरी तरह मुक्त करने के संकल्प में सफलता की ओर अग्रसर हैं। आपको बता दें कि गृह मंत्री 9 फरवरी को बस्तर के जगदलपुर पहुंचेंगे, जहां वे बस्तर पंडुम महोत्सव 2026 के समापन समारोह में शामिल होंगे।

खबर संक्षेप

फुले की प्रतिमा तोड़ने वालों पर हो सख्तीः छगन

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने तेलंगाना में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की निंदा की। उन्होंने इसे सामाजिक समानता की मूल भावना पर हमला बताया। भुजबल ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और दखल देने की मांग की। भुजबल ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



जैसलमेर में ट्रेन में धुएं से मची अफरा-तफरी

जैसलमेर। दिल्ली से जैसलमेर जा रही स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस में रविवार सुबह अचानक अफरा-तफरी मच गई। यहां ट्रेन के एक कोच के पहियों से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। धुआं दिखाई देते ही लोको पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

मणिपुर में झड़प पत्थरबाजी व फायरिंग

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में रविवार दो आदिवासी समूहों के बीच हिंसक झड़प हो गई। बिगड़ते देख प्रशासन ने लिटन गांव में निषेधाज्ञा लागू कर दी। अधिकारियों के अनुसार लिटन गांव में तांगखुल और कुकी समुदायों के सदस्यों के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिसके बाद सुरक्षा बलों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

श्रद्धांजलि देने पहुंचे सौरभ हिरासत में

जनकपुरी। दिल्ली के जनकपुरी में 25 वर्षीय कमल ध्यानी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे आम आदमी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को कैंडल मार्च के दौरान पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आप नेताओं ने पुलिस पर धक्का-मुक्की, पोस्टर फाड़ने और शांतिपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम को जबरन रोकने के आरोप लगाए। विधायक जरनैल सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता गड्ढे के पास पहुंचे थे।

इग्नू में 10 से 13 फरवरी तक चलेगा प्लेसमेंट

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी मुक्त विश्वविद्यालय अपने वर्तमान स्टूडेंट्स एवं पुराने छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने जा रहा है। यह प्लेसमेंट 10 से 13 फरवरी तक देश के विभिन्न राज्यों के सेंटर्स पर आयोजित होगा। जो नौकरी की तलाश में हैं वे तय तिथि में ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन करके शामिल हो सकते हैं।



भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पर बोला वस्त्र उद्योग मंत्रालय

118 अरब डॉलर के अमेरिकी बाजार का दरवाजा खुला, इससे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते ने भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए बड़ा जरवाजा खोल दिया है। इस समझौते के बाद अमेरिका का 118 अरब डॉलर का आयात बाजार भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए ज्यादा सुलभ हो जाएगा। सरकार ने इसे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ाने की दिशा में अहम कदम बताया है। अमेरिका पहले से ही भारत के वस्त्र निर्यात का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। वस्त्र मंत्रालय ने कहा क ि इस समझौते से भारतीय वस्त्र और परिधान उत्पादों पर लगने वाला 18 प्रतिशत जवाबी शुल्क घटेगा। इससे भारतीय निर्यातकों को कीमत के मामले में सीधा फायदा मिलेगा। मंत्रालय का कहना है कि अब भारत की स्थिति बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मजबूत होगी। बड़े अंतरराष्ट्रीय खरीदार भी अब अपनी खरीद रणनीति में भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं।

1. भारतीय निर्यतकों को होगा सीधा फायदा
2. भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए होगा सुलभ
3. अन्य देशों की तुलना में भारत मजबूत होगा

भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अमेरिका को भारत का मौजूदा वस्त्र निर्यात करीब 10.5 अरब डॉलर का है। इसमें लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा परिधान का और करीब 15 प्रतिशत मेड-अप्स का है। शुल्क घटने से भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

2030 के निर्यात लक्ष्य में होगा सहायक

सरकार ने वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि नया व्यापार समझौता इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। वस्त्र निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी पांचवें हिस्से से ज्यादा रह सकती है।

परिधान के साथ फुटवियर और रसायन क्षेत्र को मिलेगी राहत

इस अंतरिम व्यापार समझौते का फायदा सिर्फ कपड़ा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। परिधान, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर और रसायन जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को भी राहत मिलेगी। आयात शुल्क घटने से इन सेक्टरों के उत्पादों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग संगठनों का कहना है कि ऊंचे शुल्क के कारण हाल के महीनों में निर्यात प्रभावित हुआ था, अब स्थिति सुधर सकती है।

उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार में पहुंच आसान होगी

एमएसएमई और उपभोक्ताओं को सीधी राहत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को स्पष्ट किया कि यह ढांचा भारत के छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार में पहुंच आसान बनाएगा। उन्होंने कहा कि इससे व्यवसायों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लागत कम होगी। टैरिफ के गणित को समझाते हुए उन्होंने बताया कि अमेरिका मौजूदा 50 प्रतिशत के टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। इसके बदले में, भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क खत्म या कम करेगा। इन अमेरिकी उत्पादों में ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, पशु चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट शामिल हैं।

उधर, अटकलों का बाजार गरम

रूस से तेल खरीद में बड़ी कटौती करेगा भारत!

अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं (रिफाइनरी) के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे। जानकारों ने बताया कि तेल शोधनशालाओं को रूस से खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है।

समझौते पर बोले शाह

मेक इन इंडिया और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को देश के तेज रफ्तार विकास इंजन को नया बल देने वाला कदम बताया है। 'एक्स' पर उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में अहम है और इससे 'मेक इन इंडिया', किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप तथा मछुआरों को लाभ मिलेगा। युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

सूरजकुंड मेला हादसा

डीजीपी के निर्देश पर कंपनी के दो लोगों को किया गिरफ्तार

डीजीपी ने कड़ी कार्रवाई का दिया था निर्देश

एजेंसी ▶▶ सूरजकुंड

यहां मेला परिसर में शनिवार को हुए झूला हादसे के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झूला संचालक कंपनी के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हादसे में घायलों को बचाते हुए हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गए थे।

पुलिस के अनुसार थाना सूरजकुंड में हिमाचल प्रदेश की हिमाचल फन केयर कंपनी के प्रोपराइटर मोहम्मद शाकिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने मोहम्मद शाकिर निवासी गांव टोका नंगला, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) व एक अन्य आरोपी नितेश निवासी धर्मपुरी सदर, मेरठ कैंट (उत्तर प्रदेश) को अरेस्ट किया है।

3 सदस्यीय विशेष जांच दल गठित

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त अपराध के पर्यवेक्षण में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित की गई है। टीम वैज्ञानिक और तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।उधर, शहीद निरीक्षक जगदीश प्रसाद का पोस्टमार्टम कराने के बाद पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल और पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने सिविल अस्पताल फरीदाबाद पहुंचकर शहीद के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

शहीद इंस्पेक्टर के परिवार को मिलेगी नौकरी

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि निरीक्षक जगदीश ने ड्यूटी के दौरान घायलों की जान बचाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। पुलिस विभाग को उन पर गर्व है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग की अनुकंपा नीति के तहत शहीद के परिवार को हरसंभव आर्थिक सहायता दी जाएगी और योग्य सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी। हादसे में कुल 12 लोग घायल हुए थे, जिनमें पुलिसकर्मी और आम नागरिक शामिल हैं। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। 5 घायलों को इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। पुलिस महानिदेशक ने सिविल अस्पताल फरीदाबाद और सुप्रीम अस्पताल में भर्ती घायलों से भी मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना।

पंजाब में बड़ा धमाका संभव

भाजपा में 'वापसी' करेंगे सिद्धू! कौर ने राहुल को कहा 'पप्पू'

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब की राजनीति में 2 महीनों से जारी अनिश्चितता और बयानबाजी के दौर का अंत आखिरकार एक बड़े धमाके के साथ हुआ है। पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। इस निष्कासन से पहले ही नवजोत कौर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। अब साफ है पार्टी अब सिद्धू परिवार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगा।

कड़वाहट चरम पर पहुंची

पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के तेवर और भी तल्ख हो गए हैं। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने राहुल को 'पप्पू' कहकर संबोधित किया।

पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर बवाल

कांग्रेस ने किया प्रदर्शन और सरकार का 'पुतला' फूंका

एजेंसी ▶▶ पटना

सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने पटना स्थित सदाकत आश्रम में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को राजनीतिक साजिश बताया। कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका और आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए सत्ता पक्ष दमनात्मक कार्रवाई कर रहा है। कांग्रेस ने कहा कि यादव की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है।

कांग्रेस को हमेशा साजिश दिख रहीः चिराग

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पप्पू यादव के मामले पर कहा कि- हर चीज को इतना बड़ा चढ़ा कर पेश करना कि हर चीज में साजिश हो रही है। जान से मारने यह नॉर्मल एक प्रक्रिया का हिस्सा है। किसी को यूं अरेस्ट नहीं करते।

ट्रेनी विमान क्रैश, सभी सुरक्षित

विजयपुरा। कर्नाटक के विजयपुरा जिले के बाबलेश्वर क्षेत्र में रविवार को एक ट्रेनी विमान क्रैश हो गया। गनीमत रही कि विमान में सवार दोनों लोग बाल-बाल बच गए हालांकि हादसे में उन्हें चोटें आई हैं और पास के अस्पताल में उनका इलाज जारी है। विमान रेड बर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग का था। बाबलेश्वर पुलिस स्टेशन की टीम ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

गोगोई मामले में एसआईटी रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री सरमा का दावा

पाकिस्तान से सीधे संबंधों के मिले सबूत, एमएचए करे जांच

इसमें सियासत और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति हो गई तेज

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तान लिंक को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इस मामले में सियासत और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी तेज हो गई है।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एसआईटी की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए दावा किया है कि एसआईटी रिपोर्ट में अली तौकीर शेख एलिजाबेथ गोगोई और गौरव गोगोई तीनों के पाकिस्तान से सीधे संबंध होने के सबूत मिले हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट देखकर कैबिनेट मंत्री भी हैरान रह गए। सरमा ने कहा कि असम पुलिस की एसआईटी ने इस मामले की जांच की और रिपोर्ट सरकार को सौंपी। अब इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी से कराई जाएगी।

केंद्रीय एजेंसी से जांच को लिखा

गोगोई की पत्नी का पाकिस्तान से संबंध

सरमा ने गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न को लेकर गंभीर आरोप लगाए। सीएम का कहना है कि गौरव की पत्नी के पाक से संबंध रहे हैं। एलिजाबेथ मार्च 2011 से मार्च 2012 तक पाक में काम कर चुकी हैं। उनके परिवार के संबंध अली तौकीर शेख के साथ बहुत घनिष्ठ, जो कथित तौर पर पाकिस्तान के हितों के लिए काम करता रहा है।

पाकिस्तान दूतावास की तस्वीर का जिक्र

सरमा ने एक पुरानी तस्वीर का भी जिक्र किया, जिसमें गौरव कुछ युवाओं को लेकर भारत में पाकिस्तान के दूतावास गए थे। उस समय भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त अब्दुल बासित थे।

गोगोई ने हिमंता पर साधा निशाना

यह सी-ग्रेड फिल्म से भी बदतर

गौरव गोगोई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली और असम के उन पत्रकारों पर मुझे तरस आता है जिन्हें सदी की सबसे फ्लॉप प्रेस कॉन्फ्रेंस झेलनी पड़ी। यह किसी सी-ग्रेड फिल्म से भी बदतर थी। सीएम ने बेहद बेतुके और झूठे तर्क दिए। यह सुपरफ्लॉप हमारी 'यात्रा' के बिल्कुल विपरीत है, जो सीएम और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा कब्जा की गई 12,000 बीघा जमीन का पर्दाफाश करने में सफल रही है।

यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसा

बस से उतरे कई यात्रियों को कंटेनर ने कुचला, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 6 लोगों की जान चली गई। यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन 88 के निकट कंटेनर द्वारा कुचलने से 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा शनिवार तड़के करीब 2:45 बजे हुआ। यात्री बस से नोएडा से आगरा की ओर जा रहे थे और बस रुकने पर लघु शंका को उतरे थे। बस नोएडा से आगरा की ओर जा रही थी। बस रुकने पर यात्री उतरकर लघु शंका के लिए जा रहे थे, तभी एक कंटेनर ने यात्रियों को कुचल दिया। एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। लोगों ने कंटेनर के नीचे से सभी को निकाला। हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंपा जाएगा। परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है।

114 राफेल विमान खरीदने की तैयारी में भारत, इसी महीने होगी डील

पस्त हो जाएंगे चीन और पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत वायुसेना की ताकत बढ़ाने पर लगातार काम कर रहा है। अत्याधुनिक राफेल विमान पहले से ही वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। वहीं अब 114 राफेल विमानों की खरीद की प्रक्रिया तेज हो गई है। 18 से 20 फरवरी तक भारत में एआई समिट होने जा रही है जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी शामिल होंगे। उनके भारत दौरे से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक होने वाली है। इस बैठक में 3.25 लाख करोड़ की कीमत में 114 राफेल विमानों की खरीद पर मुहर लग सकती है। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत अपने रक्षा क्षेत्र को तेजी से लगातार मजबूत कर रहा है। यह समझौता न केवल भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाएगा, बल्कि भविष्य में तकनीकी हस्तांतरण के जरिए भारत को विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की नींव भी रखेगा। यह डील पूरी होने के बाद भारत के पास 176 राफेल विमान होंगे।

इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट में 18 विमान फ्लाई अवे कंडीशन में खरीदे जाएंगे। वहीं, 60 फीसदी तक विमान में स्वदेशी तकनीक का उपयोग होगा। इन 114 विमानों में से 80 फीसदी विमान भारत में ही बनाए जा सकते हैं

डीएसी की बैठक में 3.25 लाख करोड़ का होगा सौदा

18 से 20 फरवरी को भारत आएंगे राष्ट्रपति मैंक्रो

'मेक इन इंडिया' का संकल्प

राफेल विमान

इस प्रस्तावित सौदे की सबसे बड़ी विशेषता इसका स्वदेशीकरण है। 114 विमानों में से लगभग 80 प्रतिशत का निर्माण भारत में ही किया जाएगा, जिसमें डसॉल्ट एविएशन भारतीय निजी कंपनियों के साथ सहयोग करेगी। योजना के अनुसार, 18 विमान 'फ्लाई-अवे' स्थिति में सीधे फ्रांस से आएंगे, जबकि शेष का निर्माण घरेलू स्तर पर होगा। इन विमानों में 60 फीसदी स्वदेशी तकनीक का उपयोग करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे न केवल रोजगार पैदा होंगे बल्कि भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को वैश्विक पहचान मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के तहत 88 सिंगल सीटर और 26 ट्विन सीटर विमान खरीदे जा सकते हैं।

रक्षा खरीद बोर्ड ने दी मंजूरी

डसाल्ट और भारतीय निजी क्षेत्र की कंपनियां मिलकर विमान बनाएंगी। पिछले महीने ही यह प्रोजेक्ट रक्षा खरीद बोर्ड की तरफ से मंजूर हो गया था। अब अगल स्तर पर प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलनी है। इसके बाद तकनीकी और वाणिज्यिक स्तर पर औपचारिक बातचीत शुरू हो जाएगी। मैक्रों के भारत दौरे के दौरान ही इस प्रोजेक्ट को फाइनल रूप दिया जा सकता है।

सेनाओं के आधुनिकीकरण पर जोर

बता दें कि इस वित्त वर्ष में रक्षा मंत्रालय के लिए 7.85 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है जो कि पिछले साल से 15 प्रतिशत अधिक है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद आए इस पहले बजट में किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने की रक्षा तैयारियों को तेजी से आगे बढाने और सेनाओं के आधुनिकीकरण पर पूरा जोर दिया गया है। रक्षा बजट के लिए आवंटित राशि कुल सकल घरेलू उत्पाद का 1.99 प्रतिशत है।

7.85 लाख करोड़ का है इस बार रक्षा बजट

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ती करीबी को देखते हुए भारत रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश कर रहा है। सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। बजट में पेंशन के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो पिछली बार 1.60 लाख करोड़ रुपए था। अनुसंधान और विकास के लिए भी 17250 करोड़ रुपए का प्रावधान है जो पिछली बार 14923 करोड़ रुपए था।

खबर संक्षेप

जापान चुनाव में पीएम तकाइची की जीत

टोक्यो। जापान की पीएम सनाए ताकाइची की अगुवाई वाले गठबंधन ने रविवार को हुए चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। तकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने अकेले ही 465 सीटों वाले निचले सदन में बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों के आंकड़े को छू लिया है। एलडीपी ने अपनी गठबंधन सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी के साथ मिलकर दो-तिहाई सीटों का बहुमत हासिल कर लिया है। यह एलडीपी के लिए अब तक के अच्छे चुनाव नतीजे रहे। चुनाव के लिए वोटिंग के बाद शाम को वोटों की गिनती शुरू कर दी गई थी।

रूस में 4 भारतीय छात्रों पर चाकू से हमला



मॉस्को। रूस के बश्कोर्तोस्तान गणराज्य के स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में 15 साल के एक लड़के ने चाकू से हमला किया। यह घटना 7 फरवरी को हुई, जिसमें कम से कम 6 लोग जख्मी हो गए। जिन पर हमला हुआ है, उनमें 4 भारतीय छात्र और दो पुलिसकर्मी शामिल हैं। इस घटना ने तहलका मचा रखा है और पुलिस इस मामले की जांच-पड़ताल में लगी हुई है। आरोपी लड़के का संबंध एक प्रतिबंधित नियो-नाजी संगठन से था। इस संगठन का नाम नेशनल सोशलिज्म / व्हाइट पावर क्रू, जिसे स्पैरो क्रू भी कहा जाता है।

पीएम मोदी दो दिवसीय मलेशिया का दौरा करके स्वदेश लौटे, द्विपक्षीय संबंधों को मिली और मजबूती

सुरक्षा से लेकर सेमीकंडक्टर तक किए कई बड़े समझौते, भारतीय वाणिज्य दूतावास शुरू होगा

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को मलेशिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पूरी करने के बाद भारत लौटे। विदेश मंत्रालय ने मलेशिया यात्रा को यादगार बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी की मलेशिया यात्रा के महत्वपूर्ण नतीजे निकले हैं, जिससे दोनों देशों के संबंधों को काफी मजबूती मिलेगी। जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि एक यादगार यात्रा संपन्न हुई! मलेशिया की सफल यात्रा के बाद, जो खास गर्मजोशी और मेहमान नवाजी से भरी थी और हमारे करीबी सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित थी, पीएम नरेंद्र मोदी भारत के लिए रवाना हो गए।

इस यात्रा से महत्वपूर्ण नतीजे निकले हैं, जिससे भारत-मलेशिया संबंधों को काफी मजबूती मिलेगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने कहा कि यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2015 में पीएम की मलेशिया की पिछली आधिकारिक यात्रा के लगभग एक दशक बाद हुई है। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच संपर्क जैसे सभी प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की।

दोनों देशों के बीच बढ़ती मित्रता अत्यंत महत्वपूर्ण | **मलेशिया की यात्रा सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित रही**

आतंकवाद पर न कोई दोहरा मापदंड, न कोई समझौताः पीएम

पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम मिलते हुए

पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के इस माहौल में भारत और मलेशिया की बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और आतंकवाद के खिलाफ हमारा संदेश स्पष्ट है – कोई दोहरा मापदंड नहीं और कोई समझौता नहीं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत–मलेशिया संबंधों में नई गति और गहराई आई है। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल अर्थव्यवस्था, बायोटेक, आईटी, पर्यटन और पीपल-टू-पीपल कनेक्शन में सहयोग मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सहयोग, काउंटर टेररिज्म, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मेरिटाइम सुरक्षा में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा एआई, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में साझेदारी को और बढ़ाया जाएगा।

दोनों देशों के बीच हुए ये एमओयू

सुरक्षा, स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (टीवीईटी) में सहयोग, ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण समझौता, आपदा प्रबंधन में सहयोग, भ्रष्टाचार से निपटने और उसे रोकने में सहयोग, संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर पत्र का आदान-प्रदान, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट्स एलायंस (आईबीसीए) पर ढांचागत समझौता, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), भारत गणराज्य और सामाजिक सुरक्षा संगठन (पीईआरकेईएसओ) मलेशिया के बीच में बीमित व्यक्तियों के रूप में भारतीय नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और गतिविधियों पर सहयोग ज्ञापन (एमओसी)।

बोस के करीबी
आईएनए के सिपाही राव से की मुलाकात

पीएम मोदी ने कुआलालंपुर में आजाद हिंद फौज, जिसे इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के नाम से भी जाना जाता है, के वयोवृद्ध जयराज राजा राव से भी मुलाकात की और दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय प्रवासियों के बीच इस बल के ऐतिहासिक योगदान और विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखा कि आईएनए के वयोवृद्ध जयराजा राजा राव से मिलना बहुत खास था। उनका जीवन अपार साहस और बलिदान से भरा है। उनके अनुभव सुनना बहुत प्रेरणादायक था। हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आईएनए की बहादुर महिलाओं और पुरुषों के हमेशा ऋणी रहेंगे, जिनकी वीरता ने भारत के भाग्य को आकार देने में मदद की।

दोनों देशों के बीच अहम घोषणाएं

मलेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास की स्थापना, यूनिवर्सिटी मलाया, कुआलालंपुर में एक समर्पित तिरुवल्लुवर केंद्र की स्थापना, मलेशियाई नागरिकों के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति संस्थान, एनआईपीएल और पेनेट एसडीएन बीएचडी के बीच सीमा पार भुगतान पर समझौता, साइबरजाया विश्वविद्यालय (यूओसी) और आयुर्वेद प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए) के बीच शैक्षणिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन।

भारत में व्यापार के लिए किया प्रोत्साहित
पीएम ने मलेशियाई बिजनेस लीडर्स से की खास मुलाकात

पीएम नरेंद्र मोदी ने मलेशिया के चार प्रमुख उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की। इस बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच तेजी से मजबूत हो रहे बिजनेस-टू-बिजनेस संबंधों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने भारत की सशक्त आर्थिक विकास यात्रा में मलेशियाई कंपनियों की बढ़ती रुचि की सराहना की और कहा कि यह विश्वास दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा।

इसके अलावा, पीएम मोदी ने मलेशियाई उद्योग जगत को भारत में उपलब्ध व्यापक अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विशेष रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और हेल्थकेयर जैसे तेजी से उभरते क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया।

भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का उल्लेख किया

पीएम मोदी ने पेट्रोनास के अध्यक्ष एवं समूह सीईओ तेंगकू मुहम्मद तौफिक, बरजया कॉर्पोरेशन बरहाद के संस्थापक दातो सेरी विंसेंट टैन ची यिउन, खजाना नेशनल बरहाद के प्रबंध निदेशक दातो अमीरुल फीसल वान जहीर और फिसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की। पीएम मोदी ने हाल के वर्षों में भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने तथा एक स्थिर, कुशल और पूर्वानुमानित कारोबारी एवं नीतिगत माहौल तैयार करने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों और पहलों का उल्लेख किया। पीएम ने शनिवार को कुआलालंपुर में आयोजित 10वें भारत–मलेशिया सीईओ फोरम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इस मंच पर हुई चर्चाएं दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश साझेदारी को और गहराई प्रदान करेंगी।

भारतीय मूल के नेताओं से की मुलाकात

पीएम मोदी ने रविवार को मलेशिया में भारतीय मूल के नेताओं, जिनमें मंत्री और सांसद शामिल थे, से मुलाकात की और सार्वजनिक जीवन में उनकी उपलब्धियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि विशिष्ट मंत्रियों और सीनेटरों सहित पीआईओ नेताओं के साथ शानदार बातचीत हुई। भारत के प्रति उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव साफ दिख रहा था। सार्वजनिक जीवन में उनकी उपलब्धियां हर किसी के लिए बहुत गर्व की बात है। शनिवार को पीएम मोदी ने भारत और मलेशिया के सीईओ से बातचीत की। एक्स पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा कि सीईओ फोरम ने हमारे दोनों देशों के लिए व्यापार और निवेश में नए अवसर खोले हैं।

अमेरिका का बड़ा आरोप
गलवान तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

2020 में जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी और दूसरी ओर गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया था। इसी दौरान चीन ने गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण किए। ये आरोप अमेरिका ने लगाए हैं। अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट थॉमस जी डिनैनो ने कहा है कि चीन ने गुप्त रूप से परमाणु विस्फोट परीक्षण किए, ताकि दुनिया को इसकी भनक न लगे। अमेरिका का दावा है कि चीन ने ऐसे तरीके अपनाए जिससे भूकंप मापने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रणालियां (सीस्मिक मॉनिटरिंग) भी इन परीक्षणों को ठीक से पकड़ न सकें। डिनैनो के मुताबिक, 22 जून 2020 को चीन ने ऐसा ही एक परमाणु परीक्षण किया था।

डिकपलिंग तकनीक का इस्तेमाल

अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि चीन ने जिस तकनीक का इस्तेमाल किया, उसे 'डिकपलिंग' कहा जाता है। इस तकनीक में विस्फोट को इस तरह अंजाम दिया जाता है कि उसके झटके कम महसूस हों और अंतरराष्ट्रीय निगरानी एजेंसियों को शक न हो। अमेरिका का कहना है कि चीन सैकड़ों टन क्षमता वाले परमाणु परीक्षणों की तैयारी और उन्हें अंजाम दे चुका है।

चीन ने आरोपों का विरोध किया

चीन के राजदूत शेन जियान ने कहा कि चीन ने ध्यान दिया है कि अमेरिका अपने बयान में तथाकथित चीन परमाणु खतरे को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहा है। चीन ऐसे झूठे आरोपों का कड़ा विरोध करता है। अमेरिका हथियारों को बढ़ाने की होड़ में सबसे बड़ा दोषी है। शेन जियान ने कहा कि उनका देश अमेरिका और रूस की इस नई बातचीत में हिस्सा नहीं लेगा।

पाकिस्तान का कबूलनामा
सस्ते भारतीय टीके नहीं मिलने से पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था पर दबाव

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में भारत से किफायती टीके नहीं मिलने के कारण अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य दबाव में है। पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन हैं। मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। इससे पहले वैश्विक सार्वजनिक-निजी स्वास्थ्य साझेदारी के तहत पाकिस्तान ग्लोबल अलायंस फॉर वैक्सीन्स एंड इम्यूनाइजेशन (गावी) के जरिए सस्ते टीके लेता था। गावी दुनिया के सबसे गरीब देशों के बच्चों को टीके दिलाती है। कमाल बोले, फिलहाल पाकिस्तान 40 करोड़ डॉलर की वार्षिक लागत पर टीके मंगाता है व 51% लागत वहन करता है। इसका अर्थव्यवस्था पर बुरा असर हो रहा है। कमाल ने कहा कि यह संगठन खरीद मध्यस्थ और वित्तपोषण भागीदार के रूप में पाकिस्तान को मुख्य रूप से भारत से टीके प्राप्त करने में मदद करता रहा है।

मुस्तफा कमला

वायुसेना के शौर्य से प्रभावित हुए सिंगापुर पीएम



सिंगापुर। भारतीय वायुसेना सिंगापुर एयर शो 2026 में स्वदेशी शक्ति व अपने बेजोड़ हुनर का प्रदर्शन कर रही है। इस बार वायुसेना की मशहूर सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने यहां अपने शानदार हवाई करतब दिखाए हैं। सिंगापुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित एयर शो के दौरान एक अत्यंत गौरवपूर्ण और यादगार क्षण तब सामने आया, जब सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भारतीय वायुसेना की विशिष्ट एवं विश्वविख्यात सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के साथ आत्मीय संवाद किया। यह भेंट एयर शो के औपचारिक कार्यक्रमों से इतर हुई, लेकिन इसका महत्व काफी व्यापक और प्रतीकात्मक रहा।

भारतीय समुद्री शक्ति का प्रतीक बनी आईएनएस 'सुदर्शिनी'
22,000 नॉटिकल मील की यात्रा के दौरान ओमान पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के सेल ट्रेनिंग शिप आईएनएस सुदर्शिनी ने ओमान के सलालाह बंदरगाह पर अपना पहला पोर्ट कॉल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। आईएनएस सुदर्शिनी 'लोकायन-26' नामक दस महीने की लंबी समुद्री यात्रा पर है। ओमान की यह यात्रा इस सफर का एक अहम पड़ाव था। भारतीय शिप अब यहां से आगे निकल चुका है। 'लोकायन–26' अभियान का मकसद दुनिया भर में भारत की समृद्ध समुद्री परंपरा और 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी सारी दुनिया एक परिवार है, के संदेश को फैलाना है। 'सुदर्शिनी' 10 महीने लंबी यात्रा के दौरान कुल 13 देशों के 18 विदेशी बंदरगाहों की यात्रा कर रहा है। पारंपरिक विधि से बना यह नौसैनिक शिप फ्रांस और अमेरिका जैसे देशों में आयोजित विशेष अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भी शामिल होगा। नौसेना का शिप 'सुदर्शिनी' कुल 22,000 नॉटिकल मील से अधिक की समुद्री यात्रा कर रहा है।

10 महीने लंबी यात्रा पर है सुदर्शिनी | **13 देशों के 18 बंदरगाहों पर पहुंचेगी**

ओमान संग पुराने समुद्री रिश्तों पर जोर

आईएनएस सुदर्शिनी

ओमान के अधिकारी भारतीय नौसेनिकों से चर्चा करते हुए

सलालाह में प्रवास के दौरान आईएनएस सुदर्शिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने ओमान की रॉयल नेवी के साउदर्न नेवल एरिया कमांडर कैप्टन मोहम्मद अल घैलानी और आरएनओ जहाज अल मोअजर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मोहम्मद अल महारी से मुलाकात की। बातचीत में भारत और ओमान के बीच पुराने समुद्री रिश्तों और दोनों नौसेनाओं की दोस्ती को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा ओमान की रॉयल नेवी के अधिकारियों को जहाज का गाइडेड टूर भी कराया गया।

आम जनता ने भी देखा

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक स्थानीय लोगों से जुड़ाव बढ़ाने के लिए आईएनएस सुदर्शिनी को आम लोगों के लिए भी खोला गया। करीब 600 से ज्यादा लोगों ने इस तीन मस्तूल वाले भारतीय जहाज को करीब से देखा। इन लोगों में स्कूल के बच्चे भी शामिल थे। उन्होंने यहां समुद्र में नौकायन की बारीकियों के बारे में जाना। अब आईएनएस सुदर्शिनी लोकायन–26 की अगली यात्रा पर रवाना हो चुकी है। पूरे जोश और उत्साह के साथ यह जहाज समुद्रों में भारत की सदियों पुरानी नौकायन परंपरा, दोस्ती और सद्भावना का संदेश आगे बढ़ा रहा है।

एपस्टीन फाइल्स में दलाई लामा का नाम!
169 बार जिक्र होने के दावों पर कहा न कभी मिले, न कभी इजाजत दी

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला

एपस्टीन फाइल में ऐसे-ऐसे विश्व प्रसिद्ध लोगों के नाम सामने आए हैं, जिसने सबको हैरान कर दिया है। इस बीच दलाई लामा के ऑफिस ने रविवार को इस संबंध में एक बयान जारी किया है। बयान में उन मीडिया रिपोर्ट्स को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है, जिनमें तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा और यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के बीच किसी भी तरह के संबंध की बात कही गई है। दरअसल, कई मीडिया आउटलेट्स ने संयुक्त राज्य अमेरिका न्याय विभाग (डीओजे) के डॉक्यूमेंट्स का हवाला देते हुए कहा था कि दलाई लामा का नाम बहुत चर्चित एपस्टीन फाइलों में 169 बार आया है। हालांकि, तिब्बती धर्मगुरु के दफ्तर ने ऐसे किसी भी आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक बौद्ध धर्मगुरु का नाम कथित तौर पर कई व्यक्तिगत ईमेल और 'मसाज फॉर डमीज' नाम की किताब के इंडेक्स में आया था, जिसे एपस्टीन केस रिकॉर्ड के हिस्से के तौर पर पहले जारी फाइलों में स्कैन किए गए डॉक्यूमेंट के तौर पर शामिल किया गया था।



सिद्धांत ने मृणाल पर बरसाए फूल

मुंबई। मृणाल इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में'के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में दिखाई देंगे। मृणाल और सिद्धांत अपनी मूवी के प्रमोशन के लिए मुंबई में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस बीच सिद्धांत ने एक नहीं, दो बार मृणाल पर फूलों की बारिश की। एक बार तब, जब वे इवेंट के दौरान फैंस से बातचीत कर रहीं थीं और दूसरी बार स्टेज पर। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस इस वीडियो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा था। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा था कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं।

लाइफ Style

नोरा
परफॉर्म करने के बाद मनाया जन्मदिन

नोरा फतेही ने पहले परफॉर्म किया है। इसके बाद उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया है। इसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया है और एक पोस्ट लिखी है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 'एक तो कम जिंदगानी', 'गर्मी', 'स्नेक' और 'वन्दे मातरम्' गाने पर शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने सबसे आखिर में एक वीडियो शेयर किया जिसमें देखा जा सकता है कि वह परफॉर्म करके वापस आईं। उनके साथियों और करीबियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लोगों का शुक्रिया अदा किया, केक पर लगी मोमबत्ती बुझाई और कई लोगों को हग किया। परफॉर्मेंस और जन्मदिन मनाने का वीडियो शेयर करते हुए नोरा फतेही ने लिखा 'टी20 वर्ल्डकप की ओपनिंग सेरेमनी और मेरे जन्मदिन का सेलेब्रेशन, वाह। मैं खुशनसीब हूं। जय हिंद।' 6 जनवरी 1992 को जन्मीं नोरा फतेही मोरक्को मूल की भारतीय अभिनेत्री और डांसर हैं। वह बॉलीवुड की फिल्म 'रोर' 'स्ट्रीट डांसर 3डी' और 'बी हैप्पी' जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।

हॉलीवुड मसाला

59 साल की उम्र में करेंगी
चौथी शादी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस हैली बेरी जल्द ही शादी कर सकती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी सगाई की बात को कंफर्म किया। हाल ही में 'द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन' में हैली बेरी ने बताया कि वह वैन हंट संग शादी करेंगी। लेकिन यह शादी कब होगी इस बारे में उन्होंने कहा, 'जब वैन ने मुझसे शादी के लिए पूछा तो मैंने हां कर दी। लेकिन अभी हमारे पास शादी की तारीख को लेकर कोई अपडेट नहीं है। लेकिन मैं उनसे शादी जरूर करूंगी।' यह सुनकर शो में बैठे हुए हैली बेरी के फैंस काफी खुश हुए।

एआई का जादू! टाइटैनिक में ऐश्वर्या-राजेश बने जैक एंड रोज़

मुंबई। आजकल एआई हर फील्ड में एंट्री मार चुका है और लोग इसका भरपूर इस्तेमाल भी कर रहे हैं। एआई की मदद से अब न सिर्फ अतीत को भी देखा जा सकता है, बल्कि इससे अब फिल्में भी बनाई जाने लगी हैं। हालांकि, एआई का दुरुपयोग भी खूब हो रहा है, पर कई बार इसकी मदद से बनी कई ऐसी चीजें सामने आ जाती हैं, जो हैरान कर देती हैं। जैसे कि 'टाइटैनिक' का ये वीडियो, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अगर 'टाइटैनिक' बॉलीवुड में बनती और इसे ऐश्वर्या राय और राजेश खन्ना के साथ बनाया जाता, तो फिल्म कैसी होती, यह एआई की मदद से दिखाया गया है। एआई की मदद से इस वीडियो में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि अगर 'टाइटैनिक' में ऐश्वर्या राय, रोज़ का किरदार निभातीं और राजेश खन्ना, जैक का किरदार, तो फिर वो कैसे लगते।



कलाकार को काम के घंटे तय करने का हक हो

मुंबई। अदिति राव हैदरी फिल्मों में अलग-अलग जॉनर के किरदार निभाती हैं। सोशल इश्यूज पर बनी फिल्में भी उन्होंने की हैं। असल जिंदगी में भी वह कई मुद्दों पर अपनी बात रखती हैं। हाल ही में उन्होंने इंडस्ट्री में लंबे काम के घंटों पर अपना नजरिया बताया है। अदिति राव हैदरी कहती हैं, 'मुझे लगता है कि यह हर व्यक्ति की अपनी पसंद है। अगर कोई कलाकार तय घंटे तक काम करना चाहता है, तो यह उसका पूरा हक है। अगर कोई अलग तरह से काम करना चाहता है, तो वह भी उसकी अपनी पसंद है।'वह आगे कहती हैं, 'फिलहाल मैं अपनी जिंदगी और अपने करियर के उस दौर में हूं, जहां जरूरत से ज्यादा घंटे काम कर रही हूं। लेकिन कुछ दिन ऐसे होते हैं, जब सच में महसूस होता है कि एक्टर से अच्छा काम लेने के लिए उसको रिलैक्स रखना जरूरी होता है।

ओ रोमियो का गाना पान की दुकान रिलीज

मुंबई। शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' की रिलीज पर रोक नहीं लगी है और ये 13 फरवरी को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले, इसका गाना 'पान की दुकान' खूब धूम मचा रहा है। इसमें शाहिद कपूर और दिशा पाटनी हैं और उनकी केमेस्ट्री भी जबरदस्त है। शुक्रवार को मुंबई में अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के गाने 'पान की दुकान' के लॉन्च के दौरान शाहिद कपूर को अचानक फैंस की भीड़ का सामना करना पड़ा। एक्टर ने कुछ लोगों को मंच पर आने के लिए इनवाइट किया था। देखते ही देखते, कई और लोग ऊपर चढ़ गए और उनके चारों ओर जमा हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अलग किया। वे कुछ देर के लिए मंच से हट गए, फिर वापस आकर कार्यक्रम में शामिल हुए। यह घटना तब घटी जब शाहिद तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म का प्रचार कर रहे थे।

टीवी मसाला

चंद्रिका ने वैलेंटाइन डे से पहले मिस्ट्री मैन को किया प्रपोज

नई दिल्ली। चंद्रिका दीक्षित लोगों के बीच सस्पेंस बढ़ाती ही जा रही हैं। उन्होंने अपने मिस्ट्री मैन के साथ एक वीडियो बनाया था और कहा था कि वह 8 फरवरी को बताएंगी वह शख्स कौन है। उसका नाम-पता क्या है। लेकिन, इस बार भी उन्होंने लोगों को चूरन थमा दिया। हालांकि ,जो लेस्टेस्ट रील पोस्ट की है, उसमें उन्होंने उस आदमी को थ्री-मैजिकल वर्ड 'आई लव यू' कह दिया है। साथ ही कैप्शन में भी प्यार उड़ेला है।चंद्रिका दीक्षित 2 फरवरी से ही लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रही हैं। दिल्ली में वड़ा पाव बेचकर सुर्खियों में आईं और फिर 'बिग बॉस ओटीटी 3' का हिस्सा बनीं। और लंबे वक्त बाद अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगाकर वह चर्चा का विषय बन गई हैं। उन्होंने मिस्ट्री मैन को प्रपोज कर दिया है, जो अब सरदार जी के लुक में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में चंद्रिका कहती हैं, 'तुम गलत थे कि मुझे कभी प्यार नहीं हो सकता।' मिस्ट्री मैन ने पूछा, 'तुझे किससे प्यार हो गया?' वड़ा पाव गर्ल ने जवाब दिया, 'तुमसे।' इसके बाद वह पूछते हैं, 'सच्ची?' तो वड़ा पाव गर्ल कहती हैं, 'आई लव यू।' फिर दोनों एक-दूसरे को अपनी बाहों में भर लेते हैं। इस पर लोगों ने तरह-तरह के रिएक्शन्स दिए हैं। एक ने लिखा, 'ये मिस्ट्री मैन कभी सिख कभी मुसलमान बन जाता है।' ए ने लिखा, 'अनफॉलो करो और सब इसको मास रिपोर्ट करो।'

कृतिका बनने जा रही हैं गौरव की दूसरी दुल्हनिया

नई दिल्ली। 'कितनी मोहब्बत है' फेम कृतिका कामरा फाइनली शादी करने जा रहा हीं। उन्होंने गौरव कपूर के साथ अपने रिश्ते के बारे में पिछले साल ही बताया था। और अब खबर है कि ये दोनों फेरे वाले हैं। वह



अपने रिश्ते को एक अगले लेवल पर ले जाने के लिए तैयार हैं और शायद मार्च, 2026 में पति-पत्नी बन जाएंगे। हालांकि अभी कपल की तरफ से पुष्टि नहीं की गई है। 'कृतिका और गौरव साथ में खुश हैं और अच्छी लाइफ बिता रहे हैं। और वह अब अपने रिश्ते को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए एक्साइटेड हैं। वह मार्च के आखिरी दिनों या अप्रैल के पहले हफ्ते शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं।' इस शादी में में उनके परिवार और दोस्त शामिल होंगे। सोर्स ने बताया है कि मुंबई में कपल फेरे लेगा। फिलहाल उसकी सभी रस्मों की तैयारी में वो जुटे हुए हैं। कृतिका और गौरव ने सभी फंक्शन्स के बारे में अभी कुछ फाइनल नहीं किया हैं कि वह क्या कुछ करेंगे। मगर वह मुंबई में इंडस्ट्री के लोगों को रिसेप्शन जरूर देंगे। बता दें कि कृतिका और गौरव ने दिसंबर, 2025 में अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था।

जब अमिताभ को कहा गया थर्ड रेट एक्टर साधा विदेशी सोच पर निशाना

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपनी बात फैंस तक पहुंचाते हैं। साथ ही वह नियमित ब्लॉग भी लिखते हैं। हाल ही में अपने एक ब्लॉग में उन्होंने एक पुराना और बुरा अनुभव साझा किया। साथ ही भारत की अंडर-19 विश्वकप जीत के वक्त 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री'वाले कमेंट को लेकर भी सफाई दी। ट्वीट करते हुए अमिताभ बच्चन ने लिखा था, 'अंडर-19 क्रिकेट इंडिया विश्व चैंपियन। दुश्मन को ठोक दिया। ब्लाइंड, महिला, पुरुष क्रिकेट, सभी विश्व चैंपियन। हम नंबर 1 हैं, शीर्ष पर है, विश्व में प्रथम हैं। हम तीसरे दर्जे के नहीं हैं, हम विश्व में प्रथम हैं। भारत माता की जय।'कई लोगों को अमिताभ बच्चन का 'तीसरे दर्जे के देश' वाली बात पसंद नहीं आई। इसी बात को लेकर अमिताभ ने एक ब्लॉग लिखकर पूरी कहानी साझा की है।

पुराना अनुभव किया साझा

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'मुझे एक देश (नाम नहीं बताऊंगा) में होने वाले फिल्म फेस्टिवल के लिए बुलाया गया था। प्लेन में मैंने उनका अखबार देखा, जिसमें मेरी एक फिल्म की तस्वीर थी। भाषा समझ में न आने पर मैंने एयर होस्टेस से पूछा कि क्या लिखा है। उसने कहा कि यह एक इंडियन फिल्म का पोस्टर है और अखबार में लिखा है कि इसका एक्टर देश में आ रहा है। मैं यह देखकर हैरान कि यह विदेशी देश हमारी फिल्मों से इतना प्रभावित कैसे और क्यों हो सकता है। लैंडिंग के बाद मुझे पता चला कि ऐसा क्यों था।'

देश को तीसरे दर्जे का कहे जाने पर नाराज हुए

अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग में आखिरी में लिखते हैं, 'थर्ड रेट एक्टर वाली बात मैंने मान ली। लेकिन भारत को तीसरी दुनिया का देश कहा जाना मेरे लिए दुखद था। इसलिए मैं एक बार फिर अपनी बात को दोहरा रहा हूं। अंडर19 क्रिकेट इंडिया, वर्ल्ड चैंपियंस है। दुश्मन को हरा दिया है।' इस तरह अमिताभ बच्चन ने जता दिया कि क्यों उन्होंने 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री' वाला कमेंट पहले किया था। उनकी मंशा किसी को आहत करने की नहीं थी। वह सिर्फ विदेशी लोगों की भारत को लेकर सोच को उजागर कर रहे थे। साथ ही उन्हें करारा जवाब भर दे रहे थे।

आयुष्मान-सारा की पति पत्नी और वो दो की रिलीज डेट बदली

मुंबई। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट बदल गई है। अब इसके लिए दर्शकों को इंतजार करना पड़ेगा। इस साल रिलीज होने जा रही फिल्मों की रिलीज डेट में बदलाव का क्रम जारी है। बीते दिन अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज डेट में बदलाव का एलान किया था। आज रविवार को आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट भी बदलने की बात सामने आई है। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' पहले होली के अवसर पर 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। मगर, अब यह फिल्म होली के मौके पर रंग नहीं जमाएगी, क्योंकि तारीख में बदलाव कर दिया गया है। दर्शकों के लिए इंतजार थोड़ा लंबा हो गया है। यह फिल्म अब गर्मियों में रिलीज होगी। बता दें कि ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने आज एक ट्वीट करके यह जानकारी दी है।



इसके मुताबिक फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' अब 15 मई को रिलीज होगी। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में आयुष्मान खुराना और सारा अली खान के अलावा रकुल प्रीत सिंह व वामिका गब्बी भी अहम भूमिका में हैं। दिलचस्प बात यह है कि पहले होली के अवसर पर रिलीज होने वाली यह फिल्म अब उस दिन रिलीज होगी, जिस दिन अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' आने वाली थी। अक्षय की 'भूत बंगला' पहले 15 मई को रिलीज हो रही थी। मगर, बीते शनिवार अक्षय कुमार ने बताया कि यह फिल्म अब 10 अप्रैल को रिलीज हो रही है। ऐसे में अक्षय की फिल्म की जगह पर 'पति पत्नी और वो दो' के मेकर्स ने कब्जा कर लिया।

याद आ जाएंगे रिलेशनशिप के शुरुआती दिन

वैलेंटाइन वीक में अपने पार्टनर के साथ देखें ये 6 रोमांटिक वेब सीरीज

नई दिल्ली। वैलेंटाइन वीक प्यार और दोस्ती के लिए खास फेस्टिवल की तरह है। ये सात दिन का होता है, जो 7 फरवरी से 14 फरवरी तक चलता है। इस वीक में आप अपने खास लोगों से प्यार का इजहार कर सकते हैं। अगर आप लॉन्ग डिस्टेंस में हैं या आपके पास बाहर जाने का समय नहीं है, तो आप अपने पार्टनर के साथ घर बैठे इन 6 रोमांटिक वेब सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। ये सीरीज देखकर आपको एक बार फिर अपने रिलेशनशिप के शुरुआती दिन याद आ जाएंगे।

मिसमैच्ड

प्राजक्ता कोली और रोहित सर्राफ की 'मिसमैच्ड' सबसे चर्चित रोमांटिक सीरीज में से एक है। इसमें आपको कॉलेज की लव स्टोरी देखने को मिलती है। इस सीरीज में आपको प्यार, तकरार और फिर से प्यार कैसे होता है, ये देखने को मिलेगा। इसके 3 सीजन आ चुके हैं और जल्द ही चौथा सीजन भी आने वाला है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

ब्रोकन बट ब्यूटीफुल

इस सीरीज में आपको दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही सोनिया राठी और विक्रांत मैसी लीड रोल में हैं। इस सीरीज की कहानी काफी इमोशनल है। किरदारों की लव लाइफ में काफी अड़चनें आती हैं, लेकिन प्यार कैसे बरकार रहता है, ये आप इस सीरीज में देख पाएंगे। ये सीरीज आपको एमएक्स प्लेयर और अमेजन प्राइम पर मिल जाएगी।

लिटिल थिंग्स : 'लिटिल थिंग्स' साल 2016 में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सीरीज में मिथिला पालकर और ध्रुव सहगल नजर आएंगे। सीरीज की कहानी में 'ध्रुव' और 'काव्या' की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जो कि लिव इन में रहते हैं। इसमें आपको एक लिव-इन कपल के बीच की नोक-झोंक और प्यार देखने को मिलेगा। अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ लिव-इन में रहते हैं, तो ये सीरीज आपके लिए है।

मॉडर्न लव मुंबई

मॉडर्न लव मुंबई में 6 अलग-अलग लव स्टोरीज दिखाई गईं हैं। सीरीज में फातिमा सना शेख, अरशद वारसी, प्रतीक गांधी और वामिका गब्बी अहम किरदार में नजर आएंगे। 'मॉडर्न लव' की खूबसूरती इसकी वैरायटी में है। यहां प्यार सिर्फ यंग कपल तक सीमित नहीं है। हर एक एपिसोड एक नयी कहानी है। ये 6 अनोखी कहानियां मॉडर्न प्यार और उसके महत्व पर आधारित हैं। इसे क्रिटिक्स से भी काफी सराहना मिली थी। इस सीरीज को आप अमेजन प्राइम पर देख सकते हैं।

हॉस्टल डेज

इस सीरीज में आदर्श गौरव, एहसास चन्ना, निखिल विजय और आयुशी गुप्ता लीड रोल में हैं। इसमें रोमांस और कॉमेडी का शानदार बैलेंस है। अंकित और आकांक्षा की लव स्टोरी दर्शकों को कॉलेज के सुनहरे दिनों की याद दिलाती है। सीनियर्स की रैगिंग, पढ़ाई का दबाव और दोस्तों के साथ मस्ती इस सीरीज को और मजेदार बनाती है। अगर आप कॉलेज रोमांस और हॉस्टल लाइफ की मूवी या सीरीज पसंद करते हैं, तो यह सीरीज आपके लिए है। ये सीरीज आपको अमेजन प्राइम पर मिलेगी।

फ्लेम्स

अमेजॉन प्राइम वीडियो की ये रोमांटिक सीरीज आपको अपने ट्यूशन के दिनों की याद दिला देगी। इस सीरीज में ऋत्विक साहोरे और तान्या मानिकतला अहम किरदार में हैं। किस तरह से ट्यूशन के टाइम पर प्यार और दोस्ती होती है। कैसे आप छुप-छुपकर अपने पार्टनर और दोस्तों से मिलते है, ये सब आपको इस सीरीज में देखने को मिलेगा।

खबर संक्षेप

भारतीय पिचों पर विविधता होना बहुत जरूरी है: फर्ग्युसन

चेन्नई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने टी20 विश्व कप मैच के दौरान अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम के दो विकेट जल्दी चटकाकर टीम को उम्मीद से कम स्कोर पर रोकने के बाद कहा कि भारतीय पिच पर गेंदबाजों के लिए विविधता 'बहुत जरूरी' है। फर्ग्युसन ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत में कभी-कभी यह जानना मुश्किल होता है कि प्रतिस्पर्धी स्कोर क्या है। जितने वर्षों से मैं यहां आ रहा हूं, पिच बेहतर होती जा रही हैं। हां, विविधता होना बहुत जरूरी है। हर अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज के पास ये विविधताएं होती हैं।' न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की और चेपक की पिच पर फर्ग्युसन अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन से खुश दिखे।

सूर्यकुमार में ठहराव आ गया : हरमीत सिंह

मुंबई। दबाव के क्षणों में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का शांतचित्त आत्मविश्वास अमेरिका के स्पिनर हरमीत सिंह को महान महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारत को संकट से निकालकर सूर्यकुमार ने 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी खेली और जीत के सूत्रधार रहे। हरमीत ने कहा ,' बेशक, हम यह सब सोचते थे लेकिन उन्हें सफलता देर से मिली। मुझे लगता है कि अब उनमें वह ठहराव आ गया है, जो एमएस धोनी में भी उनके कैरियर के आखिरी दौर में था।' उन्होंने कहा,'एक स्ट्रोक प्लेयर के तौर में उनमें जो लय थी, उन्होंने एक समझदारी भरी पारी खेलकर फिनिशर की भूमिका निभाई।

लाइन और लेंथ पर टिके रहने की थी योजना: सिराज

मुंबई। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि जून 2024 के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर वह सबसे छोटे प्रारुप के लिए अपनी तैयारी को लेकर साफ थे और अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में रणजी ट्रॉफी में फेंकी गई लाइन और लेंथ पर टिके रहना ही उनकी योजना थी। सिराज शनिवार से शुरू हुए विश्व कप के लिए शुरुआत में भारत की योजनाओं का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने हालांकि टीम में वापसी की और एकादश में शामिल होकर वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम की 29 रन की जीत में 29 रन देकर तीन विकेट लिए।

न्यूजीलैंड ने किया बड़ा टारगेट चेज, सेफर्ट ने जड़ी तूफानी फिफ्टी, फर्ग्यूसन को 2 विकेट

अफगानिस्तान का 25 मैचों का अजेय रिकॉर्ड टूटा, 180 प्लस रन के बावजूद न्यूजीलैंड से हारा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

एम ए चिदंबरम स्टेडियम की स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर अफगानिस्तान के स्पिनरों ने निराश किया और बेहतर शुरुआत के बाद रविवार को टी20 विश्व कप के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस हार की वजह से अफगानिस्तान का एक बड़ा रिकॉर्ड भी टूटा है। अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए इस मैच से पहले टी20 में 25 बार 180 या उससे अधिक का स्कोर पहले बल्लेबाजी करते हुए बनाया था और हर बार मैच जीतने में सफलता हासिल की थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान का जीत का ये क्रम टूट गया। अफगानिस्तान को 182 रन बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। 26 मौकों में पहली बार ऐसा हुआ है जब अफगानिस्तान को 180 रन से अधिक बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा है।

न्यूजीलैंड का शानदार आगाज

अफगानिस्तान को हराकर न्यूजीलैंड ने अपने सफर का शानदार आगाज किया है। न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 183 के लक्ष्य को सलामी बल्लेबाज टिम सेफर्ट के अर्धशतक की मदद से 5 विकेट के नुकसान पर 17.5 ओवर में हासिल कर लिया। 183 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी न्यूजीलैंड को पारी के दूसरे ओवर में ही लगातार गेंदों पर मुजीब उर रहमान ने फिन एलेन और रचिन रवींद्र के रूप में दो बड़े झटके दिए थे। रहमान ने दोनों को बोल्ड कर दिया। दो विकेट 14 रन पर गंवाकर न्यूजीलैंड मुश्किल में थी।

सेफर्ट ने खोला जीत का रास्ता

टिम सेफर्ट चौथे विकेट के रूप में 42 गेंद पर 3 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 65 रन बनाकर आउट हुए। सेफर्ट की इस पारी ने ही न्यूजीलैंड की जीत का रास्ता खोला। चैपमेन 17 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हुए। डेरिल मिचेल ने 14 गेंद पर 25 और कप्तान मिशेल सेंटनर ने 8 गेंद पर 17 रन बनाकर टीम का स्कोर 17.5 ओवर में 5 विकेट पर 183 तक पहुंचाकर टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान को छोड़ कोई भी गेंदबाज प्रभावी नजर नहीं आया। रहमान ने 4 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए। ओमरजाई ने 3.5 ओवर में 40 रन देकर 1, राशिद खान ने 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट लिए। मोहम्मद नबी ने 1 ओवर में 18 रन लुटाकर 1 विकेट लिए।

गुलबदीन ने खेली अर्धशतकीय पारी

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने वाली अफगानिस्तान ने 6 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नायब ने 35 गेंद पर 4 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 63 रन की पारी खेली थी। रहमनुल्लाह गुरबाज ने 22 गेंद पर 27, सेदिकुल्लाह अटल ने 24 गेंद पर 29, दरवेस रसूली ने 13 गेंद पर 20, अजमतुल्लाह ने 7 गेंद पर 14 और नबी ने नाबाद 7 गेंद पर 10 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 और मैट हेनरी, जैकब डफी और रवींद्र ने 1-1 विकेट लिए थे। टिम सेफर्ट प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

विश्व कप

नेपाल ने इंग्लैंड को दी कड़ी टक्कर मात्र 4 रन से हारा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मुकाबले में बड़ा उलटफेर होते-होते बचा। सांस रोक देने वाले रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने नेपाल को 4 रन से हराया। आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी, लेकिन नेपाल 5 रन बना सकी और 4 रन से मैच हार गई। इंग्लैंड की तरफ से आखिरी ओवर सैम करन ने किया था।

नेपाल टीम ने जीवटता का दिया परिचय

185 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी नेपाल क्रिकेट टीम मजबूत जीवटता का परिचय दिया। कुशाल भुर्टेल के 17 गेंद पर 29, कप्तान रोहित पॉडेल के 34 गेंद पर 39 रन, दीपेंद्र सिंह एरे के 29 गेंद पर 44, और लोकेश बाम के 20 गेंद पर बनाए 39 रन की बदौलत नेपाल ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। नेपाल जीत से सिर्फ एक शॉट पीछे रह गई। सैम करन ने भी आखिरी ओवर में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और लीग क्रिकेट का पूरा अनुभव दिखाया, जिसकी वजह से इंग्लैंड को जीत हासिल हो सकी।

बेथेल और ब्रूक ने खेली अर्धशतकीय पारी

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 184 रन बनाए थे। जैकब बेथेल और कप्तान हैरी ब्रूक ने अर्धशतक लगाया था। बेथेल ने 35 गेंद पर 4 छक्के और 4 चौकों की मदद से 55 और ब्रूक ने 32 गेंद पर 3 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे विल जैक्स ने 18 गेंद पर 4 छक्कों की मदद से 39 रन बनाए थे। जोस बटलर ने भी 17 गेंद पर 26 रन की पारी खेली थी।

रणजी ट्रॉफी

उत्तराखंड की सेमीफाइनल में जगह पक्की, झारखंड को पारी से हराया

एजेंसी ▶▶| जमशेदपुर

मयंक मिश्रा और अभय नेगी की धारदार गेंदबाजी से उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन झारखंड को पारी और छह रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। उत्तराखंड के बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर मिश्रा ने 22 रन पर पांच विकेट लेकर झारखंड को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया जबकि तेज गेंदबाज अभय नेगी ने 36 रन देकर चार विकेट चटकाए, जिससे विरोधी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 130 रन पर ढेर हो गई। कल के पांच विकेट पर 282 रन से आगे खेलते हुए उत्तराखंड ने तीसरे दिन मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए पहली पारी में 122.3 ओवर में 371 रन बनाकर 136 रन की बढ़त हासिल की। निचले क्रम के बल्लेबाज अभय नेगी ने 46 रन की पारी खेलकर उत्तराखंड को बड़ी बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। झारखंड की टीम पहली पारी में 235 रन ही बना सकी थी। दूसरी पारी में भी झारखंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 14 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों शिखर मोहन (02) और शरणदीप सिंह (08) के विकेट गंवा दिए।

घरामी ने खेली नाबाद दोहरी शतकीय पारी, बंगाल को बढ़त

कल्याणी। सुदीप कुमार घरामी ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल के तीसरे दिन अपने करियर की यादगार पहली दोहरी शतकीय पारी खेली, जिससे बंगाल ने स्टंप तक पहली पारी में 123 रन की अहम बढ़त हासिल की। घरामी ने जबरदस्त संयम का परिचय देते हुए 451 गेंदों का सामना कर नाबाद 216 रन बना लिए हैं। इस तरह उन्होंने आंध्र के पहली पारी में 295 रन के जवाब में बंगाल को छह विकेट पर 418 रन तक बनाने में मदद की और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दाएं हाथ के 26 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी लंबी पारी के दौरान 27 चौके लगाए। उनकी यह मैराथन पारी शुरुआती झटकों से जूझ रही बंगाल की टीम के लिए अहम साबित हुई, जिसने आंध्र को लगभग मुकाबले से बाहर कर दिया। पहली पारी की बढ़त हासिल कर चुकी बंगाल ड्रॉ की स्थिति में भी सेमीफाइनल में प्रवेश कर सकती है। लेकिन अब वह चौथे दिन और रन जोड़कर आंध्र को पूरी तरह मैच से बाहर करने की कोशिश करेगी।

मैनचेस्टर का विजय रथ, टोटेनहैम को हराकर टॉप-4 में बनाई जगह

प्रीमियम लीग

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

माइकल कैरिक के मार्गदर्शन में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग फुटबॉल में लगातार चौथी जीत हासिल की, जिससे कुछ हफ्ते पहले मुश्किलों में नजर आ रही टीम अब काफी बेहतर स्थिति में दिख रही है। यूनाइटेड ने टोटेनहम को 2-0 से हराकर मुख्य कोच के तौर पर कैरिक की शत प्रतिशत जीत का सिलसिला जारी रखा और पिछले दो वर्षों से चैंपियंस लीग से बाहर रहने के बाद वापसी की उम्मीदों को बढ़ाया। टीम अब 25 मैच में 44 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। आर्सेनल ने शीर्ष पर नौ अंक की बढ़त बना ली है। टीम ने स्थानापन्न खिलाड़ी विक्टर ग्योकेरेस के दो गोल से संडरलैंड के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। आर्सेनल के 25 मैच में 56 अंक हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी (24 मैच में 47 अंक) रविवार को लीवरपूल से खेलेगा जबकि तीसरे स्थान पर मौजूद एस्टन विला (25 मैच में 47 अंक) ने बोर्नमाउथ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। चेल्सी ने कोल पाल्मर की हैट्रिक से आखिरी स्थान पर मौजूद वॉल्व्स के खिलाफ 3-1 की जीत दर्ज की।

- कैरिक के मार्गदर्शन में लगातार चौथी जीत

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सर्वश्रेष्ठ टीम में खेलेंगे वैभव, कनिष्क और हेनिल को मिली जगह

एजेंसी ▶▶| दुबई

युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईसीसी की अंडर-19 विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली, जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंद में 175 रन की शानदार पारी खेलने के बाद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए 14 साल के सूर्यवंशी के अलावा टीम के उनके साथी कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय टीम में जगह मिली। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। कनिष्क ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार महत्वपूर्ण योगदान दिया जबकि हेनिल के 11 विकेट में अमेरिका के खिलाफ 16 रन देकर पांच विकेट का शानदार स्पैल भी शामिल था।

आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम

वैभव सूर्यवंशी (भारत), विरान चामुदिथा (श्रीलंका), फैजल खान शिनोजादा (अफगानिस्तान), थॉमस रेव (विकेटकीपर, कप्तान) (इंग्लैंड), ओलिवर पीक (ऑस्ट्रेलिया), बेन मायेस (इंग्लैंड), कनिष्क चौहान (भारत), नूरीस्तानी उमरजई (अफगानिस्तान), विटेल लावेस (वेस्टइंडीज), अली रजा (पाकिस्तान), मैनी लुम्सडेन (इंग्लैंड), हेनिल पटेल (भारत)।

लवलीना और अरुंधति का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 9 स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| ला नूसिया

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी की अगुआई में भारत ने बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को सात एलीट महिला फाइनल में भारतीयों ने प्रतिनिधित्व किया। वहीं 54 किग्रा वर्ग में फाइनल दो भारतीयों के बीच हुआ। भारतीय महिलाओं ने प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सैम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से अधिक मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारत नौ स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल रहा।

महिला मुक्केबाजों का बेहतरीन प्रदर्शन

भारतीय महिलाओं ने अंतिम दिन बेहतरीन प्रदर्शन किया। मंजू रानी (48 किग्रा) और नीतू (51 किग्रा) ने क्रमशः स्पेन की मार्टा लोपेज और नोएलिया गुटिरेज पर सर्वसम्मत जीत के साथ शुरुआत की। फिर पूनम (54 किग्रा) ने एक कड़े मुकाबले वाले हमवतन प्रीति को हराया।

एशियाई चैंपियनशिपः हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने जूनियर वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

भारतीय निशानेबाजों का दबदबा, इलावेनिल-बबूता ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बबूता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल) में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जिससे भारतीय निशानेबाजों का दबदबा लगातार बना रहा। भारत की जीत की लय जारी रखते हुए हिमांशु ढिल्लों और शांभवी क्षीरसागर ने इसी स्पर्धा के जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की एयर राइफल स्पर्धा में शनिवार को स्वर्ण जीत चुकी इलावेनिल ने चार टीम के फाइनल में 24 शॉट में 253.4 का स्कोर किया जबकि बबूता ने पदक दौर में खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए 251.6 अंक जुटाए, जिससे जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

इलावेनिल और बबूता ने बनाए 505.0 अंक

इलावेनिल और बबूता ने मिलकर 505.0 अंक बनाए जिससे वे दक्षिण कोरिया की यूनजी क्वोन और किम वूरिम (501.0) से चार अंक आगे रहे जिन्हें रजत पदक मिला। जापान की मिसाकी नोबाटा और नाओया ओकाडा की जोड़ी ने 437.1 अंक से कांस्य पदक जीता।

8 माह की गर्भवती शूटर मेघना ने जीता गोल्ड

भारत की महिला शूटर मेघना सज्जनार ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में कमाल कर दिया और पहले उन्होंने 10 मीटर एयर रायफल इवेंट (व्यक्तिगत) में ब्रॉन्ज मेडल जीता और फिर 10 मीटर एयर रायफल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने का कमाल किया।

नीदरलैंड को हराकर भारत ने बनाई बढ़त भांबरी-दक्षिणेश्वर ने खेला मैराथन खेल

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने मैराथन युगल मुकाबले में डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3- 6, 7-6 से हराकर भारत को नीदरलैंड के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में रविवार को 2 -1 से बढ़त दिला दी। तीन घंटे तक चले बराबरी के मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी की जगह दक्षिणेश्वर को उतारने का भारतीय कप्तान रोहित राजपाल का फैसला सटीक साबित हुआ।

डेविस कप क्वालीफायर

भाम्बरी ने खतरे को टाल

भाम्बरी की सर्विस पर लगातार दबाव था खासकर सातवें गेम में जब उनकी पहली सर्विस कमजोर पड़ गई थी। जब स्कोर 30-30 से बराबर था तब एक 'डबल फॉल्ट' से नीदरलैंड को ब्रेक प्वाइंट मिला लेकिन भाम्बरी ने सटीक रिटर्न से जवाब देकर खतरे को टाल दिया। इसके बाद दक्षिणेश्वर बैकहैंड वॉली पर गेम प्वाइंट बनाने से चूक गए और एरेंड्स के स्मैश से डच टीम को फिर बढत बनाने का मौका मिला।

एलबीटी ऑडिटोरियम में नाटक 'मध्यांतर' का किया प्रभावशाली मंचन

समकालीन सामाजिक यथार्थ और मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप ऑडिटोरियम में नाट्य प्रस्तुति 'मध्यांतर' का मंचन किया गया। जिसका निर्देशन रंगकर्मी विभा श्रीवास्तव ने किया। श्रीवास्तव के संवेदनशील और सधे हुए निर्देशन ने नाटक की विषयवस्तु को गहराई प्रदान की। मंचन के दौरान दृश्य संयोजन और भावनात्मक उतार-चढ़ाव दर्शकों को लगातार नाटक से जोड़े रखने में सफल रहे। समकालीन यथार्थ और आत्ममंथन का कलात्मक चित्रण नाटक 'मध्यांतर' समकालीन सामाजिक यथार्थ, मानवीय संवेदनाओं और जीवन में आने वाले ठहराव और आत्ममंथन के क्षणों का कलात्मक चित्रण प्रस्तुत करता है। कथा दर्शकों को स्वयं से संवाद करने और जीवन के अनेक अनछुए पहलुओं पर सोचने के लिए प्रेरित करती है।

नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार।

रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप ऑडिटोरियम में नाट्य 'मध्यांतर' का मंचन करते हुए कलाकार।

एक लेखक की असली पहचान उसकी ईमानदारी और सच है...

अपने साहित्यिक सफर और सामाजिक सरोकारों पर लेखिका अलका ने की चर्चा

भोपाल। लेखिका और प्रेमचंद सम्मान से सम्मानित अलका अग्रवाल ने हाल ही में अपने साहित्यिक सफर और सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक लेखक की असली पहचान उसकी ईमानदारी और सच के प्रति उसकी प्रतिबद्धता से होती है। अग्रवाल ने कहा कि लेखन जीवन से ही जन्म लेता है, जो कुछ लेखक अपने आसपास देखता, महसूस करता और जीता है, वही शब्दों में ढलता है। उनकी रचनाओं में दिखाई देने वाली संवेदना केवल निजी अनुभवों का परिणाम नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी हिस्सा है। वे कहती हैं कि एक लेखक को अपने समय की सच्चाइयों से जुड़ा रहना चाहिए। उन्हें मिले सम्मानों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि पुरस्कार जिम्मेदारी बढ़ाते हैं, लेकिन लेखन का मूल स्वभाव हमेशा निष्पक्ष रहना चाहिए।

हरिशंकर परसाई से सीखा बिना डरे लिखना

हरिशंकर परसाई के विचारों से प्रभावित अलका मानती हैं कि लेखक समाज सुधारक भले न हो, लेकिन वह बदलाव की चेतना का संवाहक जरूर होता है। उन्होंने कहा, मैंने परसाई जी से बिना डरे लिखना सीखा। उनके लेखन में स्त्री मन की पीड़ा और हाशिए पर खड़े व्यक्ति की आवाज़ प्रमुखता से सुनाई देती है।

उन्होंने युवा पीढ़ी को प्रेरित करते हुए कहा कि कलम की ताकत का सही उपयोग करें। इसके साथ ही प्रसिद्ध कवि अमिताभ की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लेखकों को अपने भीतर के अंधेरे को दूर कर समाज के लिए रोशनी बनना चाहिए। अलका के अनुसार, यदि किसी रचना से समाज की सोच बदलती है, तो वही एक लेखक की वास्तविक सफलता है।

नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन

जनजातीय संग्रहालय में लोक-संस्कृति की गणगौर नृत्य की प्रस्तुति को मिला मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में रविवार को नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महेश मालवीय एवं साथी, राजगढ़ द्वारा कबीर गायन से हुई, जिसमें निर्गुण भक्ति की भावधारा प्रवाहित हुई। इसके पश्चात विनोद सेन एवं साथी, दतिया द्वारा प्रस्तुत लांगुरिया गायन एवं देवी भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। राखी बांके एवं साथी द्वारा प्रस्तुत गणगौर नृत्य ने निमाड़ी लोकजीवन की सांस्कृतिक छवि को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

देवी भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया

जनजातीय संग्रहालय में रविवार को नृत्य, गायन की प्रस्तुति देते कलाकार।



भगोरिया नृत्य रहा कार्यक्रम का विशेष आकर्षण

कृष्णा मालीवाड एवं साथी, धार द्वारा प्रस्तुत भगोरिया नृत्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। लोक एवं जनजातीय परंपराओं को मालवा, झाबुआ और अलीराजपुर अंचल की भील जनजाति का यह पारंपरिक नृत्य फागुन माह में आयोजित भगोरिया हाट से जुड़ा है। रंग-बिरंगी वेशभूषा, तीर-कमान के साथ नृत्य करती युवतियां और पाली, चक्रीपाली और पिरामिड जैसी नृत्य मुद्राएं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गईं। गणगौर नृत्य निमाड़ी जनजीवन का गीति काव्य है, जो चैत्र माह में नौ दिनों तक गीत, नृत्य और वाद्य के साथ मनाया जाता है। ढोल और थाली वाद्य की संगति में प्रस्तुत इस नृत्य ने लोकपरंपरा की जीवंतता को सशक्त रूप से उजागर किया।

होना चाहो अगर सुगंधित मकरंदों की बात करो...

भोपाल। क्रिस्टल आइडियल सिटी अवधपुरी में वागेश्वरी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच ने आओ बसंत अभिनंदन है एक शानदार काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें राजधानी के कई कवि-कवयित्रियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार ऋषि श्रृंगारी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. मोहन तिवारी आनंद, विशिष्ट अतिथि सुरेश पटवा, सारस्वत अतिथि रूपाली सक्सेना एवं संस्था के संरक्षक डॉ. गिरीश दुबे 'बेधड़क' उपस्थित रहे। संचालन सत्यदेव सोनी 'सत्य' ने किया। वाणी वंदना सुनीता शर्मा 'सिद्धी' ने प्रस्तुत की, जिसमें उनके द्वारा 'हर अक्षर के सार में वीणा के संस्कार में कहकर वाणी आराधना की गई। गोष्ठी में ऋषि श्रंगारी ने अपने छंद पढ़ते हुए कहा मेघना ने जब तड़प कर, रूपसी का तन छुआ है। है मदन ऋतु भीगने को, बावरा ये मन हुआ है। डॉ. गिरीश दुबे 'बेधड़क' ने हास्य रचनाओं से मंच को समृद्ध किया।. डॉ. मोहन तिवारी आनंद ने कविता पाठ कर तालियां बटोरीं। सुरेश पटवा ने 'वजन उठाती हैं औरतें' सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कैलाश मेश्राम ने 'एक प्रणय की साधिका का कौन सा विचलन लिखूं' सुना वाहवाही लूटी। सत्यदेव सत्य ने होना चाहो अगर सुगंधित, मकरंदों की बात करो। अंतस उपवन महक उठेगा... का पाठ किया।

■ 'वागेश्वरी साहित्यिक एवम सांस्कृतिक मंच' की वसन्त काव्य गोष्ठी संपन्न

शासकीय माध्यमिक शाला भोईपुरा में नाटक की प्रस्तुति देते बच्चे।

'हमारा स्कूल संस्कारों का घर' नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय माध्यमिक शाला भोईपुरा में फ्लाइंग फैरीज़ नाट्य संस्थान द्वारा नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामाजिक नाटक 'हमारा स्कूल संस्कारों का घर' का मंचन किया। नाट्य कार्यशाला के निर्देशक डॉ. आज़म खान ने बताया कि थिएटर इन एजुकेशन के माध्यम से तैयार इस नाटक में 15 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। नाटक में स्वच्छता, अनुशासन, अच्छे संस्कार, जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयास जैसे महत्वपूर्ण विषयों को हास्यपूर्ण एवं रोचक संवादों के साथ प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गंदगी से बीमारियां फैलती हैं, जबकि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन का आधार है।

स्थानीय खेल समाचार

भेल भोपाल ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

ध्रुव ने मेन्स सिंगल में श्रेष्ठ को हराकर खिताब पर किया कब्जा

संदीप, प्रियान, विवांशी ने दोहरे खिताब जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल भोपाल ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मेन्स सिंगल का ख़िताब ध्रुव चौहान ने श्रेष्ठ परमार को हराकर जीत लिया। संदीप नियोगी, प्रयान सचान व विवांशी ने दोहरे ख़िताब अपने नाम किए। स्पर्धा बीएचईएल ऑफिसर्स क्लब बरखेड़ा में संपन्न हुई।

बीएचईएल ऑफिसर्स क्लब, भोपाल के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में 180 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि बीएचईएल भोपाल के ईडी पीके उपाध्याय थे। इस अवसर पर बीएचईएल ऑफिसर्स क्लब के अध्यक्ष रूपेश तैलंग (महाप्रबंधक, बीएचईएल) एवं विकास खरे (महाप्रबंधक, बीएचईएल) भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पीके उपाध्याय ने कहा, खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये युवा प्रतिभाओं में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास भी करते हैं। बीएचईएल ऑफिसर्स क्लब का यह प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में बीएचईएल ऑफिसर्स क्लब के बैडमिंटन सचिव आशीष कुमार ने आभार व्यक्त किया।

मप्र के 4 खिलाड़ी इंटरनेशनल सेस्टोबॉल स्पर्धा में हिस्सा लेने दुबई के लिए रवाना

12 से 17 फरवरी तक शारजाह में होगी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के चार खिलाड़ियों को इंटरनेशनल सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली भारतीय सेस्टोबॉल टीम के लिए चुना गया है। यह प्रतियोगिता 12 से 17 फरवरी तक दुबई (शारजाह) में होगी। प्रतियोगिता से पहले, 6 से 11 फरवरी तक हैदराबाद में एक नेशनल ट्रेनिंग कैंप हो रहा है, और राज्य के चुने हुए खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गए हैं। चुने गए खिलाड़ियों में नीलिमा पाटिल और सोहेल खान (सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, रायसेन), वेदांत पटेल (सेज यूनिवर्सिटी, इंदौर), और साहिल सिंह सिसोदिया शामिल हैं। मध्य प्रदेश सेस्टोबॉल एसोसिएशन के सचिव, नौशाद अली ने कहा, यह चयन खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का नतीजा है।

इंटरनेशनल सेस्टोबॉल स्पर्धा के लिए चयनित खिलाड़ी।

राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे

हमें पूरा भरोसा है कि ये खिलाड़ी दुबई में शानदार प्रदर्शन करेंगे और राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। सभी खिलाड़ियों को सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, रायसेन की चेयरपर्सन प्रीति सलूजा, सेज यूनिवर्सिटी, इंदौर के स्पोर्ट्स ऑफिसर आशुतोष, उत्कर्ष मालवीय, करण केवट, फ्रैंकलिन डिसूजा, हरिओम पाटीदार, बृजेश भदौरिया, डिंपल लोधी और खेल विभाग के सदस्यों और सभी खिलाड़ियों के माता-पिता ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और बधाई दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930